जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 20 संख्याः 241 प्रभात जालोर, सोमवार 8 दिसम्बर, 2025 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## गोवा नाइट क्लब में भीषण आग, 25 की मौत

### संकरी गली में स्थित क्लब के 400 मीटर दूर तक ही पहुंच पाई दमकल गाड़ियां

**■ पुलिस के अनुसार सिलेण्डर फटने से आग लगी। कोई भी अग्नि सुरक्षा प्रणाली सक्रिय नहीं हुई। मरने वालों में 4 पर्यटक तथा 14 क्लब के कर्मचारी हैं, 7 मृतकों की पहचान नहीं हो सकी।**

पणजी, 07 दिसंबर। गोवा के उत्तरी इलाके आरपोरा में बने " बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में भीषण आग लगने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 25 हो गई है।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से इसकी पुष्टि की। उन्होंने लिखा, "आरपोरा में हुए दुखद आग हादसे पर मेरी पूरी नज़र है। इस घटना में 25 लोगों की मौत हुई है और 6 लोग घायल हैं। सभी घायल अभी स्थिर हैं और उन्हें बेहतर उपचार दिया जा रहा है। घटना के कारणों की जांच के लिए मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गये हैं।" मरने वालों में 4 पर्यटक और 14 कर्मचारी हैं, 7 की अभी तक तक पहचान नहीं हो सकी।

उल्लेखनीय है कि आग लगने से पहले के क्षणों का एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि कैसे आग की लपटों ने कुछ ही सेकंडों में पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया जिससे क्लब के अंदर मौजूद कलाकारों और कर्मचारियों में भगदड़ मच गयी थी।

वीडियो में छत से आग की लपटें निकलते हुए दिखाई दे रही हैं। इसके तुरंत बाद डांसर और अन्य कर्मचारी मौके से भागते नजर आ रहे हैं। थोड़ी ही देर में धुएं से पूरा स्थान भर गया। वीडियो में कोई भी अग्नि-सुरक्षा प्रणाली सक्रिय होती हुई दिखाई नहीं देती है।

पुलिस ने बताया कि यह आग सिलेंडर फटने से लगी। गोवा पुलिस नियंत्रण कक्ष को रात 12:04 बजे आपातकालीन कॉल मिली, जिसके बाद बचाव दल तुरंत मौके पर भेजे गए। पुलिस महानिदेशक ने पुष्टि की कि आग पर काबू पा लिया गया है और सभी शव घटनास्थल से बरामद कर लिए गए हैं। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि लोग भूतल पर फंस गए थे जिसके कारण अधिकतर लोगों की मौत दम घुटने से हुई।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए क्लब के चार मैनेजरों को गिरफ्तार कर लिया है, जिन पर लापरवाही और गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। क्लब के मालिक सौरभ लूथरा पर भी एफआईआर दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री ने देर रात नाइटक्लब का दौरा किया। उन्होंने बताया कि मरने वालों में अधिकांश लोग रसोई कर्मचारी थे, जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं, जबकि तीन से चार पर्यटक भी मारे गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरुआती जांच में अग्नि सुरक्षा नियमों के अनुपालन में गंभीर खामियां सामने आई हैं। मुख्यमंत्री ने क्लब प्रबंधन और नियमों के उल्लंघन के बावजूद संचालन की अनुमति देने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

गोवा के राज्यपाल अशोक गजपति राजू ने गोवा मेडिकल कॉलेज के दौरे के दौरान संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा, "यह एक बुरी घटना है, घायलों को चिकित्सकीय मदद मिल रही है। हम भगवान से प्रार्थना करते हैं कि वे सभी ठीक हो जाएं।

गोवा के पर्यटन मंत्री रोहन खाउंटे ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, "यहां जो घटना हुई वह बहुत दुखद है। ऐसी सभी जगहों पर सही तरीके से नियमों का पालन होना चाहिए। हम पीड़ितों के परिवारों के साथ खड़े हैं।

एक ग्राम अधिकारी ने दावा किया कि निर्माण अनधिकृत था, लेकिन क्लब को ढ हाए जाने के नोटिस पर एक उच्च प्राधिकारी ने रोक लगा दी थी। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का संकल्प व्यक्त किया है जिन्होंने सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन के बावजूद इसे संचालित करने की अनुमति दी थी।

नाइट क्लब संकरी गलियों में स्थित होने के कारण दमकल गाड़ियों के लिए क्लब तक पहुंचना संभव नहीं था इसलिए टैंकरों को घटनास्थल से लगभग 400 मीटर दूर खड़ा करना पड़ा। अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि संकरी गलियों के कारण घटनास्थल तक पहुंचना मुश्किल हो गया जिससे आग पर काबू पाना एक चुनौतीपूर्ण काम बन गया।

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने दुख जताया

नयी दिल्ली, 07 दिसबंर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोवा के अरपोरा में हुए भयावह अग्निकांड पर रविवार को गहरा दुख और शोक प्रकट किया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया पर लिखा, "उत्तरी गोवा ज़िले में आग लगने की दुखद घटना से बहुत दुख हुआ। इसमें कई कीमती जानें चली गईं। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। भगवान उन्हें इस मुश्किल समय में हिम्मत दे। मैं घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करती हूं।"

प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस दुर्घटना में हुई मौतों पर दुख जताते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, "गोवा के अरपोरा में आग लगने की घटना बहुत दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। घायल जल्द से जल्द ठीक हों। स्थिति के बारे में गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत जी से बात की। राज्य सरकार प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता दे रही है।"

**■ गोवा अग्निकांड में मरने वालों के परिजनों को प्रधानमंत्री ने 2 लाख रु. की अनुग्रह राशि की घोषणा की।**

प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।"

## 'पाकिस्तान एलओसी पर फिर आतंकवादियों की घुसपैठ कराने की तैयारी में'

### बीएसएफ ने कहा कि पाकिस्तान कोई गलत कदम उठायेगा तो ऑपरेशन सिंदूर का दूसरा चरण शुरु हो जायेगा

**■ बीएसएफ के अनुसार, पाकिस्तान ने 69 लाँच पैड सेना की फायरिंग रेंज से बाहर बनाये हैं और उन पर 120 आतंकवादी मौजूद हैं। सेना लाँच पैडों पर कड़ी नज़र रख रही है।**

श्रीनगर, 7 दिसंबर। पाकिस्तान ने एलओसी पर एक बार फिर आतंकियों के लिए लॉन्च पैड बना लिया है। बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर के आईजी अशोक यादव के अनुसार एलओसी पर 69 लॉन्च पैड पर करीब 120 आतंकवादी मौजूद हैं, जिन पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए बताया कि अगर पाकिस्तान ने कोई गलत कदम उठाया तो ऑपरेशन सिंदूर का अगला चरण बिना किसी हिचकिचाहट के शुरू कर दिया जाएगा।

बीएसएफ की एनुअल ब्रीफिंग में आईजी अशोक यादव ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इंडियन एयर फोर्स और तोपखाने की स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने कई लॉन्च पैड को अपने बॉर्डर में और अंदर खिसका दिया है। पाकिस्तान ने यह कदम आतंकियों के लॉन्च पैड को भारतीय सेना और बीएसएफ की फायरिंग रेंज से बाहर रखने के लिए उठाया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारी नुकसान पहुंचाया गया था। उन्होंने बताया कि लॉन्च पैड को खिसकाने के बावजूद सेना उन पर नजर रख रही है।

आईजी अशोक यादव ने बताया कि अब घुसपैठ के प्रयासों में काफी कमी आई है। इस साल कश्मीर फ्रंटियर में 13 आतंकियों ने घुसपैठ की चार कोशिशें कीं। सेना ने आठ को मार गिराया, पांच भाग गए। उन्होंने बताया कि घुसपैठ का पैटर्न एक जैसा है, मगर हाल के दिनों में आतंकियों ने नए रूट से भी कोशिश की है। इनपुट के आधार पर सेना और बीएसएफ उन पर नजर रख रही है।

कश्मीर घाटी में बीएसएफ की 13 कंपनियां सेना और पुलिस के साथ मिलकर काम कर रही हैं। आईजी ने आतंकवादियों की गुपचुप भर्ती पर चिंता जताई, जो कट्टरपंथियों के सेंटर के तौर पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आंतरिक इलाकों के लिए जिम्मेदार एजेंसियों को अलर्ट भेजा जाता है और सुरक्षा बलों के बीच पूरी तालमेल है। उन्होंने बताया कि पहलगाम हमले के बाद सैलानियों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए गुलमर्ग क्षेत्र में विशेष बीएसएफ टीमों को तैनात किया गया था। उन्होंने बताया कठिन इलाके, बर्फ से ढ के रास्ते, पाकिस्तानी बॉर्डर एक्शन टीम जैसी चुनौतियों के बावजूद बीएसएफ मुस्तैदी से ड्यूटी निभा रही है।

## अब हैदराबाद में बाबरी मस्जिद स्मारक बनाने की घोषणा

### तहरीक मुस्लिम शब्बन के अध्यक्ष के अनुसार एक नियमित सार्वजनिक बैठक में यह निर्णय लिया गया

**■ अध्यक्ष ने कहा कि बाबर के नाम से किसी को परेशान नहीं होना चाहिये। इसका कोई सबूत नहीं है कि बाबर की ओर से मस्जिद के निर्माण के लिये कोई राजस्व आया हो।**

हैदराबाद, 7 दिसंबर। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शनिवार को नई बाबरी मस्जिद की नींव रखी गई, जिसके बाद पूरे देश में ये मुद्दा गर्मा गया है।

अब तहरीक मुस्लिम शब्बन के अध्यक्ष मुश्ताक मलिक ने कहा कि बाबरी मस्जिद के लिए एक स्मारक ग्रेटर हैदराबाद में कल्याणकारी संस्थानों के साथ स्थापित किया जाएगा। मलिक ने कहा कि हैदराबाद में एक नियमित सार्वजनिक बैठक के साथ बाबरी मस्जिद के विध्वंस की वर्षगांठ मनाई गई। इस दौरान ही यह निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा, बाबरी मस्जिद विध्वंस की 33वीं बरसी के चलते हैदराबाद स्थित मस्जिद में एक नियमित सार्वजनिक बैठक आयोजित की गई थी। उस बैठक में हमने तय किया कि तेलंगाना राज्य के ग्रेटर हैदराबाद में बाबरी मस्जिद के लिए एक स्मारक बनाया जाएगा। इसके अंतर्गत कुछ कल्याणकारी संस्थान भी बनाए जाएंगे। हम जल्द ही घोषणा करेंगे कि इसका निर्माण कैसे और कितने समय के लिए होगा।

मलिक ने आगे कहा कि बाबर के नाम से किसी को भी परेशान नहीं होना चाहिए, उन्होंने दावा किया कि यह मुद्दा राजनीतिक प्रचार है। उन्होंने कहा, इस बात का कोई सबूत नहीं है कि अयोध्या में बाबरी मस्जिद के निर्माण के लिए बाबर की तरफ से कोई राजस्व आया था। यह संभव है कि किसी स्थानीय व्यक्ति का नाम बाबर रखा गया हो, लेकिन भाजपा और आरएसएस बाबर को मुद्दा बनाना चाहते हैं। बाबर का शासनकाल बहुत छोटा था।

मलिक ने यह भी आरोप लगाया कि इस मुद्दे का इस्तेमाल समुदायों को बांटने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह देश को बांटने के लिए राजनीतिक दुष्प्रचार है। इससे हिंदुओं, मुसलमानों, सिखों, ईसाइयों और दलितों के बीच जो भाईचारा था, वह बिखर गया है और नफरत के बीज बोए गए हैं।

## बालाघाट में 77 लाख के इनामी नक्सली ने समर्पण किया

भोपाल, 7 दिसंबर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में नक्सलवाद को खत्म करने की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष बालाघाट में रविवार को 10 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया, जिनमें 4 महिला नक्सली भी शामिल हैं।

**■ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के सामने 10 नक्सलियों ने अपने हथियार डाले।**

मुख्यमंत्री ने उन्हें संविधान की प्रति प्रदान कर मुख्यधारा से जोड़ा। आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों ने अपने हथियार मुख्यमंत्री को सौंपे। इन नक्सलियों के ऊपर 2.36 करोड़ रुपए का इनाम घोषित था। इसमें केबी डिवीजन के एसीएम कबीर के खिलाफ 77 लाख रूपये का ईनाम घोषित था। सभी नक्सलियों पर महाराष्ट्र छत्तीसगढ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'जब तक दो बड़ी एयरलाइन्स का दबदबा है, किराये पर नियंत्रण जारी रहना चाहिये'

### वित्त मंत्री चिदम्बरम ने सरकार के हवाई किराये पर नियंत्रण के फैसले का स्वागत किया

**■ वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदम्बरम ने इंडिगो में आई समस्या को केवल कंपनी की गलती नहीं बल्कि सरकार व डीजीसीए की विफलता बताया।**

नई दिल्ली, 7 दिसंबर। इंडिगो उड़ानों में हाल ही में हुई बड़ी अव्यवस्था और टिकटों की बढ़ ी कीमतों के बाद सरकार ने हवाई किराए पर नियंत्रण लगाने का फैसला किया है। इस कदम का स्वागत करते हुए कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कहा कि जब तक एयरलाइन सेक्टर में केवल दो बड़ी कंपनियों का दबदबा है, तब तक किराए पर नियंत्रण जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इंडिगो की उड़ानों में आई गड़बड़ी की वजह से देशभर में सैकड़ों उड़ानें रद्द हुईं और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

चिदंबरम ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- मैं खुश हूं कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने आखिरकार दखल दिया और इकॉनमी क्लास किराए पर नियंत्रण लगाया है। जब तक एयरलाइन बाजार में मजबूत प्रतिस्पर्धा नहीं होती, तब तक किराए पर नियंत्रण रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर बाजार में केवल दो बड़ी कंपनियां हों तो उपभोक्ताओं को बचाने का एकमात्र तरीका कीमतों पर नियंत्रण है, क्योंकि हवाई यात्रा करने वाले अधिकांश लोग महंगी टिकटें वहन नहीं कर सकते।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने इंडिगो में आई समस्या को केवल कंपनी की गलती नहीं बल्कि सरकार और डीजीसीए की भी विफलता बताया। उन्होंने कहा कि नए पायलट ड्यूटी टाइम नियम जनवरी 2024 में लागू किए गए थे, लेकिन पिछले 23 महीनों में सरकार एयरलाइन को इन नियमों के अनुसार ढ ालने में नाकाम रही। उनके मुताबिक, संकट बढ़ ता गया और सरकार कुछ नहीं कर सकी। आखिरकार उसे पीछे हटना पड़ा। सरकार ने शुक्रवार को नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम (एफडीटीएल) नियमों को फिलहाल रोक दिया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नासिक में इनोवा खाई में गिरने से पांच की मौत

नासिक, 7 दिसंबर। महाराष्ट्र के नासिक में एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां एक इनोवा कार खाई में गिर गई, जिससे 5 लोगों की मौत हो गई है। कार सवार लोग सप्तशृंगी देवी के दर्शन करके वापस लौट रहे थे, इसी दौरान उनकी कार हादसे का शिकार हो गई।

**■ कार सवार सप्तशृंगी देवी के दर्शन करके लौट रहे थे, जब कार बेकाबू होकर बैरिकेड तोड़ते हुए खाई में गिर गई।**

हादसा गणपति प्वाइंट के पास हुआ। कार सवार श्रद्धालु सप्तशृंगी देवी के दर्शन करके वापस लौट रहे थे। इसी दौरान घाट एरिया में गणेश प्वाइंट के पास कार का नियंत्रण छूटा और कार सुरक्षा बैरिकेड तोड़कर खाई में जा गिरी।

इस हादसे में कार में सवार 5 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। स्थानीय नागरिकों और आपदा प्रबंधन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सुप्रीम कोर्ट में वांगचुक मामले की सुनवाई सोमवार को

नई दिल्ली, 7 दिसंबर। जेल में बंद पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो की याचिका पर यह सुनवाई होगी, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत वांगचुक की हिरासत को चुनौती दी गई है और इसे गैर-कानूनी और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया गया है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एन वी अंजारिया की पीठ इस मामले की सुनवाई कर सकती है।

**■ पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को उनकी पत्नी गीतांजलि ने मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताकर चुनौती दी है।**

इससे पहले 29 अक्टूबर को, सुप्रीम कोर्ट ने अंगमो की संशोधित याचिका पर केंद्र और लद्दाख प्रशासन से जवाब मांगा था। हालांकि केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अंगमो द्वारा दायर याचिका पर जवाब देने के लिए कुछ समय मांगा था। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 24 नवंबर को इस मामले पर सुनवाई को टाल दिया था। सोनम वांगचुक की पत्नी की याचिका में कहा गया है, सोनम वांगचुक को पुरानी एफआईआर, अस्पष्ट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## क्रीमी लेयर पर मेरे विचारों की मेरे समुदाय ने आलोचना की थी- गवई

### पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने मुंबई युनिवर्सिटी में अफर्मेटिव एक्शन की भूमिका पर अपने विचार रखे

**■ उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर मानते थे कि अफर्मेटिव एक्शन ऐसा है, जैसा किसी पीछे छूटते व्यक्ति को साइकिल देना। ऐसे व्यक्ति को कभी साइकिल नहीं छोड़नी चाहिये, यह अम्बेडकर कभी नहीं चाहते थे।**

मुंबई, 7 दिसंबर। देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने कहा है कि अनुसूचित जाति में क्रीमी लेयर सिद्धांत लागू करने का समर्थन करने पर उनके ही समुदाय के लोगों ने उनकी आलोचना की। जस्टिस गवई ने कहा डॉ. आंबेडकर मानते थे कि सकारात्मक कार्रवाई (अफर्मेटिव एक्शन) ऐसा है, जैसे किसी पीछे छूटते व्यक्ति को साइकिल देना। गवई ने कहा कि ऐसे व्यक्ति को फिर कभी साइकिल नहीं छोड़नी चाहिए, तो मुझे नहीं लगता कि आंबेडकर ऐसा चाहते।

जस्टिस गवई हाल ही में मुख्य न्यायाधीश के पद से रिटायर हुए हैं। जस्टिस गवई शनिवार को मुंबई यूनिवर्सिटी में, समान अवसर को बढ़ावा देने में अफर्मेटिव एक्शन की भूमिका पर भाषण दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने डॉ. आंबेडकर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आंबेडकर न केवल भारतीय संविधान बल्कि उसमें शामिल अफर्मेटिव एक्शन के भी आर्किटेक्ट थे।

उन्होंने कहा, बाबासाहेब का मानना था कि जहां तक अफर्मेटिव एक्शन की बात है, यह उन लोगों को साइकिल देने जैसा है जो पीछे रह गए हैं....मान लीजिए कोई दसवें किलोमीटर पर है और कोई जीरो किलोमीटर पर है, तो उसे (बाद वाले को) साइकिल दी जानी चाहिए, ताकि वह दसवें किलोमीटर तक तेजी से पहुंच सके। वहां से, वह पहले से मौजूद व्यक्ति के बराबर आ सकता है और वहां से दोनों साथ चल सकते हैं। क्या उन्होंने (अंबेडकर ने) सोचा नहीं होगा कि अब इन व्यक्तियों को साइकिल छोड़कर आगे बढ़ ना चाहिए ताकि जीरो किलोमीटर पर मौजूद अन्य लोग भी आगे आ सकें? पूर्व जस्टिस ने कहा, मेरे हिसाब से, बाबासाहेब आंबेडकर असल में सामाजिक और आर्थिक न्याय लाना चाहते थे, न कि औपचारिक तौर पर। गवई ने कहा कि इंदिरा साहनी और अन्य बनाम यूनियन ऑफ इंडिया केस में क्रीमी लेयर का सिद्धांत बताया गया था, और एक दूसरे केस में, उन्होंने खुद कहा था कि क्रीमी लेयर सिद्धांत को अनुसूचित जातियों पर भी लागू किया जाना चाहिए। इस सिद्धांत के मुताबिक, जो लोग आर्थिक और सामाजिक रूप से काफी आगे हैं, उन्हें अफरमेटिव एक्शन का फायदा नहीं मिलना चाहिए, भले ही वे उस पिछड़े समुदाय के सदस्य हों जिसके लिए यह बनाया गया है।

गवई ने कहा कि इस फैसले के लिए उनके अपने समुदाय के लोगों ने ही उनकी बहुत आलोचना की। उन्होंने कहा कि उन पर खुद आरक्षण का फायदा उठाकर सुप्रीम कोर्ट का जज बनने और फिर क्रीमी लेयर में आने वालों को बाहर करने की वकालत करने का आरोप लगाया गया। लेकिन इन लोगों को यह भी नहीं पता कि हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के जज के संवैधानिक पद के लिए कोई रिजर्वेशन नहीं है।

उन्होंने पूछा कि क्या भारत के मुख्य न्यायाधीश या मुख्य सचिव के बेटे और ग्राम पंचायत स्कूल में पढ़े मजदूर के बेटे पर एक ही पैमाना लागू करने से संविधान में दी गई बराबरी की कसौटी पूरी हो सकती है?

## रुस ने यूक्रेन की रोवनोये बस्ती पर कब्जा किया

मॉस्को, 07 दिसंबर। रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसके त्सेन्ट्र बैटलग्रुप ने यूक्रेन की रोवनोये बस्ती पर कब्जा कर लिया है। यह समूह दिमित्रोव में यूक्रेनी सैनिकों के खिलाफ जोरदार कार्रवाई कर रहा है और डोनेट्स्क पीपल्स रिपब्लिक में ग्रिशिनो क्षेत्र को सैनिकों से मुक्त करा रहा है।

मंत्रालय ने कहा कि त्सेन्ट्र बैटलग्रुप की इकाइयों ने डोनेट्स्क पीपल्स रिपब्लिक की रोवनोये बस्ती को आजाद कराने का काम पूरा कर लिया है। रूसी सेना ने इस क्षेत्र के एक और गांव को घेर लिया है। बैटलग्रुप ने दावा किया है कि शनिवार को विभिन्न मोर्चों पर उसके अभियान में 480 यूक्रेनी सैन्यकर्मी मारे गये हैं।

**■ रुसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि इस अभियान में 480 यूक्रेनी सैनिक मारे गये।**

गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है, जबकि युद्ध खत्म करने के लिए शांति वार्ता तेज हो गई है, जिसमें मायामी में यूक्रेन-अमेरिका के बीच विस्तृत बातचीत भी शामिल है।

समाचार एजेंसी ने कहा कि रूसी सशस्त्र बलों ने रातभर यूक्रेनी सेना से जुड़े ऊर्जा और परिवहन सुविधाओं पर हमले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

ख्याति वह प्यास है जो कभी नहीं बुझती। अगस्त्य ऋषि की तरह वह सागर को पीकर भी शांत नहीं होती। –प्रेमचंद

# सोशल मीडिया: वरदान भी, अभिशाप भी!

वर्तमान समय सोशल मीडिया के प्रभुत्व का समय है। यह बहुत पुरानी बात नहीं है जब मीडिया के नाम पर केवल समाचार पत्र, फिर रेडियो और उसके बाद सरकारी टेलीविज़न हमें उपलब्ध थे। बाद में टेलीविज़न के निजी चैनल भी आए। लेकिन इन सब पर किसी न किसी तरह का नियंत्रण होता था। अखबार में वही छपता था जो संपादक चाहता था और इसी तरह अन्य दृश्य श्रव्य माध्यमों में भी सामग्री पर्याप्त छानबीन के बाद ही प्रसारित हो पाती थी। लेकिन पिछले दशक तक आते–आते यह परिदृश्य बदल गया। दुनिया में और भारत में भी इंटरनेट के प्रसार और स्मार्ट फोन की व्यापक पहुंच के कारण फ़ेसबुक, एक्स (पुराना नाम – ट्विटर), इंस्टाग्राम, यू ट्यूब, ब्ल्यूस्काय, थ्रेड्स, और वॉट्सएप जैसे अनेक प्लेटफॉर्म्स हम सबकी पहुंच में आ गए और करोड़ों लोगों के लिए यह संभव हो गया कि वे औरों तक अपनी बात, बिना किसी अवरोध और नियंत्रण के पहुंचा सकते हैं। और जब बात पहुंचाना संभव हुआ तो स्वभावतः वह बात जनमत को प्रभावित भी करने लगी। याद करें, पहले यह सुविधा केवल सांस्थानिक माध्यमों जैसे अख़बार, रेडियो, टेलीविज़न आदि को ही सुलभ थी, अब हम में से हरेक व्यक्तिगत रूप से ऐसा करने की सामर्थ्य पा गया।

इस बदलाव ने जो सबसे बड़ा काम किया वह है सूचना का लोकतंत्रीकरण। कल तक जो काम केवल पत्रकार और विशेषज्ञ ही कर पा रहे थे अब वह काम आम लोग भी करने लग गए। दूसरा काम यह हुआ कि सूचनाओं का तुरंत प्रसार होने लगा। पहले चौबीस घण्टे में एक बार अखबार आता था या निर्धारित समय पर रेडियो अथवा टेलीविज़न समाचार प्रसारित करते थे। अब यह काम सातों दिन और चौबीसों घण्टे होने लगा। इधर कोई घटना घटित होती है और तुरंत वह सोशल मीडिया मंचों पर फैल जाती है। तीसरी बड़ी बात यह हुई कि पहले जो संवाद लगभग एक तरफा था अब वह बहुपक्षीय हो गया। किसी भी बात पर हममें से कोई भी प्रतिक्रिया दे सकता है, सवाल पूछ सकता है, खंडन या समर्थन कर सकता है। इन तीनों बातों की वजह से सोशल मीडिया माध्यमों ने जनमत निर्माण की प्रक्रिया को सहज, सरल और जीवंत बना दिया है।

इन सब बातों का मिला–जुला असर यह हुआ कि हमारा लोकतंत्र अधिक सहभागी बन गया। सांस्थानिक संचार माध्यमों पर भले ही सरकारें थोड़ा या बहुत नियंत्रण कर लें, सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म्स पर वे चाहकर भी बहुत ज़्यादा नियंत्रण नहीं कर पा रही हैं। इसलिए इन प्लेटफॉर्म्स पर लोग बहुत खुलकर अपनी बात कहते हैं। यह खुलापन लोकतंत्र को सुदृढ़ करता है, भले ही सत्ता को यह नागवार गुज़रे। पारंपरिक सांस्थानिक मीडिया की अपनी सीमाएं होती हैं और उसके अपने स्वार्थ भी बहुत सारी बातों के प्रकटीकरण में बाधक बनते हैं। वे सब बातें सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आ पाती हैं। अब यही देखें कि अगर कोई व्यवसाय अख़बारों को भारी विज्ञापन देता है तो वे अखबार उस उत्पादक के बारे में कुछ भी प्रतिकूल प्रकाशित करने से बचते हैं। इसी तरह बहुत सारी सरकारें अपने विरुद्ध कुछ भी सुनने को तैयार नहीं होती हैं और अपने विरुद्ध उठने वाली आवाज़ों को दबाने के लिए विज्ञापन रोकने जैसे मुलायम या अन्य कर्कश तौर तरीकों का बेझिझक इस्तेमाल करती हैं। इसकी परिणति यह होती है कि बहुत सारी चीज़ें बाहर आ ही नहीं पाती हैं। उन दबी कुचली छिपी चीज़ों को सोशल मीडिया बहुत सहजता से सामने ले आता है। यह सब करते हुए सोशल मीडिया सशक्त विपक्षी की भूमिका तो निबाहता ही है, वह संस्थाओं और सत्ता की निरंकुशता पर भी कुछ नियंत्रण रख पाता है। सोशल मीडिया की एक और बड़ी भूमिका संकट काल के समय सामने आती है। कोविड महामारी की विभीषिका को हम अभी तक भूले नहीं हैं। उस विकट समय में सोशल मीडिया ने ऑक्सीजन, दवाइयों, अस्पताल सुविधाओं और भोजन की उपलब्धता विषयक जानकारियों का प्रसार कर अपनी सार्थकता मनवाई थी। अब भी समय–समय पर यथावश्यकता वह ऐसा करता है।

> **सोशल मीडिया एल्गोरिद्म आधारित है इसके कारण यह आपको वैसी सामग्री दिखाता है जैसी आप बार-बार देखते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि आप केवल वही देखते-सुनते हैं जो आपकी पसंद का है। उससे भिन्न चरित्र वाली सामग्री आप तक पहुंच ही नहीं पाती है। कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया आपको एक ईकोचेम्बर में ले जाता है जहां आप केवल और केवल अपनी अनुगूंज सुनते हैं। यह बहुत नुकसानदेह है।**

लेकिन इस सब से यह न मान लिया जाए कि सोशल मीडिया का केवल उजला पक्ष ही है। इसके अपने ख़तरे भी कम नहीं हैं। एक तो क्योंकि यहां किसी भी तरह का कोई नियंत्रण नहीं है इसलिए मिथ्या, त्रुटिपूर्ण या द्वेषपूर्ण समाचारों और सूचनाओं के प्रसार का खतरा हमेशा बना रहता है। बहुत बार लोग सबसे पहलेके चक्कर में ऐसी सूचनाएं भी यहां पोस्ट कर देते हैं जो बाद में मिथ्या साबित होती हैं। दुर्भावनावश भी बहुत कुछ अनुचित यहां प्रकट होता रहता है। चुनाव, सांप्रदायिक तनाव आदि के समय प्रायः यह देखने को मिलता है कि निहित स्वार्थी तत्व इन प्लेटफॉर्म्स का अनुचित उपयोग कर लेते हैं। ख़ुद सरकार भी इस बात से भली–भांति परिचित है अतः संकट की ज़रा–सी आहट होते ही वह पहला काम इंटरनेट सेवाओं को बंद करने का करती है। लेकिन ऐसा करके वह जहां एक समस्या को नियंत्रित करती है, अन्य अनेक समस्याओं को पैदा भी कर देती है। आज का समय ऐसा है जहां न जाने कितने ज़रूरी कामों के लिए इंटरनेट की ज़रूरत होती है। उसे बंद करके वे सारे ज़रूरी काम रोक दिये जाते हैं जिसकी वजह से जन समस्याओं में वृद्धि होती है।

इसी क्रम में डीप फेक और तकनीकी छल की भी बात कर ली जानी चाहिए। तकनीक ने ऐसी बहुत सारी सुविधाएं भी दे दी हैं जिनका दुरुपयोग करके मनचाहे परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। अब किसी का भी नकली वीडियो तैयार कर जनमत को भड़काया जाना या उस व्यक्ति विशेष की छवि को धूमिल करना सम्भव हो गया है। आप किसी के चेहरे की, उसके हाव भाव की, उसकी आवाज़ की हूबहू नकल करके वह सब कहला सकते हैं जो असल में वह कभी भी न कहेगा या कहेगी। ऐसा आए दिन होता रहता है।

सोशल मीडिया क्योंकि लगभग नियंत्रण विहीन है इसलिए लोग अपशब्दों के लिए, अपने प्रतिपक्षियों को डराने–धमकाने के लिए और उनकी आवाज़ को दबाने के लिए भी इसका उपयोग करने लगे हैं। बहुत सारे राजनीतिक दलों ने तो बाकायदा ट्रोल आर्मी इस काम के लिए रख रखी है। आप उनके खिलाफ कुछ कहें, वे सारी मर्यादाओं को ताक पर रखकर आप पर पिल पड़ेंगे। इनके शिकार महिलाएं और अल्प संख्यक अधिक होते हैं। कल जो काम लठैत करते थे वही काम अब ट्रोल करने लगे हैं। इस प्रवृत्ति के चलते लोकतांत्रिक संवाद और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को गहरा आघात पहुंच रहा है।


यहीं एक तकनीकी बात की तरफ भी ध्यान आकर्षित कर लेना ज़रूरी है। सोशल मीडिया एल्गोरिद्म आधारित है इसके कारण यह आपको वैसी सामग्री दिखाता है जैसी आप बार–बार देखते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि आप केवल वही देखते–सुनते हैं जो आपकी पसंद का है। उससे भिन्न चरित्र वाली सामग्री आप तक पहुंच ही नहीं पाती है। कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया आपको एक ईकोचेम्बर में ले जाता है जहां आप केवल और केवल अपनी अनुगूंज सुनते हैं। यह बहुत नुकसानदेह है। भिन्न मत को आप जान ही नहीं पाते हैं और धीरे–धीरे आप इस ग़लतफहमी के शिकार होने लगते हैं कि सारी दुनिया एक ही दिशा में सोच रही है। और जब हम बात तकनीक की कर रहे हैं तो यह भी कहते चलें कि सोशल मीडिया पर हमारी जो बहुत सारी निजी जानकारियां होती हैं उनके दुरुपयोग की आशंकाएं भी कम नहीं हैं।

आप चाहे इसके पक्ष में हों या विपक्ष में, यह मानना पड़ेगा कि आज हमारे जीवन, सोच, विचार और राजनीति पर सोशल मीडिया का बहुत प्रभाव है और यह प्रभाव दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। इस प्रभाव में काफी कुछ सकारात्मक है तो उतना ही नकारात्मक और नुकसानदायक भी है। हम देखते हैं कि हमारी राजनीति तो अब लगभग सोशल मीडिया पर ही केंद्रित होती जा रही है। जिन दलों के पास साधन हैं वे इसका भरपूर उपयोग कर रहे हैं और उन्हें इसका लाभ भी मिल रहा है। वे न केवल अपने प्रचार अभियान यहां चलाते हैं, अपने नैरेटिव भी वे सेट करने लगे हैं। और केवल राजनीतिक दल ही क्यों, हम नागरिक भी इन माध्यमों की वजह से अधिक राजनीतिक हुए हैं। हम भी अपनी बात कहने लगे हैं। हां, हममें से बहुतों के अविवेक की वजह से यही सोशल मीडिया कटुता का प्रसारक भी बना है। दोस्तियां और रिश्ते आहत हुए हैं।

इस बात को समझा जाना ज़रूरी है कि कोई माध्यम न पूरी तरह अच्छा होता है और न पूरी तरह बुरा। सब कुछ उसे बरतने वाले पर निर्भर करता है। आप चाकू से सब्ज़ी भी काट सकते हैं और किसी को घायल भी कर सकते हैं। जो विवेकवान हैं वे सोशल मीडिया का सही उपयोग करते हैं और जो वैसे नहीं हैं वे या तो उसका दुरुपयोग करते हैं और या फिर उसी के जाल में कैद होकर रह जाते हैं। वे अपने स्तर पर तथ्यों की पड़ताल करने की बजाय जो उन्हें परोसा जाता है उसी को अंतिम सत्य मानकर तदनुसार अपनी प्रतिक्रिया देते और बर्ताव करते हैं। ऐसे भोले लोगों को विवेक सम्पन्न बनाना हमारे समय की बड़ी चुनौती है।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# राजभवन से लोकभवन : नाम बदला, अब लोकतांत्रिक व्यवहार की बारी



**डॉ. कैलाश चन्द सैनी**

विलियम शेक्सपियर का प्रसिद्ध कथन 'नाम में क्या रखा है?' साहित्य की दृष्टि से भले ही एक भावनात्मक प्रश्न हो, लेकिन लोकतंत्र और शासन के संदर्भ में नाम का अर्थ बहुत गहरा होता है। नाम केवल पहचान ही नहीं, सोच की दिशा, सत्ता का चरित्र और संस्थागत मंतव्य भी स्पष्ट करता है। जब किसी संस्था का नाम बदला जाता है, तो उससे जुड़े उद्देश्य, अपेक्षाएँ और जवाबदेही भी नए सिरे से परिभाषित होती हैं।

हाल ही में राजस्थान के राजभवन का नाम बदलकर लोकभवन किया गया है।

'राजभवन' का 'लोकभवन' में रूपांतरण केवल शब्दों का बदलाव नहीं, बल्कि यह घोषणा है कि सत्ता के केंद्र में अब 'राज' नहीं, 'लोक' रहेगा। इस परिवर्तन की असली कसौटी यही है कि क्या यह परिवर्तन केवल नाम तक सीमित रहेगा या फिर लोकभवन अपने कार्य–व्यवहार से भी 'लोक' का विश्वास अर्जित करेगा। यह महज़ एक नाम–परिवर्तन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की ओर लौटने और संवैधानिक संस्थाओं को अधिक जन–केंद्रित स्वरूप देने का प्रतीकात्मक प्रयास है। 'राज' से 'लोक' की ओर यह यात्रा उस अवधारणा को रेखांकित करती है, जिसमें सत्ता का वास्तविक केंद्र शासक नहीं, बल्कि नागरिक होते हैं। ब्रिटिश राज के दौरान राज्यों में पदस्थापित गवर्नर के आवास को 'गवर्नर हाउस' के नाम से जाना जाता था। कहा जाता है कि आज़ादी के बाद पहले गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी ने इन आवासों को 'राजभवन' नाम दिया था। राजभवन शब्द भारतीय जनमानस में लंबे समय तक औपनिवेशिक शासन, रियासती परंपराओं, सामंती सोच और प्रशासनिक दूरी की स्मृतियों से जुड़ा रहा है। ऐसे में इस बदलाव को लोकतंत्र की मूल भावना – जन–भागीदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के अनुरूप माना जा सकता है। किंतु यह भी निर्विवाद रूप से सत्य है कि किसी संस्था का नाम बदल जाने मात्र से उसका चरित्र, सोच और कार्यशैली परिवर्तित नहीं हो जाती। यदि लोकभवन के भीतर वही पुरानी मानसिकता, दूरी, औपचारिकता और प्रशासनिक जड़ता बनी रही तो यह परिवर्तन केवल अभिलेखों, साइनबोर्डों और पत्र–व्यवहार तक सीमित होकर रह जाएगा। यह निर्णय एक राष्ट्रीय पहल के तहत लिया गया है। नई दिल्ली में 2–3 अगस्त 2024 को हुए राज्यपालों के सम्मेलन में गठित उप–समिति ने यह महत्वपूर्ण सिफारिश की थी कि देश के समस्त राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में राजभवन और राजनिवास जैसे औपनिवेशिक प्रतीकात्मक नामों को परिवर्तित कर 'लोकभवन' या 'लोक निवास' जैसे जनोन्मुखी नाम दिए जाएँ। इसके बाद 25 नवम्बर 2025 को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को आधिकारिक दिशा–निर्देश जारी किए। पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, कर्नाटक, असम, त्रिपुरा, मिजोरम, नागालैण्ड, छत्तीसगढ, उत्तराखंड, झारखण्ड, केरल और जम्मू–कश्मीर आदि राज्यों ने इस सिफारिश को लागू भी कर दिया। राजस्थान में भी यह परिवर्तन 1 दिसंबर 2025 से औपचारिक रूप से प्रभावी हो गया है। अब राज्यपाल सचिवालय से जुडे सभी आधिकारिक पत्राचार, वेबसाइटों, सरकारी पट्टिकाओं और दस्तावेज़ों में 'लोकभवन' नाम अंकित किया जा रहा है। यह बदलाव निस्संदेह प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण है, लेकिन लोकतांत्रिक ढाँचे में इसे तभी वास्तविक परिवर्तन माना जाएगा, जब यह नया नाम प्रशासनिक व्यवहार, कार्य–संस्कृति और नागरिक संवाद की प्रकृति में भी परिलक्षित होगा। राजस्थान पहले भी ऐसे प्रतीकात्मक सुधारों का साक्षी रहा है। 26 अगस्त 2014 को 'महामहिम राज्यपाल' संबोधन को बदलकर 'माननीय राज्यपाल' के रूप में प्रयुक्त किया गया। यह निर्णय तत्कालीन राज्यपाल श्री कल्याण सिंह की पहल पर हुआ और इसने औपनिवेशिक मानसिकता के एक और अवशेष को समाप्त किया गया। इससे पहले भी राज्य के राज्यपाल श्री निर्मल चंद जैन, श्री अंशुमान सिंह, श्री मदनलाल खुराना तथा श्री कलराज मिश्र ने अपने–अपने कार्यकाल में राजभवन को अधिक लोकतांत्रिक, संवादपरक और जन–सुलभ बनाने की दिशा में अनेक प्रयास किए। किसी ने शाही प्रतीकों को हटवाया, किसी ने जन–सुनवाई को बढ़ावा दिया, तो किसी ने सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए भवन को सुलभ बनाया। ये उदाहरण स्पष्ट संकेत हैं कि लोकतंत्र का वास्तविक विस्तार केवल नाम और प्रतीकों से नहीं, बल्कि व्यवहारगत बदलावों से होता है। राजस्थान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को देखते हुए 'लोकभवन' नाम का महत्व और भी बढ़ जाता है। सदियों तक यहाँ का समाज रियासतों, राजघरानों और सामंती परंपराओं से प्रभावित रहा है। 'राजभवन' शब्द अपने आप में प्रभुत्व, सत्ता और प्रशासनिक दूरी का भाव अभिव्यक्त करता रहा है। इसके विपरीत 'लोकभवन' समानता–आधारित संवैधानिक व्यवस्था का संकेत देता है, जहाँ नागरिक केंद्र में होते हैं। यह अपेक्षा केवल नाम के आधार पर पूरी नहीं हो सकती। जब तक भवन का वातावरण, उसकी नीतियाँ, प्रक्रियाएँ और जनता से संवाद की शैली लोकतांत्रिक संवेदनशीलता से युक्त नहीं होंगी, तब तक 'लोकभवन' का वास्तविक अर्थ अधूरा ही रहेगा। सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या केवल नाम बदल जाने से राजभवन की कार्यप्रणाली स्वतः बदल जाएगी? अनुभव यही बताता है कि व्यवहार, मानसिकता और प्रशासनिक संस्कृति का परिवर्तन किसी आदेश या अधिसूचना से नहीं होता। इसके लिए निरंतर प्रयास, संस्थागत प्रतिबद्धता और नेतृत्व की स्पष्ट इच्छा–शक्ति



चाहिए। लोकभवन का वास्तविक स्वरूप तब उभरेगा, जब राज्यपाल सचिवालय की कार्यशैली अधिक खुली, संवेदनशील और उत्तरदायी बनेगी; जब आम नागरिक की पहुँच वहाँ सहज होगी; जब प्रोटोकॉल की कठोरता संवाद में बाधा नहीं बनेगी; और जब यह भवन केवल औपचारिक कार्यक्रमों का नहीं, बल्कि जन–संवाद, जन–समस्याओं और सामाजिक सरोकारों का केंद्र बनेगा। लोकतांत्रिक व्यवहार में परिवर्तन के लिए लोकभवन में नियमित जन–सुनवाई, विभिन्न सामाजिक वर्गों के प्रतिनिधि समूहों से संवाद, सामाजिक संगठनों के साथ सतत चर्चा तथा युवाओं, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित वर्गों के लिए विशेष संवाद सत्र आयोजित होने चाहिए। राज्यपाल संवैधानिक प्रमुख हैं; उनके माध्यम से लोकतांत्रिक संवाद की संस्कृति को व्यापक स्वरूप मिल सकता है। इसी तरह, कार्य–संस्कृति में पारदर्शिता और जवाबदेही को संस्थागत रूप देना भी अनिवार्य है। राज्यपाल सचिवालय के निर्णयों, कार्यक्रमों और गतिविधियों की अद्यतन जानकारी सार्वजनिक हो। वेबसाइटों, वार्षिक प्रतिवेदनों और संवाद माध्यमों से यह स्पष्ट दिखाई देना चाहिए कि लोकभवन वास्तव में 'लोक' के प्रति उत्तरदायी है। भवन का उपयोग भी केवल औपचारिक और प्रोटोकॉल–केंद्रित न रहकर शिक्षा, संस्कृति, संविधान–जागरूकता, युवाओं के विकास, नवाचार और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों के लिए होना चाहिए। इससे लोकभवन का चरित्र वास्तविक अर्थों में जनता का बनेगा। इसके साथ–साथ लोकभवन का वातावरण, प्रतीक और प्रोटोकॉल औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होना चाहिए। लोकभवन को संवैधानिक मूल्यों – निष्पक्षता, समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के प्रचार–प्रसार का केंद्र भी बनाया जा सकता है। स्कूलों, महाविद्यालयों और युवा समूहों के लिए लोकभवन में स्थापित संविधान पार्क के अवलोकन के साथ ही संविधान–परिचर्चा, लोकतांत्रिक प्रशिक्षण और प्रेरणात्मक कार्यक्रम इस दिशा में प्रभावशाली पहल होंगे। साथ ही, समय–समय पर इस परिवर्तन की प्रभावशीलता का आकलन भी आवश्यक किया जाना चाहिए, ताकि यह देखा जा सके कि लोकभवन नाम के अनुरूप सेवा–व्यवहार, नागरिक संवाद और प्रशासनिक पारदर्शिता में वास्तव में सुधार हुआ है या नहीं। इस निगरानी में नागरिक समाज, मीडिया और विशेषज्ञ समूह महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। लोकभवन का सबसे बड़ा और सार्थक अर्थ यही होगा कि राज्यपाल का निवास अब महज़ सत्ता का प्रतीक न रहकर नागरिक अधिकारों, संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक विश्वास का केंद्र बन जाए। जनता में यह भाव उत्पन्न हो कि यह भवन उनकी अपेक्षाओं, समस्याओं और सुझावों के प्रति संवेदनशील है।

**निष्कर्षतः** राजभवन का नाम बदलकर लोकभवन करना निस्संदेह एक प्रगतिशील और स्वागतयोग्य कदम है, जो लोकतंत्र की जन–केंद्रित भावना को पुनःस्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत है। यह नाम तभी सार्थक होगा जब इसके अनुरूप सोच एवं कार्य–संस्कृति बदले, प्रशासनिक व्यवहार बदले और जनता से संवाद की प्रकृति बदले। लोकभवन वास्तविक अर्थों में तभी 'लोक' का भवन बनेगा, जब वह जनता के हितों, संवेदनशीलता और सहभागिता का केंद्र बनेगा। यदि इस पहल के साथ सुसंगत संस्थागत सुधार, पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक–सुलभ व्यवहार को मजबूती से अपनाया गया, तो यह कदम राजस्थान में लोकतांत्रिक चेतना को नई ऊँचाई देने वाली एक ऐतिहासिक उपलब्धि सिद्ध होगा।

– डॉ. कैलाश चन्द सैनी,
पूर्व मुख्य शोध एवं संदर्भ अधिकारी, राजस्थान विधान सभा, जयपुर

## झील संरक्षण जागरूकता के लिए साइकिल यात्रा

- **फतेहसागर झील से आनासागर झील तक**
- **साइकिल कम्युनिटी के सदस्यों ने जोर शोर से भव्य स्वागत किया**

**अजमेर।** पर्यावरण संरक्षण एवं दैनिक जीवन में स्वास्थ्य के लिए साइकिल की उपयोगिता के उद्देश्य को लेकर उदयपुर साइकिलिंग क्लब के 8 सदस्यों की एक टीम अजमेर आया। जिसका अजमेर साइकिल कम्युनिटी के सदस्यों ने जोर शोर से भव्य स्वागत किया। प्रवक्ता राजेंद्र गांधी ने बताया कि उदयपुर फतहसागर झील से आना सागर झील तक साइकिल चलाते हुए निकले। करीब 500 किमी की साइकिल चला कर झीलों को प्रदूषण से बचाने के लिए आमजन को जागरूक किया। टीम में कुल 8 राइडर्स जिसमे 18 साल से लेकर 55 साल के राइडर्स थे। टीम में नितेश टाक, भवानी पांडिया, राजेंद्र शर्मा, प्रवीण शेखेडकर, सुधांशु माथुर, शांतनु साहू ,जितेन्द्र पटेल, गौरव सिखवाल शामिल थे। जिनका अजमेर पहुंचने पर साइकिलिंग कम्युनिटी एवं मॉर्निंग मॉस्किटर्स के सदस्यों ने भव्य स्वागत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। साइकिल कम्युनिटी के अध्यक्ष ललित नागरानी एवं मॉर्निंग मास्किटर्स के अध्यक्ष डॉ अकरम ख़ान, मोनिल टाक, नितिन जैन, नरेंद्र सोलंकी, वेद प्रकाश, विजेंद्र, वेंकटेश, तरुण, कमलेश, लक्ष्मी नारायण सोनी, अक्षय, ललित कुमार जांगिड, अर्जुन सिंह, राजेंद्र गांधी, आशीष छाबड़ा, कपिल माहेश्वरी सहित अन्य सदस्यों ने माल्यार्पण किया एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## लावारिश शवों की अस्थियों का विसर्जन

**अलवर।** भिवाड़ी की श्री राम सेवा समिति ने रविवार को मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए लावारिश शवों की अस्थियों का गढ़ गंगा में विसर्जन किया। समिति के सदस्य अल्प सुबह ही भिवाड़ी से रवाना होकर गढ गंगा पहुंचे और मंत्रोच्चार के बीच अनजान लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अस्थि विसर्जन के दौरान समिति के सदस्यों ने फूल–मालाओं और पवित्र जल के साथ धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए विधिवत विसर्जन प्रक्रिया पूरी की। समिति के प्रधान विनीत सिसौदिया ने बताया कि श्री राम सेवा समिति पिछले लंबे समय से भिवाड़ी में उन लोगों का अंतिम संस्कार करवाती आ रही है, जिनकी मृत्यु के बाद उनके परिजनों का पता नहीं लगता। इस स्थिति में पुलिस द्वारा समिति को सूचना दी जाती है और समिति के सदस्य सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार करवाते हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को सम्मानजनक विदाई मिलनी चाहिए, चाहे उसके जीवन में कोई परिवार साथ रहा हो या नहीं।

## पुलिस कर्मचारियों के स्वास्थ्य को लेकर चेकअप कैम्प

**अलवर।** पुलिस कर्मचारियों के स्वास्थ्य को लेकर पुलिस अधिक्षक सुधीर चौधरी चिन्तित है इसी को देखते हुए उन्होंने रविवार को मैडिकल चेकअप कैम्प का आयोजन पुलिस लाईन में आयोजित किया पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को रिजर्व पुलिस लाईन जिला अलवर मे पुलिस अधिकारियों व पुलिसकर्मियो के लिए डॉ. प्रदीप कथुरिया एमडी (होम्यो), डॉ. बी. लाल. लैबोरेट्री व टाईटन आई प्लस जिला अलवर के संयुक्त तत्वाधान में मेडिकल टीम द्वारा निःशुल्क मेडिकल हैल्थ चैकअप शिविर, परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिलें के पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेडिकल टीम द्वारा पुलिसकर्मियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, बीपी, शुगर, ईसीजी, आई टेस्ट आदि का चैकअप किया गया। शिविर में पुलिस अधिकारियों व पुलिसकर्मियो द्वारा अपना हैल्थ चैकअप करवाया गया। डॉक्टर द्वारा पुलिस अधिकारियों व पुलिसकर्मियो को स्वास्थ्य के बारे मे परामर्श दिया गया। शिविर में डॉक्टरों की टीम ने पुलिसकर्मियों को स्वास्थ्य जागरूकता, तनाव प्रबंधन, खानपान, एवं फिटनेस से संबंधित मार्गदर्शन भी प्रदान किया। सभी जवानों को उनके स्वास्थ्य की स्थिति के अनुसार आवश्यक चिकित्सीय परामर्श और दवाइयाँ भी उपलब्ध कराई गईं। पुलिस जवानों का स्वास्थ्य और फिटनेस पुलिस विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से न केवल कार्य क्षमता बढ़ती है बल्कि बीमारियों की रोकथाम में भी मदद मिलती है। पुलिस विभाग द्वारा आगामी दिनों में भी समय समय पर इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करते रहेंगे। ताकि पुलिसकर्मी स्वस्थ, सुरक्षित और सक्षम रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।


## कल्याणपुरा में बीज निगम के कृषि फार्म से लीज धारक ने लाखों की राशि में हरे पेड़ों को काटा

- **कृषि फार्म को नियम विरुद्ध अन्य किसानों को सबलेट भी किया हैं**
- **कृषि विभाग के शासन उप सचिव ने बीज निगम के निदेशक को जांच का आदेश जारी किए**

**माण्डलगढ़।** माण्डलगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के कल्याणपुरा में स्थित राजस्थान स्टेट सीडस कार्पोरेशन लिमिटेड के कृषि फार्म से लाखों की राशि के बड़े बड़े हरे वृक्षों को काट कर बेच देने का मामला सामने आया हैं। ओर फार्म पर कई अनियमितता भी अधिकारियों की जा रही हैं।इस मामले को लेकर कृषि फार्म के पूर्व ठेकेदार ने कृषि मंत्री को शिकायत कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की माँग की हैं। कृषि मंत्री को लव जिन्दल द्वारा प्रेषित शिकायत में बताया कि सरकार अधीनस्थ बीज निगम भीलवाडा की कृषि भूमि रकबा 46.7087 हैक्टेयर ठाम कल्याणपूरा तहंसील माण्डलढगढ जिला भीलवाडा में स्थित हैं। कृषि भूमि में लगे पेड़ों को संवेदक ओर विभागीय अधिकारियों ने मिली भगत कर अवैध रूप से चोरी छुपे काटकर खुर्द बुर्द कर दिया गया हैं।

भीलवाड़ा बीज निगम द्वारा 3 वर्ष के लिए गोपालपुरा निवासी छीतरलाल जाट को 20 जून 2024 से 20 जून 2027 तक लीज पर आंवटित किया हुआ है।उक्त कृषि फार्म की भूमि पर किसानों द्वारा फसल बीज उत्पादन किया जाता है। लीज अवधिं के दौरान लीज संवेदक ओर किसानों के उत्पादित बीज को बीज निगम द्वारा खरीद किया जाता हैं। लीज संवेदक छीतरलाल जाट द्वारा कृषि फार्म के करीब 218 पेड़ जो बबूल , शीशम , नीम ओर अन्य छायादार पेड़ों को 15 मई 2025 को रात्रि के अंधेरे में कटवा कर लाखों की राशि मे बेच दिया हैं। ओर काटे गए पेड़ों के अवशेष को जेसीबी मशीन से उखाड़ दिया गया। जिससे भूमि का स्वरूप बिगड़ने के साथ पर्यावरण को भी नुकशान पहुंचाया गया हैं। शिकायत में जिंदल ने बताया कि विभाग द्वारा उक्त कषि भूमि के लीज आवंटन के दौरान ड्रोन कैमरे से सम्पूर्ण कृषि फार्म की वीडियोग्राफी करवायी गई थी। जिसमें सम्पूर्ण कृषि भूमि पर लगे पेड़ पौधों एव अन्य संरचनाओ की सम्पूर्ण रिकॉर्डिंग विभाग के पास मौजूद है। लव जिंदल ने पत्र में आरोप लगाया कि भीलवाड़ा बीज निगम को इस मामले की कई बार शिकायत की गई लेकिन अधिकारियों द्वारा कार्रवाई को गोलमाल कर उच्चाधिकारियों को गुमराह किया गया हैं। वहीं लीज धारक ने कृषि फार्म में भंवरलाल किसान को नियमविरुद्ध सबलेट भी किया हुआ हैं। इस शिकायत को कृषि विभाग जयपुर के शासन उप सचिव नवरत्न कोली ने प्रदंध निदेशक, राजस्थान राज्य बीज निगम लिमिटेड जयपुर को पत्र लिख कर तथ्यात्मक जाँच के आदेश दिए है और की गई करवाई की रिपॉर्ट मांगी है। वहीं भीलवाड़ा बीज निगम के अधिकारियों ने लव जिंदल की शिकायत ओर आरोप को बे बुनियाद बताया हैं।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**सोमवार 8 दिसम्बर, 2025**

पौष मास, कृष्ण पक्ष, चतुरथी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, पुष्य नक्षत्र रात्रि 2:53 तक, ब्रह्म योग सायं 5:01 तक, बालव करण सायं 4:04 तक, चन्द्रमा आज कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–वृश्चिक, चन्द्रमा–कर्क मंगल–वृश्चिक, बुध–वृश्चिक, गुरू–मिथुन, शुक्र–वृश्चिक, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 2:53 तक है। महापात योग प्रातः 9:49 से दिन 3:35 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:25 तक, शुभ 9:43 से 11:04 तक, चर 11:36 से 2:54 तक, लाभ–अमृत 2:54 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदये 7:08, सूर्यास्त 5:29 तक

**मेष**
घर–परिवार में सुख–सुविधाओं में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अनावश्यक धन खर्च हो सकता है।

**वृष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन**
घर–परिवार में चल रही स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**वृश्चिक**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। अनावश्यक धन खर्च होगा।

**मकर**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आपसी सहयोग–समन्वय से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज व्यावसायिक आर्थिव मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कुंभ**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी और कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

# पहले परिवार में चोरी, फिर महिला को लूटने का आरोपी गिरफ्तार

**बाड़मेर**, (कासं)। बाड़मेर रीको थाना क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा एक युवा जल्दी पैसा कमाने के लालच में पहले तो अपने पत्नी, भाभी, बहन व परिवार की अन्य महिलाओं के गहने चोरी करता है और उन्हें बैंक में गिरवी रखकर उससे मिलने वाली रकम को जुए सट्टे, ऑनलाइन गेम व शेयर मार्केट में लगा देता है। लेकिन हर जगह पैसा हारने के बाद बैंको का लोन नहीं चुका पाता है और बैंक अपने लोन के लिए बार बार तकाजा करती है। जिसपर युवक लूट की बडी योजना बनाता है और वृद्ध महिला को निशाना बनाते हुए उसके गहने लूट के फरार हो जाता है। लेकिन रिको पुलिस की त्वरित कार्यवाही आरोपी युवक को सलाखों के पीछे धकेल देती है।

रविवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश आर्य ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि शुक्रवार को प्रार्थीया रूखमा पत्नी प्रभुराम जाट निवासी भाडखा ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि वह शुक्रवार को दोपहर 2 बजे शिवकर बस स्टेण्ड पर बस से उतर कर पैदल अपने पीहर जा रही थी कि इतने में एक बिना नम्बरी मोटरसाईकिल सवार जो अपनी मोटरसाईकिल से नीचे उतरकर मेरे पास आया और ब्लेड से मेरे पर हमला कर मेरे गले में पहना सोने का तिमणिया, सोने की कंठी व हरडिया आदि लूट कर भाग गया। हमले के दौरान मेरे बदन पर चोटे भी आयी। पुलिस कप्तान नरेंद्र सिंह मीणा ने वारदात की सूचना पर रिको थानाधिकारी भंवरसिंह मय टीम को तुरन्त मौके पर भेज कार्यवाही करने के निर्देश दिये। पुलिस टीम ने गहनता से अनुसंधान करते वारदात के समय मे शिवकर रोड पर बाईक पर आने जाने वाले व्यक्तियों के सम्बन्ध में गहनता से जांच करते हुए मुखबीर सूचना एवं आमजन के सहयोग से वारदात को अंजाम देने वाले मुलजिम को दस्तयाब कर विस्तृत पुछताछ की और जुर्म स्वीकार करने पर मुलजिम को बापर्दा गिरफ्तार किया गया। मुलजिम से प्रकरण की वारदात एवं अन्य वारदात के बारे में गहन पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश आर्य ने बताया कि गिरफ्तार सुदा मुलजिम बलदेव नगर बाडमेर स्थित किराये का कमरा लेकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा हैं। पढाई के दौरान जल्दी धन कमाने के लालच में आकर शेयर मार्केट, ऑनलाईन गेम पर दाव लगाने का आदी हो गया। शेयर मार्केट में धन निवेश करने और ऑनलाईन गेम खेलने हेतु अपने पत्नी, बहन, भाभी व परिवार की अन्य महिलाओं के गहने चुराकर बैंक में गिरवी रखकर गोल्ड लोन उठाकर गोल्ड लोन से प्राप्त रकम को जुआ सट्टे इत्यादी में लगा दिया जो यह राशि मुलजिम जुए सट्टे में हार गया। फाईनेन्स बैंकों से बार बार लोन राशि जमा करवाने के लिए बार बार तकाजा आने लगे जिस पर मुलजिम के पास रकम नहीं होने से उसने बडी लूट करने की योजना बनाई एवं एक नई मोटरसाईकिल उठाई और उस पर सवार होकर गांवों व शहरों में जाकर लूट करने की रेकी करने लगा। मुलजिम द्वारा इस प्रकरण घटना से पूर्व में धनाऊ, उडासर, गुडामालाणी एवं बायतु जाकर राह चलती महिलाओं से ज्वेलरी लूटने का प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हो पाया। शुक्रवार की दोपहर के समय मुलजिम सिणधरी चोराहा पर खडे रहकर ज्वेलरी पहनी महिलाओं की रेकी करने लगा।

इसी दरमियान एक बुजुर्ग महिला जिसके ज्वेलरी पहनी हुई थी जो सिणधरी चोराहा से बस में बैठ कर अपने पीहर मगने की ढाणी, जा रही थी। जैसे ही सिणधरी चोराहा से बस रवाना हुई, तब मुलजिम बिना नम्बरी मोटरसाईकिल से बस का पीछा करने लगा, जैसे ही उक्त बस से प्रार्थीया रूखमा शिवकर बस स्टेण्ड पर उतरकर अपने पीहर मगने की ढाणी की तरफ पैदल पैदल सडक पर जा रही थी उसी दरमियान सुनसान जगह एवं मौका पाकर मुलजिम प्रार्थीया के पास जाकर मोटरसाईकिल से नीचे उतरा और प्रार्थीया पर ब्लेड से हमला करते हुए प्रार्थीया के गले में पहने हुए ज्वेलरी तिमणिया, कंठी व हरडिया को तोडकर लूट कर मोटरसाईकिल से भाग गया। इस घटना के दौरान प्रार्थीया के ब्लेड के वार से बदन पर चोटे भी आयी हैं।

## पाली में शौर्य संचलन 21 को

**पाली**, (नि.सं.)। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक सिंधी कॉलोनी स्थित गणेश स्कूल में प्रांत मंत्री परमेश्वर जोशी की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में तय किया गया विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल के द्वारा शौर्य संचलन निकाला जाएगा। बजरंग दल पाली शहर प्रखंड संयोजक कैलाश कुमावत में बताया कि कार्यकर्ताओं द्वारा शौर्य व शक्ति प्रदर्शन हेतु 21 दिसंबर को पाली शहर के मुख्य मार्ग से कदमताल करते हुए शौर्य संचलन निकाला जाएगा। जिला मंत्री बाबूलाल कुमावत, जिला सह मंत्री प्रवीण परिहार, प्रखण्ड सह संयोजक श्रवण भीलवारा, जिला सह संयोजक राकेश कुमावत, हरीश सोनी, हेमन्त तनवानी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इरफान खान जोधपुर संभाग के सह संयोजक बने

**जालोर**, (कासं)। सिलावट समाज जालोर के लोगो ने इरफान खान को राजस्थान नर्सेज यूनियन का जोधपुर संभाग का सहसंयोजक बनाने पर हजरत बाला पीर दरगाह परिसर में रविवार को सिलावट समाज के लोगों ने उनका माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर पेश इमाम सलीम मुस्तफाई ने कहा की की इरफान खान की नर्सेज कर्मियों के प्रति संपूर्ण सेवा भाव के कारण उन्हें राजस्थान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष देवाराम चौधरी ने राजस्थान नर्सेज यूनियन का सह संयोजक नियुक्त किया है। सह संयोजक नियुक्त करने पर ऑल राजस्थान मुस्लिम सिलावट वेलफेयर संस्थान जालौर के जिलाध्यक्ष शहजाद खान ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें मुबारकबाद दी।

सह संयोजक इरफान खान ने संगठन द्वारा जताए गए विश्वास के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ टीम को मजबूत करने तथा सामाजिक गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर कार्य करेंगे। वही सिलावट समाज के लोगो द्वारा सम्मान करने पर आभार जताया। वहीं समाज के लोगों ने उन्हें माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर इंसाफ अली, लियाकत अली ,लाडे खान, अयूब शेख, मुश्ताक खान, सिराजुद्दीन खान, इमरान खान,हबीब रहमान, रहमान खान, सलीम जावेद, जाकिर खान, असलम खान, राजू शेख, जानशेर खान, जहांगीरखान, हिदायत खान रुबाब खान अमजद मेहर, बलवंत खत्री ,अनवर खान, रफीक खान, एजाज अली , मोहसिन अली, यश अराफात, अल्ताफ खान, मुफ्ती मोहम्मद आदि समाज बंधु उपस्थित है।

# अधिवक्ताओं के स्वागत से अभिभूत हूं : हारून

**जालोर**, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के हॉल में रविवार को आयोजित एक स्नेहपूर्ण और गरिमामय समारोह में जिला एवं सेशन न्यायाधीश हारून का अधिवक्ता समुदाय की ओर से गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। समारोह में बडी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लेकर न्यायाधीश हारून के प्रति अपने सम्मान और आत्मीयता को अभिव्यक्त किया।

समारोह की शुरुआत अभिभाषक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राठ्ठौड द्वारा न्यायाधीश हारून को पारंपरिक साफा पहनाकर स्वागत करने से हुई।

इसके बाद उपस्थित अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया, जिससे पूरा वातावरण आत्मीयता और सम्मान की भावनाओं से भर उठा।सेशन न्यायाधीश हारून ने कहा कि जालोर में बिताए गए तीन वर्षो के दौरान उन्हें अधिवक्ताओं से विशेष सहयोग, सम्मान और अपनत्व प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि बार और बेंच के मधुर संबंधों के कारण न्यायिक कार्य सुचारू एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न होते रहे।

उन्होंने अधिवक्ता समुदाय द्वारा दिए गए गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायी और अविस्मरणीय है। समारोह में स्वागत उद्बोधन अभिभाषक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राठौड ने दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संघ के उपाध्यक्ष अश्विन राजपुरोहित ने किया। विशिष्ट अतिथि पारिवारिक न्यायालय के न्यायधीश अमर कुमार वर्मा, एडीआर सचिव अहसान अहमद, सीजेएम प्रिया टावरी, एसीजेएम अंकित दवे थे।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता चुन्नीलाल राजपुरोहित, सिकंदर अली सैय्यद, बसंत कुमार गेहलोत, सरदार खान खोखर, सुरेंद्र दवे, कोषाध्यक्ष पुखराज माली, सचिव प्रवीण कुमार भादरू, गोपाल सिंह राजपुरोहित, मोहन सिंह राणावत, अशोक जोशी, हुकमी चंद पारख, गोकुल परिहार, मुमताज अली सैय्यद, रमेश सोलंकी, उत्तम गहलोत, अमिताभ सिंह, गोपाल जोशी, रियाज खान, फारूक कुरैशी, अशोक कुमार माली, नवीन गेहलोत, मंगल सिंह, आरपी खाबानी, गोरधन सिंह, साबीर मेहर, अनन्या खान, नितू राजपुरोहित, दशरथ कवर, ज्योत्सना राजपुरोहित, दिनेश कुमार, पारसमल गार्गी, रणजीत सिंह, कैलाश कुमार, गणपत सिंह अजरुद्दीन खोखर, खुशवंतसिंह, प्रवीण चौहान, तरुण सिंह समेत कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

## खेल महाकुंभ आज से

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर के राजेंद्र नगर भालेलाव रोड स्थित वंदे मातरम एकेडमी उच्च माध्यमिक में सोमवार से दो दिवसीय 52 वीं जिला स्तरीय शिक्षा विभागीय मंत्रालय कर्मचारी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समारोह होगा।

शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश बोहरा ने बताया कि रविवार को मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, दिनेश कंसारा, राजेश माथुर, दिनेश गिरी, विनोद शर्मा, राहुल परमार, अजयपाल सिंह चंपावत, गिरवर सिंह राव, मुकेश मेवाडा, देवेन्द्र रूनवाल आदि ने प्रतियोगिता स्थल पर व्यवस्थाए जांची।

बास्केटबाल, वालीबाल, टेबल टेनिस, केरम, शतरंज, बैडमिंटन, कब्बडी, फुटबॉल टेनिस क्रिकेट,रस्सा कस्सी, खो-खो,लम्बी कूद, त्रिकूद, तश्तरी फेक, भाला फेक, गोला फेक, सुगम संगीत, एकाभिनय, उकल नृत्य वादन समेत कई दौड़ होगी।

# दहियावटी राजपूत प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**सायला**, (निसं)। नगर के राजपूत सभा भवन में रविवार को श्री दहियावटी राजपूत प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का सेवानिवृत्त अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. वारसिंह दहिया के मुख्य आतिथ्य एवं राजसमंद एईएन गजेसिंह की अध्यक्षता में आयोजन हुआ।

समारोह को संबोधित करते हुए के मुख्य अतिथि डॉ. वारसिंह दहिया ने कहा कि प्रतिभाओं को सम्मान देना समाज और राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

समारोह के अध्यक्ष एईएन गजेसिह दहिया ने कहा कि प्रतिभा समाज की उन्नति का आधार होती है। जब हमारी युवाशक्ति शिक्षा, संस्कृति, मेहनत और अनुशासन के मार्ग पर आगे बढती है तब समाज का भविष्य स्वयं उज्जवल हो जाता हैं।

समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ. शम्भूसिंह सेरणा ने कहा कि सम्मानित हो रहीं प्रतिभाएं केवल अपने परिवार का ही नहीं अपितु पूरे राजपूत समाज का गौरव है। विशिष्ट अतिथि उदयसिंह दादाल उपाध्यक्ष भाजपा जालोर एवं लालसिंह दहिया जिला महासचिव कांग्रेस कमेटी जालोर ने भी सम्बोधित किया। वक्ता महेन्द्रसिह तुरा ने कहा कि सम्मानित हो रही समाज की प्रतिभाएं जहा पर भी जाए अपने समाज की प्रतिष्ठा अपनी संस्कृति और अपने संस्कारो को सदैव उच्च रखे।

समारोह को भंवरसिंह सांफाडा सहित समाज के अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। दहियावटी राजपूत अधिकारी एवं कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अमरसिंह भुण्डवा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा हम सब मिलकर यह संकल्प ले कि आने वाले वर्षों में और भी अधिक प्रतिभाओं को मंच मिले, अवसर मिले और प्रोत्साहन मिले। दहियावटी राजपूत कर्मचारी संघ सायला के प्रवक्ता दुर्गसिंह तुरा ने बताया कि समाज की कुल 118 प्रतिभाओ को सम्मानित किया गया। जिसमें नवचयनित अधिकारी एवं कर्मचारी सहित बोर्ड परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाले छात्र छात्राए शामिल थे।

कार्यक्रम के बाद दहियावटी राजपूत शिक्षा समिति के नये अध्यक्ष का मनोनयन किया गया। जिसमे अध्यक्ष पद पर उदयसिंह दादाल तथा सचिव के पद पर भंवरसिह सुराणा को सर्वसम्मति से दायित्व सौपा गया। समारोह का संचालन भंवर सिंह सुराणा ने किया।

कार्यक्रम में कल्याणसिंह तुरा कोषाध्यक्ष श्री कैवाय माता मंदिर किणसरिया, मोडसिह आसाणा, चन्द्रसिंह तुरा, पहाडसिंह चौराऊ, मंगलसिंह वालेरा, भवानी सिंह पाँथेडी, कालूसिंह वीराणा, हरिसिंह चौराऊ, पहाडसिंह देता, राणसिह बावतरा, दुर्जन सिह सुराणा, गजेंद्रसिंह कोमता, दुर्ग सिंह तुरा, मेघसिंह तूरा, इन्द्रसिह सायला, धनसिंह ओटवाला, दुर्जनसिह तडवा, लक्ष्मण सिह तडवा, मुकन सिह आवलोज, बाबूसिंह सिराणा, हुकमसिंह कोमता, भवानी सिंह पाथेडी, हरिसिंह चौराऊ, कालुसिंह वीराणा सहित समाजबंधु मौजूद रहे।

## खेलकूद संपन्न

**जालोर**, (कासं)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार के तहत नेहरू युवा केंद्र (मेरा युवा भारत), जालोर की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नरसाणा मे ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया।

कबड्डी, साइकिल रेस, रसाकशी, सौ मीटर एवं दो सौ मीटर रेस आदि खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। कबड्डी में मारवाड पार्टी की टीम कप्तान भावेश के नेतृत्व में विजेता रही, रसाकशी प्रतियोगिता मे महिला वर्ग मे मीराबाई मंडल की टीम (कप्तान सीमा कुमारी) विजेता एवं हाडी रानी मंडल (कप्तान ममता कुमारी) उपविजेता रही, सौ मीटर रेस में पुरुष वर्ग में दुर्जन कुमार ने प्रथम एवं नरेश कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं महिला वर्ग दो सौ मीटर रेस में ममता कंवर ने प्रथम एवं शिल्पा कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साइकिल रेस में ममता कुमारी ने प्रथम एवं देवी कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता एवं उपविजेता खिलाडियों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक असलम खान, कैलाश चंद, नंदकिशोर, खीम सिंह एवं उमराव सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। मंच संचालन रघुनाथ राम ने किया।

## डॉ. ममता पानेरी को डॉ. रामप्रसाद दाधीच सम्मान

**जोधपुर**, (का.सं.)। डॉ रामप्रसाद दाधीच साहित्य सम्मान 2025उदयपुर की युवा कवयित्री, कहानीकार डॉ ममता पानेरीको उनके कहानी संठाह वास्तवपर अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद के तत्वावधान में भव्य समारोह में प्रदान किया गया ।आपको सम्मान राशि 11000 रुपए ,प्रशस्ति पत्र ,शॉल और श्रीफल प्रदान किया गया।

परिषद की अध्यक्ष गीता भट्टाचार्य तथा महामंत्री डॉ पद्मजा शर्मा ने बताया किकार्यक्रम के अध्यक्ष कथाकार हबीब कैफ़ी ने डॉ रामप्रसाद दाधीच को याद करते हुए कहा कि हमारे बीच उम्र का बहुत फासला था फिर भी डॉ दाधीच मुझे अपना समझते थे । उन्हों ने राजस्थानी भाषा साहित्य संस्कृति पर भी अनेक निबंध लिखे।

कैफ़ी ने ममता पानेरी की कहानियों पर बात करते हुए कहा कि यह रचनाकार के लिए बड़ी खुशी की बात होती है कि उसकी पहली ही रचना पर वह सम्मानित हो और उसकी किताब की पर चर्चा हो । इससे लेखक को मान्यता मिलती है उसे प्रोत्साहन मिलता है। कहानी वही जिसमें जिंदगी की धड़कनें रहें , जो हमें याद रह जाए । जिंदगी सृजन का नाम है और हमें सृजन करते रहना चाहिए।

# सिरोही जिला कांग्रेस अध्यक्ष लीलाराम ने पद संभाला

**रेवदर/आबूरोड/सिरोही**, (नि.सं.)। जिला कांग्रेस कमेटी सिरोही की प्रथम बैठक एवं जिला अध्यक्ष लीलाराम गरासिया का पदभार ग्रहण कार्यक्रम एक होटल में संपन्न हुआ। बैठक में जिले भर के वरिष्ठ कांग्रेसजन, पूर्व विधायक, पूर्व जिला प्रमुख, वर्तमान सभी ब्लॉक अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता गोपाल शर्मा एवं पीसीसी सदस्य अमित जोशी ने किया। सांसद नीरज डांगी ने कहा कि देश और प्रदेश दोनों जगह आम जनता परेशान है, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार व राज्य की भाजपा सरकार जनता के दुख-दर्द से मुंह मोड़ चुकी है। वोट चोरी का मुद्दा हो या का मामला, किसान समस्याएँ हों या छोटे व्यापारियों की मुश्किलें-हर मोर्चे पर सरकार विफल सिद्ध हुई है।

पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने भी भाजपा सरकार की नीतियों को आड़े हाथों लेते हुए उसे विफल करार दिया। विधायक मोतीलाल कोली ने सरकार की दमनकारी नीतियों का विरोध करने की बात रखी। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष लीलाराम गरासिया ने सभी कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाते हुए कहा कि एकजुटता ही संगठन की शक्ति है। आगामी पंचायत समिति और नगर पालिका चुनावों में कांग्रेस की प्रभावी वापसी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं, और आने वाला समय कार्यकर्ताओं का है।

उन्होंने कांग्रेसजनों का आभार जताते हुए कहा कि आगे की हर लड़ाई हम सब मिलकर लड़ेंगे।

राजेन्द्र सैनी सैनी समाज अध्यक्ष, भवनीश बारोट, नवीन सांखला, पुखराज गहलोत राजेश गहलोत, भवानी सिंह, हिमपाल सिंह देवल, प्रदेश महासचिव दिनेश मेघवाल, कृष्णवीर सिंह, देवेंद्र सिंह ठाकुर, पूनमाराम पुरोहित, गणेश बंजारा, शेर मोहम्मद, तेजसिंह देवड़ा, राकेश रेबारी, नरगिश कायमखानी, निखिल जोशी, रणवीर राठौड़, जसाराम बोस सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

बैठक का आरंभ सांसद नीरज डांगी, पूर्व विधायक संयम लोढ़ा, विधायक मोतीलाल कोली, पूर्व विधायक लालाराम गरासिया, पूर्व जिला प्रमुख चंदन सिंह, गंगा बेन, राजेंद्र सांखला, जिला प्रभारी अंजना मेघवाल, मोहम्मद असलम, डिम्पल राठौड़ आदि के स्वागत से हुआ, जिसकी अगुवाई अमित जोशी, भवनीश बारोट, मोहम्मद असलम, दिनेश मेघवाल, डॉ. शेर मोहम्मद, जसाराम बोस, दलाराम जोगसन आदि ने की।

## खेल कबड्डी का उद्घाटन आज

**जालोर**, (कासं)। क्रीड़ा भारती प्रांत जोधपुर की ओर से खेल कबड्डी खेल उद्घाटन समारोह 8 दिसम्बर सुबह 10 बजे शहीद भगतसिंह क्रीडा स्थल पर आयोजित होगा।

क्रीडा भारती के प्रांत सहयोजक अगराराम चौधरी व प्रांत मंत्री ओमप्रकाश पुरोहित ने बताया कि मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह खीमाराम सुथार रहेंगे। मुख्य अतिथि पाथेय कण के सह संपादक श्यामसिंह कार्यक्रम के अध्यक्षता क्रीडा भारती के मार्गदर्शक व मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व विशिष्ट अतिथि कलेक्टर प्रदीप के गवांडे होंगे।

# संत नरेंद्र गिरी की स्मृति में प्रतीक्षालय का उद्घाटन

**पाली**, (नि.सं.)। पाली के बांगड़ अस्पताल में संत ब्रह्मलीन महंत नरेंद्र गिरी जी की याद में आधुनिक वेटिंग रूम का उद्घाटन आज रविवार को संतों एवं जिला कलेक्टर की मौजूदगी में किया गया जिला कलेक्टर ने फीता काटकर संतो के मंत्रोच्चार के साथ शुभारंभ किया

इसे लेकर सिद्ध पीठ गजानंद मंदिर नागा बाबा बगीची के कार्यकारी महंत सुरेश गिरीजी की प्रेरणा से बल्लालेश्वर प्रतीक्षालय का निर्माण करवाया गया है । यहां पर मरीजों एवं उनके परिजनों को बैठने के लिए सभी सुविधाएं प्रदान की गई हैं । इस निर्माण के तहत वेटिंग रूम में 6 पंखे, 10 बेंच, एलईडी टीवी, आरओ वाटर कूलर तथा महिला पुरुषों के लिए शौचालय के साथ-साथ यहां पर रंगीन वॉटर फाउंटेन पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। रविवार सुबह 10 बजे जिला कलेक्टर एल एन मंत्री, संतों व मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल दिलीप सिंह बांगड़ अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर कैलाश परिहार एवं सेवानिवृत्ति चिकित्सक डॉ एच एम चौधरी की मौजूदगी में किया इस मौके पर महंत चंचल गिरी, श्री महंत नारायण गिरी, महंत रामगिरी, महंत कन्हैया गिरी, महंत महाकाल गिरी, मंडलेश्वर सहजानंद गिरी एवं महंत ब्रह्मचारी सहित प्रमुख संत मौजूद रहे। इसके साथ गणेश भक्त मंडल, महिला मंडल, मेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

# तेजकरण ने कुड़ी थाना संभाला

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर कमिश्नरेट के पुलिस इंस्पेक्टर तेजकरण ने कुड़ी थाना प्रभारी का कार्यभार संभाला। उन्होंने थाने में रात्रि गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों को पूरी तरह से मुस्तैद रहने, थाने में आने वाले फरियादी के साथ पुलिस शालीनता से व्यवहार करें इसको लेकर निर्देशित किया।

तेजकरण ने कहा कि पिछले घटनाक्रम को देखते हुए पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने जो विश्वास जताया, पूरा खरा उतरने का प्रयास करेंगे। रविवार को पुलिस के लिए सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग भी हुई थी, जिसमें बताया गया था कि किस प्रकार से थाने में आने वाले फरियादियों के साथ व्यवहार किया जाए, उनसे किस तरीके से बातचीत की जाए। इसे अब थाने में लागू करेंगे। किसी भी फरियादी को परेशान नहीं होना पड़े।

जोधपुर कमिश्नरेट का कुड़ी थाना बीते दिनों देशभर में वकीलों से हुए विवाद के बाद सुर्खियों में रहा था।

तेजकरण ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए वो बखूबी जिम्मेदारी निभाएंगे। पूर्व में वह पश्चिम में रह चुके हैं इसलिए उन्हें पता है कि किस तरह के लोग अपराध में शामिल है, उन्हें चिन्हित करके कार्रवाई की जाएगी। कहा कि उनकी कार्यप्रणाली थोड़ी हटकर है। वह गश्त के दौरान कई बार पैदल चलते हैं और मैन टू मैन संवाद करते हैं।

# जोधपुर में वकील संगठनों के चुनाव की सरगर्मियां तेज

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर पीठ से जुड़े दोनों प्रमुख वकील संगठनों-राजस्थान हाईकोर्ट लॉयर्स एसोसिएशन. व राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन के चुनाव में रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। मतदान 11 दिसंबर को होगा, जिसमें कुल 61 प्रत्याशी विभिन्न पदों के लिए चुनावी मैदान में हैं।

राजस्थान हाईकोर्ट लॉयर्स एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव 2025-27 के लिए नामांकन के दूसरे दिन 6 दिसंबर को कुल 26 प्रत्याशियों ने विभिन्न पदों के लिए नाम नामांकन पत्र जमा किए।

रिटर्निंग ऑफिसर मोती सिंह राजपुरोहित ने नामांकन प्राप्ति की सूची जारी की। इनमें अध्यक्ष पद के लिए दिग्विजय सिंह जसोल,दिलीप सिंह उदावत, मनीष कुमार व्यास तथा विनोद चौधरी, उपाध्यक्ष पद के लिए रविन्द्र सिंह चंपावत तथा शीतल कुम्भट, महासचिव पद के लिए अरूण कुमार,कैलाश जांगिड़ तथा नवनीत सिंह, सहसचिव के लिए अशोक कुमार गोदारा, केशव भाटी, मिलाप चौपड़ा तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए दुर्गेश खत्री,रघुवीर सिंह भाटी तथा रविन्द्र कुमार पुरोहित, पुस्तकालय सचिव के लिए कोमल आर. वर्मा,शैलेन्द्र कुमार तथा विकास के. बिश्नोई ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।

कार्यकारिणी सदस्य के लिए 10 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा है।

राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन जोधपुर के मुख्य चुनाव अधिकारी हेमंत श्रीमाली ने बताया वर्ष 2025-27 के चुनाव में शनिवार को नाम वापसी की अंतिम तिथि तक दो प्रत्याशियों महासचिव पद के लिए शक्तिसिंह कुम्पावत और सहसचिव पद के लिए पंकज कुमार ने अपने नाम वापस ले लिए। कुल 37 में से अब 35 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।

### 11 दिसंबर को चुनाव, चार मतदान केंद्र बनाए

चीफ रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमाली व चुनाव अधिकारी अर्जुनराम चौधरी एवं दिनेश कुमार शर्मा और सहायक चुनाव अधिकारी भंवर सिंह पातावत के अनुसार 11 दिसंबर को होने वाले चुनाव के लिए कुल चार मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं। हेरिटेज बिल्डिंग परिसर में तीन और न्यू हाईकोर्ट बिल्डिंग परिसर में एक मतदान केंद्र स्थापित किया जाएगा। न्यू हाईकोर्ट परिसर में एक केंद्र पर लगभग 75 सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जबकि शेष मतदाता हेरिटेज बिल्डिंग परिसर में वोट डालेंगे। नाम वापसी के बाद पदवार प्रत्याशियों की स्थिति इस तरह है-

अध्यक्ष पद के लिए 3 प्रत्याशी: धनराज वैष्णव, रणजीत जोशी और सुरेन्द्रसिंह राठौड़.उपाध्यक्ष पद के लिए 8 प्रत्याशी: बुधाराम चौधरी, गजेन्द्रसिंह तंवर, कृपाराम सोलंकी, लक्ष्मीनारायण माथुर, मनोज सिंह, मांगीलाल, पुखराज गोदारा, शैतानराम चौधरी. महासचिव पद के लिए 5 प्रत्याशी शेष: अनिल सुराणा, कल्याणसिंह विश्नोई, मंडल दत्त कल्ला, विजय चौधरी, विक्रमसिंह राठौड़, (शक्तिसिंह कुम्पावत ने नाम वापस लिया)

पुस्तकालय सचिव पद के लिए 4 प्रत्याशी: अरायाना खानम तंवर, कीर्ति सोनी, शारदा विश्नोई, शिवानी वैष्णव. सहसचिव पद के लिए 8 प्रत्याशी शेष: भारतेंदू पंवार, दीपाराम चौधरी, लालसिंह, नीतू गुड़िया, पुखराज गहलोत, संदीप सिंह चौहान, शीतल शर्मा, तक्षेंद्र शर्मा। (पंकज कुमार ने नाम वापस लिया)

कोषाध्यक्ष पद के लिए 8 प्रत्याशी: गोपालसिंह चारण, हरीचरण प्रजापत, मोहन लाल गोदारा, मुरली सैन, प्रदीप जैन, राम निवास, सोनिका शर्मा, विजय शर्मा. नाम वापसी की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद सभी 35 प्रत्याशी अपने-अपने चुनाव प्रचार में सक्रिय हो गए हैं। हालांकि, चुनाव आयोग ने हाईकोर्ट परिसर में किसी भी प्रकार के पोस्टर, बैनर या प्रचार सामठाी पर सख्त प्रतिबंध लगाया है। प्रत्याशी अपने समर्थकों से व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

## कल जलापूर्ति बाधित होगी

**जोधपुर**, (कासं)। फिल्टर प्लांट, पंप हाउस और पाइप लाइनों के आवश्यक रखरखाव और सफाई के कारण 9 दिसंबर को शहर के सभी फिल्टर हाउस से जलापूर्ति बंद रहेगी।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) नगर वृत जोधपुर के अधीक्षण अभियंता राजेंद्र मेहता ने बताया कि कायलाना, चौपासनी और सुरपुरा फिल्टर हाउस से संबंधित सभी क्षेत्रों में 9 दिसंबर की जलापूर्ति 10 दिसंबर को और 10 दिसंबर की जलापूर्ति 11 दिसंबर को की जाएगी।

हालांकि, झालामण्ड और तख्त सागर फिल्टर हाउस से जुड़े क्षेत्र जैसे सरस्वती नगर, कुडी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड के विभिन्न सेक्टर, पाल बाईपास और शिल्पग्राम के आसपास के क्षेत्रों में 9 दिसंबर को सुबह 10 बजे तक जलापूर्ति सामान्य रूप से होगी।

# उपचार पाकर खिले दिव्यांगजनों के चेहरे

**पाली**, (नि.सं.)। महिला सुरक्षा सहयोगी समिति, पाली एवं दिव्यांग सेवा सस्थान पाली के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को चिमनपुरा रोड स्थित दिव्यांग सेवा सस्थान मे दोपहर 12 से 2 बजे तक विशेष दिव्यांगजनों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे दस से अधिक चिकित्सकों ने नि:शुल्क सेवाएं दी।

महिला सुरक्षा सहयोगी समिति के संस्थापक अध्यक्ष कुलदीप पंवार एवं दिव्यांग सेवा सस्थान के संस्थापक झालाराम देवासी जोयला ने चिकित्सको को भगवान का दूसरा अवतार बताते हुए सेवा के पुनित कार्य मे सहयोग पर उनकी सराहना की। उन्होने बताया कि आश्रम मे 75 से अधिक दिव्यांगजन निवासरत है जिन्हे एक साथ चिकित्सालय ले जाना असंभव था लेकिन पाली के चिकित्सको ने नई मिसाल पेश कर स्वयं आश्रम आकर उनका उपचार किया जो प्रशंसनीय कार्य है। पंवार ने बताया कि इएनटी विशेषज्ञ डॉ. गौरव कटारिया, फिजिशियन डॉ. भरत सेजू, सर्जन, डॉ. राजेश कुमार, दंत विशेषज्ञ डॉ. विजय बॉस, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. नारायणी मेघवाल, पैथोलॉजिस्ट डॉ. सरिता परिहार, ब्लड बैंक प्रभारी अधिकारी डॉ. मांगीलाल चौधरी फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. विकास परिहार, डा.वीरेन्द्र चौधरी, डा.गर्विता, डा.कृष्णा देवासी ने सेवाएं दी।

चिकित्सा शिविर मे के.सी सेनी, नृसिंग अधिकारी राजूदास वैष्णव, सिंदरू संरपंच नरेन्द्र देवासी, जोराराम देवासी बिरामी,महिला सुरक्षा सहयोगी समिति सचिव श्रीमती अचला शर्मा, वीणा जांगिड़, कमला शर्मा,मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, राधेश्याम भाटी, मांगीलाल तंवर, अशोक वैष्णव,राजू देवासी आदि मौजूद रहे।

## चांदराई में बायो-सीएनजी गैस प्लांट का भूमि पूजन

**जालोर**, (कासं)। केम प्रोसेस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक जिग्नेश भाई मथानिया ने प्रस्तावित बायो-सीएनजी गैस प्लांट का चांदराई में विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम में कहा कि जालोर जिले के आहोर उपखंड के चांदराई में गुजरात के बाद राजस्थान के जालोर जिले में बायो गैस के दस प्लांट लगाए जाएंगे। जिससें हजारो युवाओं को रोजगार मिलेंगा। साथ ही दस प्लांटों में 600 करोड रुपये खर्च होंगे।

ऊमसिंह चांदराई ने कहा कि प्लांट के निर्माण व संचालन के दौरान सैकडों स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है। अर्जून सिंह चांदराई ने कहा कि बायो-सीएनजी गैस उत्पादन के लिए नेपियर घास, गोबर और कृषि अपशिष्ट (एग्री वेस्ट) को कच्चे माल के रूप में उपयोग किया जाएगा। इसके लिए चांदराई सहित आसपास के गांवों की लगभग एक हजार बीघा भूमि पर नेपियर की खेती कराई जाएगी।

इस मौके पर राहुल भाई, सरपंच किशोर सिंह, भंवर सिंह, अर्जून सिंह सहित क्षेत्र के कई लोग उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत, हरजी**
**पंचायत समिति, आहोर, जिला-जालोर (राज.)**
क्रमांक-2025-26/220 दिनांक-06.12.2025
**ई-निविदा सूचना 03/2025-26**
ग्राम पंचायत हरजी के 2 कार्यों हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में श्रेणी में संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबंद निविदाऐं कार्य के सामने अंकित तिथि 15.11.2025 तक जमा करवायें। निविदा की विस्तृत जानकारी व शर्तें http://www.sppp.rajasthan.gov.in ग्राम पंचायत के नोटिस पर देखी जा सकती है।
निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि व समय 15.12.2025 दोपहर 12.00 बजे तक
**NIB Code : ZJR2526A0643**
**UBN : ZJR2526WSOB01025 व 26**
प्रशासक — ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा.पंचायत हरजी — ग्राम पंचायत हरजी

**कार्यालय ग्राम पंचायत रायपुरिया, पं.स.जालोर जिला जालोर**
क्रमांक : ग्रा.प./2025-26/160 दिनांक: 02/12/2025
**ई-निविदा सूचना संख्या 06/2025-26**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रायपुरिया पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2025-26 शेष अवधि में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं / फर्मो से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म / शर्ते ऑनलाईन वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in तथा ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।
**NIB No.: ZJR2526A0642**
**UBN No.: ZJR2526SSOB01024**
प्रशासक — ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रायपुरिया — ग्राम पंचायत रायपुरिया
पं.स.जालोर — पं.स.जालोर
VDO
Rajpuriya Kailash Chandra Meena
7665115011

# हरियाणा से लाकर जंगल से करता था हथियार सप्लाई, पुलिस ने एक बदमाश को पकड़ा

## गुप्त सूचना पर एसएचओ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दुर्गम पहाड़ी जंगल में दबिश दी

**अलवर**। अलवर के मालाखेड़ा थाना पुलिस को नांगल टोडियार के पहाड़ों से हथियारों का जखीरा मिला है। टोडियार बीट सिपाही राजेश यादव को मिली गुप्त सूचना पर एसएचओ हरदयाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खतरनाक और दुर्गम पहाड़ी जंगल में दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने एक कुख्यात बदमाश को अवैध हथियारों के बड़े जखीरे के साथ गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन 12 बोर की बंदूकें, तीन 315 बोर के कट्टे, 68 जिंदा कारतूस, 52 खाली कारतूस, 12 पैकेट छर्रे तथा हथियार सेट करने व कारतूस फिट करने का सामान बरामद किया है। यह पूरा जखीरा गहरे जंगल में छिपाकर रखा गया था।

जिस स्थान से हथियार बरामद किए गए वह बेहद खतरनाक पहाडी इलाका है, जहां तक पहुंचना ही पुलिस के लिए चुनौती था। इसके बावजूद मालाखेड़ा पुलिस टीम ने बहादुरी दिखाते हुए क्षेत्र में दबिश दी और बदमाश को मौके से पकड लिया।



पुलिस ने एक कुख्यात बदमाश को अवैध हथियारों के बड़े जखीरे के साथ गिरफ्तार किया।

पुलिस एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि कुछ दिन पहले मालाखेड़ा थाना क्षेत्र में एक फायरिंग की घटना हुई थी, जिसमें पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट किया था, जिसके बाद उससे हथियार भी बरामद किया था। लेकिन जो हथियार वीडियो में दिख रहा था वह हथियार वो नहीं था जिसे आरोपी से बरामद किया था।

पुलिस लगातार अवैध हथियारों पर नजर रखे थी। मालाखेड़ा पुलिस की टीम ने यह हथियार बरामद किए हैं। इसमें हथियार तस्कर जाहिद खान निवासी फिरोजपुर झिरका को गिरफ्तार किया है, जो अलवर क्षेत्र के गांवों में खेतों की रखवाली की आड़ में हथियार तस्करी का काम करता है। गैंग में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है।

> ■ हथियार तस्कर जाहिद खान निवासी फिरोजपुर झिरका को गिरफ्तार किया है, जो अलवर क्षेत्र के गांवों में खेतों की रखवाली करता था

एसपी ने बताया कि आरोपी जाहिद के पास मिले सामान से ऐसा लगता है कि वह खुद हथियार तैयार करता है, जिसमें उसके साथ उसके और भी साथी शामिल है जिनकी तलाश जारी है।

# 370 बीघा वन भूमि घोटाले में दोषी कर्मियों पर केस होगा

**बीकानेर**। छत्तरगढ़ उपखंड में 6112 बीघा (1546 हेक्टेयर) जमीन के फर्जी आवंटन के मामले में नया मोड़ आया है। वन विभाग ने भी अपनी जमीन को लेकर मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर ली है। इस संबंध में जिला कलेक्टर सहित उपखंड अधिकारियों ने फर्जीवाड़े के दौरान छत्तरगढ़ में पदस्थापित रहे अधिकारियों और कर्मचारियों का ब्यौरा मांगा है।

मामला छत्तरगढ़ के चक 1 आरएसएम में 90 बीघा और चक 2 डीएलएम में 270 बीघा वन भूमि के फर्जी तरीके से आवंटन का है। वन खंड चक 1 आरएसएम में 90 बीघा जमीन सीधे ही पांडूसर के पांच लोगों के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर दी गई थी, जबकि वन खंड 2 डीएलएम में 270 बीघा जमीन को अराजीराज घोषित कर आठ लोगों के नाम म्यूटेशन कराने की तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान जमीन घोटाला उजागर होने के कारण कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी। जिला कलेक्टर ने प्रकरण की जांच में प्रथम दृष्टया तत्कालीन तहसीलदार को इसके लिए दोषी माना था। संभागीय मुख्य वन संरक्षक हनुमानाराम ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर इस प्रकरण में जिम्मेदार उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, गिरदावर, ऑफिस कानूनगो, पटवारी व अन्य कर्मचारियों की सूचना भेजने का आग्रह किया है। इनके विरुद्ध सक्षम न्यायालय में वन संरक्षण अधिनियम की धारा 02, 3ए व 3बी के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा। छत्तरगढ़-पूगल जमीन घोटाले को लेकर एसीबी की जांच निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। राजस्व विभाग से ज्यादातर रिकॉर्ड मिल चुका है। दोनों प्रकरणों में चालान पेश करने की तैयारी की जा रही है। एसीबी में जमीन घोटाले को लेकर दो आरएएस अधिकारियों, 34 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा 80 से ज्यादा लाभार्थियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के दो मुकदमे इसी साल मार्च में दर्ज हुए थे। गौरतलब है कि छत्तरगढ़ उपखंड में 6112 बीघा और पूगल में लगभग 2010 बीघा जमीन में हेराफेरी पाई गई थी, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व नुकसान हुआ था। चक 1 आरएसएम में कुल 1600 बीघा में से करीब 90 बीघा जमीन का दोहरा आवंटन हुआ था। यह जमीन 1977 में वन विभाग को दी गई थी। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज विकसित होने पर 34 गांव सेना को सौंप दिए गए। वहां से विस्थापित हुए सीताराम पुत्र बोदूलाल (खसरा नंबर 152/30), गंगूराम पुत्र नागरमल (खसरा नंबर 152/38), खुमा पुत्र रुघा लौहार (खसरा नंबर 152/39), खुमा पुत्र रुघा लौहार (खसरा नंबर 152/46) को 1987 में आवंटन कर दिया गया, जबकि विस्थापितों को अराजीराज जमीन दी जानी चाहिए थी। म्यूटेशन दर्ज होने के बाद 1992 में इन लोगों ने अपनी फाइलें लूणकरणसर तहसील के पांडूसर निवासी जगदीश, शांति, गोमती, विद्यादेवी और शांति पत्नी बीरबलराम को बेच दीं। पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिए बयनामे तैयार किए गए और नामांतरण खुलवाया गया, लेकिन 29 दिन के भीतर ही इंतकाल खारिज हो गया। 2023 में राहत शिविर में एक प्रशासनिक आदेश के जरिए पांचों के नाम जमीन का नामांतरण दर्ज कर दिया गया था। इसी प्रकार वन विभाग को चारागाह विकास के लिए 1977 में 1200 बीघा जमीन चक 2 डीएलएम में आवंटित की गई थी। जांच से पता चला कि तत्कालीन तहसीलदार ने आठ अलग-अलग आदेश जारी कर इस जमीन में से 270 बीघा को सीधे ही अराजीराज दर्ज कर सरकारी घोषित कर दिया। एक काश्तकार के नाम म्यूटेशन भी खोल दिया गया, लेकिन तब तक तहसीलदार बदल गया। नए तहसीलदार के सामने मामला आया तो उन्होंने म्यूटेशन खारिज कर दिया। छानबीन हुई तो गड़बड़ी सामने आ गई।

# फैक्ट्री में एमडी ड्रग्स बनाने का पर्दाफाश, 6 पकड़े

## कार्रवाई कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया

**जोधपुर** (कासं)। शेरगढ़ थाना इलाके में जोधपुर ग्रामीण पुलिस और गुजरात एटीएस ने मादक पदार्थ तस्करी को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने शेरगढ़ के सोइंतरा गांव में फैक्ट्री पर एमडी ड्रग्स बनाते हुए आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने मौके से केमिकल से भरे कई जार जब्त किए।

प्रारंभिक पूछताछ में यह सामने आया है कि आरोपी देर रात फैक्ट्री पर आकर नशे का केमिकल तैयार करते थे और सुबह से पहले वहां से निकल जाते थे।गुजरात एटीएस ने रविवार अलसुबह यह कार्रवाई कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गुजरात एटीएस की टीम रविवार अलसुबह वांटेड आरोपी मोनू ओझा की तलाश में बालोतरा के सिरमखिया गांव पहुंची थी। यहां डूंगरसिंह के मकान में छिपे मोनू और गोविंद सिंह सहित 5-6 बदमाशों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों बदमाशों ने शेरगढ़ क्षेत्र के सोइंतरा गांव में फैक्ट्री में ड्रग्स बनाने की जानकारी दी। इसके बाद गुजरात एटीएस और शेरगढ़ थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से सोइंतरा गांव के एक फैक्ट्री पर छापा मारा। यहां से एमडी ड्रग्स बनाते हुए फैक्ट्री में ड्रग्स में उपयोग होने वाले रासायनिक पदार्थों से भरे लगभग 5-6 जार मिले। सूचना पर एसपी ग्रामीण नारायण टोगस भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कहा कि मास्टरमाइंड गोविंद सिंह और उसके साथी रात में मोटरसाइकिल से ट्यूबवेल पर आकर रासायनिक प्रक्रिया पूरी करते और फिर लौट जाते थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मामले में 6 आरोपियों को पकड़ा गया है। पुलिस ने डूंगरसिंह (50) निवासी सिमरखिया, अलीमुद्दीन (58) निवासी प्रतापगढ़, गोविंद सिंह (40) निवासी सोईतरा शेरगढ़, मोनू ओझा (36) निवासी अहमदाबाद, रणविजय सिंह (50) निवासी प्रतापगढ़, अजीज खान (48) निवासी प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पिछले दिनों गुजरात पुलिस ने गुजरात के वापी में एक जगह छापा मारकर कार्रवाई की थी। इसके बाद मोनू नाम के केमिस्ट को पकड़ा था। मोनू की कॉल डिटेल में शेरगढ़ की भी लोकेशन आई थी। उसके बाद जांच करते हुए गुजरात पुलिस और जोधपुर पुलिस मौके पर पहुंची।

> ■ प्रारंभिक पूछताछ में यह सामने आया है कि आरोपी देर रात फैक्ट्री पर आकर नशे का केमिकल तैयार करते थे और सुबह से पहले वहां से निकल जाते थे।गुजरात एटीएस ने रविवार अलसुबह कार्रवाई की

# युवक की संदिग्ध मौत

**कोटा**, (निसं)। आरकेपुरम थाना इलाके में ट्रैक्टर-ट्रॉली से बजरी खाली करते समय युवक अचेत हो गया, जिसे उपचार के लिये अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार बालिता निवासी बाबूलाल केवट (38) लहसुनमंडी में व्यापारी के पास दिन में काम करता है।

और रात में मजदूरी करता था, आरकेपुरम क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली से बजरी खाली करते समय अचानक से बेहोश हो गया। जिसे उपचार के लिये अस्पताल में लाया गया।

जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है, मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं।

# पाचवीं की वार्षिक परीक्षा मार्च में

## ऑनलाइन आवेदन दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक संभव

**बीकानेर**। एजुकेशन रिपोर्टर। बीकानेर पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान बीकानेर ने 8वीं और 5वीं की वार्षिक परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी है। 5वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा इस बार अप्रैल की जगह मार्च में होगी। वहीं आठ्वीं बोर्ड परीक्षा 10वीं के साथ 12 फरवरी से 12 मार्च के बीच आयोजित की जाएगी। पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान बीकानेर की ओर से दोनों कक्षाओं की परीक्षा के लिए परीक्षा फार्म भरवाने की प्रक्रिया दिसंबर के अंतिम सप्ताह में शुरू होने की संभावना है।

दरअसल, 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। लेकिन आठ्वीं और पांचवी की वार्षिक परीक्षा के परीक्षा फॉर्म अभी तक भरवाने शुरू नहीं किए गए हैं। अगला शिक्षा सत्र 1 अप्रैल से शुरू होने के कारण इस बार 5वीं कक्षा में पढ़ ने वाले विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षाएं भी एक महीना जल्दी आयोजित होगी। पंजीयक महेश कुमार शर्मा ने बताया कि परीक्षा फार्म भरवाने की प्रक्रिया पर विचार मंथन चल रहा है। जल्द ही परीक्षा फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# पुणे-सांगानेर-पुणे साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष ट्रेन शुरू

**कोटा** (निसे)। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा पुणे-सांगानेर-पुणे के बीच 01405/01406 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष ट्रेन के 3 फेरे संचालित किए जा रहे हैं। यह विशेष गाड़ी कोटा मंडल के भवानीमंडी, रामगंजमंडी, कोटा एवं सवाई माधोपुर स्टेशनों से होकर चलेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि ट्रेन संख्या 01405 पुणे-सांगानेर विशेष दिनांक 19, 26 दिसंबर तथा 02 जनवरी को प्रत्येक शुक्रवार 09.45 बजे पुणे से प्रस्थान कर भवानीमंडी 01.03/01.05, रामगंजमंडी 01.28/01.30, कोटा 02.45/02.50 एवं सवाई माधोपुर 04.50/05.15 होते हुए शनिवार 06.45 बजे सांगानेर पहुँचेगी।

इसी प्रकार 01406 सांगानेर-पुणे विशेष दिनांक 20, 27 दिसंबर तथा 03 जनवरी को प्रत्येक शनिवार 11.35 बजे सांगानेर से रवाना होकर सवाई माधोपुर 13.40/14.00, कोटा 15.10/15.20, रामगंजमंडी 16.18/16.20 एवं भवानीमंडी 16.43/16.45 रुकते हुए आगे अपने गंतव्य की ओर बढ़ेगी। इस विशेष गाड़ी में 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 08 शयनयान श्रेणी तथा 04 सामान्य श्रेणी के डिब्बों सहित कुल 18 कोच सम्मिलित होंगे।

यह गाडी मार्ग में पुणे जंक्शन, कल्याण जंक्शन, भिवंडी रोड, वसई रोड़, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, अंकलेश्वर जंक्शन, वडोदरा जंक्शन, रतलाम जंक्शन, भवानीमंडी, रामगंजमंडी, कोटा जंक्शन, सवाई माधोपुर एवं सांगानेर स्टेशनों पर ठहरेगी।

> ■ यह गाड़ी कोटा मंडल के भवानीमंडी, रामगंजमंडी, कोटा और सवाई माधोपुर स्टेशनों से होकर गुजरेगी

# नकली पिस्टल के साथ फोटो वायरल करने वाला पकड़ा

**कोटा**, (निसं)। बोरखेड़ा पुलिस टीम ने सोशल मिडिया पर नकली पिस्टल के साथ फोटो वायरल करने के मामले में कार्यवाही करते हुए युवक को गिरफ्तार किया है, युवक ने दोस्तों पर धाक जमाने व खौफ पैदा करने के लिये फोटो वायरल की थी। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि बोरखेड़ा थाना क्षेत्र के कोरल पार्क एरिया में एक युवक द्वारा सोशल मिडिया पर पिस्टल के साथ फोटो वायरल करने की सूचना मिली थी। शहर एसपी ने बताया कि वायरल फोटो कोरल पार्क कोचिंग एरिया क्षेत्र मे होने से संवेदनशील मामला होने के कारण युवक की तलाश के लिये पुलिस उप अधीक्षक रूद्रप्रकाश के सुपरविजन में बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने तकनिकी प्रयास व असुचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए फोटो वायरल करने वाले युवक की पहचान करते हुए मनिया धौलपुर हाल कोरल पार्क निवासी कमल किशोर (20) को डिटेन कर पूछताछ की।

# जासूस की खरीदी भारतीय सिम पाकिस्तान में आईएसआई चला रही

**श्रीगंगानगर**। श्रीगंगानगर से पकड़े गए जासूस प्रकाश ने आईएसआई(इंटर-सर्विससेज इंटेलिजकेंस) एजेंटों के नंबर बाबाजी, वीरजी, बाला वीरजी के नाम से सेव कर रखे थे। इंटेलिजेंस एजेंसियों ने मोबाइल खंगाला तो सेना की कई महत्वपूर्ण फोटो-वीडियो एजेंट को भेजे गए थे। सूत्रों के हवाले से चैट के कुछ अंश भी जुटाए हैं। जासूस प्रकाश ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए 4 सिम खरीदे थे। उन नंबरों पर आईएसआई की महिला एजेंट ओटीपी हासिल कर वॉट्सऐप चलाती थी। फिर उन्हीं भारतीय नंबरों से बॉर्डर एरिया में सेना के जवानों को हनीट्रैप का शिकार बनाती थी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी प्रकाश ने राजस्थान और गुजरात के कई सैन्य ठिकानों की रेकी कर फोटो-वीडियो भेजे थे। आरोपी प्रकाश सिंह ने तीन आईएसआई एजेंट के नाम बाबाजी, वीरजी और बालावीरजी के नाम से सेव कर रखे थे। इन नंबरों से ही प्रकाश के पास कॉल आते थे। एजेंट के निर्देश मिलते ही प्रकाश तुरंत ही उस टास्क को पूरा करने में जुट जाता था। प्रकाश से सैन्य ठिकानों के फोटो-वीडियो मांगे जाते थे। आरोपी प्रकाश की आईएसआई एजेंट से लंबी वॉट्सऐप चैट पकड़ी गई है। पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे एजेंट प्रकाश से इंटेलिजेंस एजेंसियों की सामूहिक पूछताछ में चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। प्रकाश चंद पैसों का लालच देकर लोगों से डॉक्यूमेंट लेकर उनके नाम पर मोबाइल सिम खरीद लेता था। उन सिम को एक्टिवेट करवाकर, मोबाइल नंबर पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स को देता था। पाकिस्तानी एजेंट उन नंबरों पर वॉट्सऐप चलाने के लिए ओटीपी जेनरेट करते, जिसे प्रकाश हाथोंहाथ बता देता। ये वॉट्सऐप नंबर आईएसआई की महिला एजेंटों को सौंप दिए जाते थे। आशंका है कि महिला एजेंट इन एक्टिव वॉट्सऐप नंबरों पर इंडियन आर्मी की वर्दी में डीपी लगाकर बॉर्डर एरिया में सेना के जवानों को हनीट्रैप में इस्तेमाल करती थी। जांच टीमों को अभी तक आरोपी प्रकाश सिंह द्वारा एक्टिव कराए गए चार नंबरों की जानकारी मिली है। एक का उपयोग वह खुद कर रहा था, दूसरा नंबर पाकिस्तान में एक्टिव था। वहीं, दो अन्य नंबर दो अलग-अलग देशों में एक्टिव हैं। इन नंबरों पर चल रहे वॉट्सऐप से कितने लोगों को आईएसआई एजेंटों ने अपने जाल में फंसाया उसकी जानकारी जुटाई जा रही है। इसके लिए एजेंसियों ने वॉट्सऐप चलाने वाली कंपनी से तीन मोबाइल नंबरों की हिस्ट्री मांगी है। पाकिस्तानी एजेंट प्रकाश को मनचाहे तरीके से इस्तेमाल कर रहे थे। इसके बदले उसे पैसा भी दिया जाता था। मोबाइल की जब जांच की गई तो पता चला कि राजस्थान के अलवर, बीकानेर के खाजूवाला के अलावा प्रकाश पंजाब और गुजरात के कई आर्मी ठिकानों तक भी पहुंच गया था। वहां आर्मी कैंप, लोकेशन, सेना के मूवमेंट, सेना के प्रोजेक्ट जैसी जानकारियां भेज चुका था। इंटेलिजेंस अफसरों के अनुसार प्रकाश जानता था कि वह पाकिस्तानी एजेंटों को महत्वपूर्ण जानकारी दे रहा है। इससे देश को खतरा हो सकता है। लेकिन इसके बावजूद वह यह सब कर रहा था। उसे नशे की लत होने की जानकारी भी सामने आ रही है। फार्मेसी का स्टूडेंट रहा प्रकाश सिंह उर्फ बादल यह सब चंद पैसों के लालच में कर रहा था। आरोपी का एयरटेल बैंक में अकाउंट मिला है। प्रकाश सिंह के खाते में पिछले कुछ समय में करीब सवा लाख रुपए के लगभग भी पाकिस्तान और दूसरे देश से आया है। आईजी इंटेलिजेंस प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जाती है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से प्रकाश सिंह छठा पाक एजेंट है, जो पकड़ में आया है। 27 नवंबर को प्रकाश सिंह को श्रीगंगानगर में सेना के कैंट एरिया साधुवाली के आसपास संदिग्ध तौर पर देखा गया था। सूचना मिलने पर बॉर्डर इंटेलिजेंस टीम ने तुरंत कार्रवाई कर उसे हिरासत में लिया। पुष्टि होने पर 1 दिसंबर को स्पेशल पुलिस स्टेशन जयपुर में ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट 1923 के तहत मुकदमा दर्ज कर प्रकाश सिंह को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके मोबाइल फोन पर पाकिस्तान के वॉट्सऐप नंबरों से लगातार संपर्क में रहने की पुष्टि हुई। उन नंबरों पर आरोपी ने कई सेना से जुड़े कई फोटो, वीडियो भी भेज रखे थे। जासूसी करने से पहले प्रकाश सिंह पाकिस्तान से आने वाली ड्रग को देश के अलग-अलग राज्यों में सप्लाई करता था।

> ■ महिला एजेंट्स ने बनाए वॉट्सऐप अकाउंट, आर्मी जवानों को हनीट्रैप करने में हो रहा इस्तेमाल

# जरूरतमंद परिवारों को ऊनी सूती वस्त्र वितरित

## भरतपुर जिले मे पेंशर्स सेवा समिति ने सूती वस्त्र बांटे

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर जिला अग्रवाल पेंशनर्स सेवा समिति द्वारा सोगरिया मौहल्ला बीनारायन गेट पर वार्ड नरं. 45 में जरूरतमंद परिवारों को ऊनी सूती वस्त्र वितरित किये गये। लगभग 150 परिवारों के बच्चों, महिलाओं एवं पुरूषों को आवश्यकतानुसार वस्त्र उपलब्ध कराये गये। वस्त्र वितरण का कार्यक्रम सतीश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में एवं दीनदयाल गुप्ता, सुनील बंसल, आर.एस. गुप्ता एवं महेन्द्र भूषण के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। अग्रवाल पेंशनर्स द्वारा बहुत अच्छी तादाद में उपयोगी वस्त्र उपलब्ध कराये गये। इस अवसर पर हेमराज गोयल, सी.एम. गुप्ता, डॉ. अशोक अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण गुप्ता मुंशरिम, डॉ. अशोक बंसल, सत्यप्रकाश बंसल, ओमप्रकाश गुप्ता, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, सुरेश चंद अठावाल, अनिल अग्रवाल, कपूरचंद गबोयल, लक्ष्मी चंद अठावाल, चन्द्रप्रकाश गुप्ता, वेद प्रकाश सिंघल आदि पेंशनर सदस्य उपस्थित रहे।



भरतपुर जिला अग्रवाल पेंशनर्स सेवा समिति ने ऊनी वस्त्र बांटै।

# भारत-पाक बॉर्डर से संदिग्ध युवक पकड़ा

## महिला से मिलने रावलपिंडी जाने की फिराक में था, सेना ने पकड़ा

**बीकानेर**। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से जासूसी की घटनाओं के बीच सेना ने पाकिस्तान जाने की फिराक में एक युवक को पकड़ा है। युवक 9 सालों में दूसरी बार अवैध तरीके से पाकिस्तान जा रहा था, जिसे 17 केवाईडी से पकड़कर जवानों ने पुलिस को सौंप दिया। अब ज्वाइंट इंट्रोगेशन में सेना और सुरक्षा एजेंसियां युवक से पूछताछ करेंगी। हालांकि प्रारंभिक अनुमान है कि युवक पाकिस्तान के रावलपिंडी में किसी महिला से मिलने के लिए बॉर्डर पार करने की कोशिश कर रहा था। खाजूवाला थानाधिकारी सुरेन्द्र प्रजापत ने कहा- शनिवार की शाम एक युवक 17 केवाईडी में पाकिस्तान जाने की बात कर रहा था। वो बॉर्डर का वो रास्ता ढूंढ रहा था, जहां से आसानी से पाकिस्तान में घुस सके। इस बात की भनक आर्मी इंटेलिजेंस को लगी। इसके बाद उसे 17 केवाईडी से ही पकड़ लिया गया। संदिग्ध व्यक्ति की पहचान आंध्र प्रदेश निवासी प्रशांत वेदम के तौर पर पहचान हुई है। आशंका है कि वह दोबारा पाकिस्तान जा रहा था। विशाखापटटनम से बीकानेर स्थित भारत-पाक बॉर्डर पर आने के कारणों का खुलासा ज्वाइंट इंट्रोगेशन में होने की उम्मीद है।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि प्रशांत इससे पहले भी साल 2017 में पाकिस्तान गया था। तब वो करणी पोस्ट के पास से होते हुए 15 अप्रैल को पाकिस्तान में घुस गया था। बताया जा रहा है कि तब उसे पाकिस्तान आर्मी ने गिरफ्तार कर लिया था। बाद में साल 2021 में उसे वापस भारत के हवाले किया गया। वो अटारी बॉर्डर से होते हुए भारत में आया था। हालांकि प्रशांत की बातों पर आर्मी को संदेह है। आर्मी के अनुसार- एक बार पाकिस्तान जाने के बाद दोबारा क्यों जाना चाहता है। उसकी गतिविधियों को संदिग्ध मानते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पाकिस्तान के रावलपिंडी में किसी महिला मित्र से युवक के कॉन्टैक्ट होने की आशंका है, जिससे मिलने की फिराक में युवक बॉर्डर पार करना चाह रहा था। हालांकि यह सिर्फ प्रारंभिक जानकारी है, जेआईसी के बाद ही सही जानकारी सामने आ पाएगी। एक्सपर्ट के अनुसार युद्ध के समय हर छोटी से छोटी जानकारी दुश्मन देश के लिए महत्वपूर्ण होती है। जासूस सीमावर्ती क्षेत्रों में हर तरह की जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के एजेंटों को शेयर करते हैं। सबसे महत्वपूर्ण जानकारी सेना की मूवमेंट से लेकर उनके ठिकानों की साझा करते हैं। साथ ही सैन्य स्ट्रक्चर, तैनाती, फेंसिंग, बीओपी आदि की लोकेशन, फोटो और डिटेल साझा करते हैं। अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगते क्षेत्रों में बिल्डिंग का कंस्ट्रक्शन हो या सैन्य संबंधी कोई कंस्ट्रक्शन, साथ ही अंडरब्रिज,ओवरब्रिज, सड़क आदि के निर्माण की डिटेल भी जासूस पाकिस्तान में शेयर करते हैं। जासूसों से आर्मी एरिया में स्थापित स्कूल, हॉस्टल और अन्य एडमिन बिल्डिंग की फोटो व लोकेशन की डिमांड की जाती है। सीमावर्ती क्षेत्र में मोबाइल टावर की लोकेशन उसकी फोटो आदि भी यह जासूस पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के एजेंटों को साझा करते हैं।

# कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से 2028 में फिर से बनेगी भाजपा सरकार : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार जनहितैषी और लोक कल्याणकारी नीतियों पर कर रही है उत्कृष्ट कार्य : मदन राठौड़

**जयपुर** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय जयपुर में रविवार को नवनियुक्त पदाधिकारियों की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने की। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थित रही। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों का परिचय, संगठन की मजबूती तथा सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनहितैषी और लोककल्याणकारी नीतियों पर उत्कृष्ट कार्य कर रही है। सरकार किसानों, महिलाओं, युवाओं सहित समाज के हर वर्ग के लिए नई योजनाएं शुरू कर रही है। बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने, राइजिंग राजस्थान आयोजित करने तथा नई नीतियों के क्रियान्वयन पर तेज़ी से कार्य हो रहा है। उन्होंने पदाधिकारियों से अपील की कि कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम और मिथ्या प्रचार का तथ्यों के साथ मुकाबला करें, क्योंकि कांग्रेसी नेता असत्य का सहारा लेकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में नवनियुक्त पदाधिकारियों की प्रथम बैठक ली।

- ‘संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का निर्माण अत्यंत आवश्यक, पदाधिकारी उत्तरदायित्व का अवश्य करें आत्म-मूल्यांकन’

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण के बल पर ही संगठन मजबूत होता है और इन्हीं कार्यकर्ताओं की बदौलत 2028 में फिर से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ आपसी समन्वय बनाकर टीम भावना के साथ कार्य करें। पदाधिकारियों की निर्णय क्षमता ऐसी होनी चाहिए जो जनता के कल्याण में सहायक सिद्ध हो। संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का निर्माण अत्यंत आवश्यक है और यह एक सतत प्रक्रिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी को अपने कार्य और उत्तरदायित्व का निरंतर आत्म-मूल्यांकन करते रहना चाहिए, जिससे संगठन और स्वयं दोनों को मजबूती मिलती है। बैठक में संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान, सरकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंन्द्र पाल सिंह टीटी, मुकेश दाधीच, नाहर सिंह जोधा, बिहारी लाल विश्नोई, छगन माहुर, हकरू भाई मईडा, ज्योति मिर्धा, अल्का मूंदडा, सरिता गैना, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, कैलाश मेघवाल, भूपेंद्र सैनी, डॉ मिथिलेश गौतम, प्रदेश मंत्री नारायण मीणा, अजीत मांडण, डॉ अपूर्वा सिंह, आईदान सिंह भाटी, एकता अग्रवाल ,नारायण पुरोहित, सीताराम पोसवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष डॉ श्याम अग्रवाल, प्रदेश कार्यालय सचिव मुकेश पारीक, प्रकोष्ठ प्रभारी विजेंद्र पूनियां, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, प्रवक्ता रामलाल शर्मा, कुलदीप धनकड, दशरथ सिंह, मदन प्रजापत, राखी राठौड़, स्टेफी चौहान, भाजपा आईटी प्रभारी अविनाश जोशी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष, मेयर और प्रधानों के साथ की बैठक

## सरकार के कामों और उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाएं : भजनलाल शर्मा

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक, प्रधान, मेयर, चैयरमेन, डेयरी चैयरमेन, कॉपरेटिव सोसायटी अध्यक्ष और विधायक प्रत्याशियों के साथ आगामी निकाय एवं पंचायतीराज चुनाव की तैयारी तथा संगठनात्मक जिम्मेदारी को लेकर बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर कार्यकर्ता को काम और सम्मान के साथ जिम्मेदारी दी जाएगी। सभी वर्गों को संगठन और चुनावी प्रक्रिया में उचित प्रतिनिधित्व मिले इसके लिए पार्टी प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को निभाएं और पार्टी को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि इस बैठक में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं के अनुभव का लाभ संगठन को जरूर मिलेगा। साथ ही, उन्होंने आने वाले समय में विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों में सभी की सक्रिय सहभागिता की अपील की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम सभी को मिलकर निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारी करनी है, इसलिए दो वर्षों में हमारी सरकार ने जो विकास कार्य किए हैं उन्हें जनता तक पहुंचाएं, क्योंकि प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकास के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध करवाया है। उन्होंने कहा कि 15 दिसम्बर को राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण हो रहे हैं इस अवसर पर भी विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रम व समारोह आयोजित होंगे। इसमें भी सभी की सक्रिय सहभागिता अपेक्षित है। राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों और कार्यों का प्रचार-प्रसार करें।

- कांग्रेस ने तुष्टीकरण के आधार पर वार्ड और पंचायतें बनाई, हमने पानी-बिजली के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किए : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने अपने 5 साल के कार्यकाल में जितने काम नहीं किए उससे अधिक हमने दो साल के कार्यकाल में किए हैं। जब भी इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस के नेताओं से जवाब मांगा जाता है, तो पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली कोई जवाब नहीं देते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय पेपरलीक हुए, युवाओं का भविष्य खराब हुआ। चुनाव जीतने के लिए इन्होंने झूठे वादे तक किए। प्रदेश में कांग्रेस ने मनमर्जी और तुष्टीकरण के आधार पर वार्ड, पंचायतों और जिलों का गठन किया था, लेकिन हमारी सरकार ने तथ्यों के आधार पर इनका पुनर्गठन किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में आते ही पानी के लिए रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौते की सौगात दी, साथ ही, प्रदेश में विभिन्न नहरी तंत्रों को मजबूत बनाने के लिए उचित बजट दिया है। उन्होंने कहा कि किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण एमओयू किए हैं। प्रदेश में खनन क्षेत्र को मजबूत बनाया जा रहा है जिससे युवाओं को अधिक रोजगार मिलेगा। अब पिछली कांग्रेस सरकार की तरह पेपरलीक नहीं होते, बल्कि हमारी सरकार ने रिकॉर्ड समय में 92 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। राइजिंग राजस्थान का आयोजन कर प्रदेश में नव औद्योगिक विकास को गति और धार दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राजस्थान का देश और विदेश में सम्मान बढ़ाने वाले प्रवासी राजस्थानियों के लिए प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन कर रही है। इस आयोजन के माध्यम से प्रवासी भाई-बहन प्रदेश की विकास यात्रा में सहभागी बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से शेखावाटी की हवेलियों को संरक्षित और सुरक्षित बनाने के लिए भी समय पर उचित निर्णय लिए हैं, जिसका फायदा पर्यटन क्षेत्र को होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश की आजादी के बाद राष्ट्रवादी लोगों ने जनसंघ की स्थापना की और देश के सामने आ रही चुनौतियों का डटकर सामना किया। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय ने देश के लिए प्राण न्यौछावर किए और अपने जीवनकाल में संगठन और कार्यकर्ताओं को हमेशा राष्ट्र प्रथम की भावना के लिए तैयार किया। बैठक में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, सांसद राजेन्द्र गहलोत, दामोदर अग्रवाल और पूर्व सांसद नारायण पंचारिया सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कर्नल राठौड़ ने राज्यपाल की जैकेट पर लगाया बैज

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस की बधाई दी है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर रविवार को सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड ने लोक भवन पहुंचकर राज्यपाल की जैकेट पर प्रतीकात्मक रूप में झंडा (बैज) लगाया। राज्यपाल ने इस मौके पर अपनी ओर से सैनिकों के कल्याण हेतु स्थापित फंड में अपनी ओर से आर्थिक राशि का सहयोग भी किया।

- राज्यपाल ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस की बधाई दी
- सैनिका और उनके परिजनों के सहयोग के लिए मुक्त हस्त से सहयोग का किया आव्हान



सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर रविवार को सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड ने लोक भवन पहुंचकर राज्यपाल की जैकेट पर प्रतीकात्मक रूप में झंडा ( बैज ) लगाया।

राज्यपाल ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर देश के जांबाज सैनिकों का स्मरण करते हुए उनकी शहादत को नमन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र उन बहादुर सैनिकों के प्रति कृतज्ञ हैं, जो अपने अदम्य साहस के साथ देश की सीमाओं पर तैनात हमारी रक्षा करते है।

राज्यपाल ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सैनिकों के कल्याण के लिए स्थापित फंड में सभी को मुक्त हस्त से सहयोग करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के लिए अहर्निश समर्पित सैनिकों और उनके परिजनों का कल्याण हमारी प्राथमिकता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सैनिकों के राष्ट्र के प्रति योगदान, उनकी प्रतिबद्धता, कर्तव्यपरायणता से हर भारतीय को प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस अवसर पर सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर वीरेन्द्र सिंह राठौड़ भी मौजूद रहे।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर युवती ने 2 लाख रु. हड़पे

**जयपुर।** आदर्श नगर थाना इलाके में एक शातिर युवती ने इंस्टाग्राम के जरिए युवक से दोस्ती की। फिर प्यार के जाल में फंसा कर शादी करने का झांसा दिया। काफी समय लिव इन रिलेशन में रहने के बाद शातिर युवती ने पीड़ित प्रेमी को झूठे दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी देकर दो लाख रुपए ऐंठ लिए और दस लाख रुपए ओर देने की डिमांड की। लगातार मिल रहीं धमकी से परेशान होकर पीडित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने बयानों के आधार पर युवती के खिलाफ ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

- आरोपी ने ब्लैकमेल कर 10 लाख रुपए की डिमांड रखी
- युवती ने हनी ट्रैप में फंसाने की दी धमकी दी तो पुलिस थाने पहुंचा पीड़ित

थानाधिकारी मनीष गुप्ता ने बताया कि घाटगेट निवासी 28 वर्षीय युवक ने मामला दर्ज कराया है कि वर्ष 2024 में युवती से इस्ट्राग्राम के मार्फत दोस्ती हुई थी। जिसके बाद युवती ने शादी का झांसा दिया और लिव इन रिलेशन में रहने लगी। जिसके बाद शातिर युवती ने पीड़ित को झांसा देकर दो लाख रुपए ले लिए। पीड़ित ने युवती पर शादी का दबाव बनाया तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। जिसके बाद शातिर युवती ने झूठे दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी दी और दस लाख रुपए की डिमांड की। पैसे नहीं देने पर खुद के गुर्गे से जान से मरवाने की धमकी दी। पुलिस ने पीडित के बयानों के आधार पर शातिर युवती के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## फंदे से झूलकर युवती ने की आत्महत्या


**जयपुर।** मालपुरा गेट थाना इलाके में एक युवती ने अज्ञात कारणों के चलते चुन्नी के फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए महात्मा गांधी अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। थानाधिकारी उदयभान यादव ने बताया कि सहारनपुर ,उत्तर प्रदेश हाल महावीर नगर निवासी शिवानी (22) पुत्री राजेश ने अज्ञात कारणों के चलते अपने कमरे में चुन्नी का फंदा बनाया और उससे लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली वो अपने माता-पिता के साथ ही रहती थी।


# मेहंदीपुर बालाजी के लिए 8 दिसम्बर से हेलिकॉप्टर सेवा शुरू

**जयपुर** (कासं)। दौसा जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मेहंदीपुर बालाजी के लिए सोमवार से हेलिकॉप्टर सेवा शुरू होगी। यह पहली उडान सेवा सुबह 11 बजे यहां उतरेगी। मेहंदीपुर बालाजी जो कि ‘पंच गौरव’ में शामिल है वहां पर जिला प्रशासन धार्मिक पर्यटन के विकास की संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। उसी क्रम में यहां हेलिकॉप्टर सेवा शुरू होना भी एक महत्वपूर्ण कदम है। बालाजी के दर्शन करने के लिए देश के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, जिनके लिए रेल एवं सड़क मार्ग से आवागमन की अच्छी सुविधा उपलब्ध है। अब हेलिकॉप्टर सेवा शुरू होने से यहां धार्मिक पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को फायदा होने के साथ स्थानीय निकायों के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। भविष्य में जल्द ही दौसा जिले के अन्य पर्यटन स्थल जैसे आभानेरी इत्यादि को भी इस सेवा से जोड़ा जाएगा। यह सेवा राज्य सरकार के प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय एवं पर्यटन मंत्रालय की नीतियों के अनुरूप शुरू की जा रही है।

# पांच मंजिला झुकी हुई होटल की बिल्डिंग को जयपुर विकास प्राधिकरण ने किया ध्वस्त

## मालवीय नगर में गिरधर मार्ग पर निर्माणाधीन होटल की इमारत शनिवार को एक ओर झुक गई थी, जिसे दो क्रेन का सहारा देकर रोका गया था





जयपुर के मालवीय नगर में निर्माणाधीन बिल्डिंग को जे.डी.ए. टीम ने ध्वस्त किया। इस दौरान मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ उपस्थित रही । फोटो-राष्ट्रदूत

**जयपुर** (कासं)। मालवीय नगर इलाके में स्थित सेक्टर-9 शहीद अमित भारद्वाज पेट्रोल पंप के सामने शनिवार सुबह बेसमेंट में बोरिंग करते वक्त झुकी पांच मंजिला निर्माणाधीन होटल को जेडीए ने रविवार को ध्वस्त कर दिया। पांच मंजिला इस बिल्डिंग के ध्वस्त होने के बाद आसपास के लोगों और प्रशासन ने राहत की सांस ली।

इसे गिराने से पहले बिल्डिंग की संरचना को कमजोर करने के लिए जेसीबी मशीनों से ड्रिलिंग की गई थी। होटल के मालिक जेडीए की कार्रवाई का विरोध करने पहुंचे। इस दौरान उनकी पुलिस अधिकारियों से बहस हो गई। जेडीए कार्रवाई के दौरान पांच मंजिला निर्माणाधीन होटल के मालिकों ने राजनीति पावर का इस्तेमाल किया। जेडीए की कार्रवाई के दौरान पीड़ितों ने बताया कि इस बिल्डिंग के निर्माण कार्य से पहले नगर निगम में 1 लाख 25 हजार रुपए जमा करवा कर निर्माण कार्य की इजाजत ली थी। लेकिन प्रशासन अब इससे अवैध बता कर तोड़ रहा है।

वहीं कार्रवाई के दौरान जेडीए जोन-1 के तहसीलदार शिवांग शर्मा ने बताया कि रेजिडेंशियल एरिए में बिना अनुमति के कॉमर्शियल गतिविधि कर नियम के विरूद्ध पांच मंजिला होटल बनाया जा रहा था। जिसमें बेसमेंट भी खोद लिया और बोरिंग खुदाई का कार्य भी किया जा रहा था। होटल मालिकों ने जेडीए को इस निर्माण कार्य की जानकारी नहीं दी और बिना अनुमति के अवैध निर्माण कर डाला।

- रविवार को क्रेन का सहारा जैसे ही बिल्डिंग से हटाया गया तो इमारत नीचे आ गिरी, ध्वस्तीकरण को लेकर मालिकों की पुलिस अधिकारियों से हुई झड़प

प्रशासन और आमजन के लिए सिर दर्द बन चुकी इस पांच मंजिला बिल्डिंग को ध्वस्त करने की कार्रवाई सुबह करीब 11 बजे से ही शुरु हो गई और जेडीए अपने पूरे संसाधनों को लेकर मौका पर जा पहुंचा। लेकिन जेडीसी की परमिशन नहीं मिलने के कारण जाप्ते को कुछ घंटो इतजार करना पड़ा। दोपहर करीब 2 बजे जेडीसी के आदेश मिलते ही जाप्ते ने अपना काम शुरु किया और कुछ ही घंटों में पांच मंजिला अवैध बिल्डिंग को जमीदोंज कर दिया।

जेडीए जाप्ते के पहुंचते ही सबसे पहले से डंपर की सहायता से बेसमेंट में मिट्टी भरवाई गई। ताकी इसका मलवा और पत्थर आसपास नहीं फेल। इसके बाद सहारे के लिए लगाई गई क्रेन को हटाया गया। क्रेन के हटते ही पांच मंजिला बिल्डिंग नीचे झकने लगी। जेसीबी मशीनों से ड्रिलिंग कर इमारत को कमजोर किया गया। प्रशासन ने पांच मंजिला बिल्डिंग ध्वस्त करने से पहले आसपास की दुकानों और अस्पताल को पूर्णता खाली करवा लिया।

जेडीए की इस कार्रवाई को देखने के लिए घटना स्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। जिसके बाद पुलिस ने रोड़ के दोनो ओर बेरिकेट्स लगा कर यातायात जाम किया। प्रशासन ने इस कार्रवाई के दौरान आमजन के हितों का ध्यान रखते हुए फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस और बिजली विभाग की टीम को मौके पर बुलाया। ताकी कोई अनहोनी होने पर उससे तुरंत निपटा जा सकें।

बताया जा रहा है कि पांच मंजिला बिल्डिंग में तीन पार्टनर है। नरेश मनवानी, सुमित और प्रशांत। नरेश मानवानी ने बताया की करीब पांच महीने से बिल्डिंग का निर्माण चल रहा है। रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट बना रहे थे। जेडीए से अप्रूव्ड है। सीढ़ियों की तरफ गड्ढा खोद रहे थे। इस दौरान पिलर हिल गया। इससे झुकाव आ गया। बेसमेंट के लिए लोहे की सीढ़ियां लगा रहे थे। इसी के लिए गड्ढा खोदा जा रहा था। अभी किसी तरह का कोई नोटिस नहीं मिला है।

# एनएचएम मैनेजमेंट कैडर के 4518 पदों के नियमितीकरण की मांग

## सरकार को पन्द्रह दिन का अल्टीमेट ''सुनवाई नहीं हुई तो करेंगे बड़ा आंदोलन''

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) मैनेजमेंट कैडर के 4 हजार 518 पदों के नियमितीकरण की मांग को लेकर राज्यभर के एनएचएम कर्मचारी एक बार फिर लामबद्ध हो गए हैं। अखिल राजस्थान (एनएचएम) सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने सरकार को पन्द्रह दिन का अल्टीमेट देते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि निर्धारित अवधि में मांगें नहीं मानी गई,तो हजारों कर्मचारी सड़क पर उतरकर राज्यव्यापी आंदोलन करेंगे।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष विजय सिंह शेखावत ने कहा कि एनएचएम मैनेजमेंट कैडर राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ है। लेकिन वर्षों से सेवाएं देने वाले कर्मचारियों को अभी तक अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीएसआर नियम 2022 के अनुसार पात्र कर्मचारियों को नियमित किया जाना चाहिए। परंतु प्रक्रिया अब तक लंबित है।

- ‘लगभग 250 कर्मचारी 55 वर्ष से अधिक आयु के हैं, जबकि 2 हजार 388 कर्मचारी 15 वर्ष से अधिक सेवा अवधि पूरी कर चुके हैं’

शेखावत ने बताया कि लगभग 250 कर्मचारी 55 वर्ष से अधिक आयु के हैं, जबकि 2 हजार 388 कर्मचारी 15 वर्ष से अधिक सेवा अवधि पूरी कर चुके हैं। इसके बावजूद उन्हें नियमितीकरण के लाभ तो दूर,आरजीएचएस योजना का लाभ तक नहीं मिल रहा है। उन्होंने मांग की कि सभी पात्र कर्मियों को तत्काल आरजीएचएस स्कीम से जोड़ा जाए तथा लंबे समय से कार्यरत संविदा कर्मियों की नौकरी सुरक्षा और सम्मानजनक सेवा शर्तें सुनिश्चित की जाएं।

संघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष शेर सिंह सैनी ने कहा कि नियमितीकरण प्रक्रिया में हो रही देरी से हजारों परिवार असुरक्षा और अनिश्चितता में जी रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार पन्द्रह दिनों में ठोस निर्णय नहीं लेती है,तो प्रदेशभर से एनएचएम मैनेजमेंट कैडर के हजारों कर्मचारी जयपुर में विशाल विरोध प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारियों का कहना है कि यह आंदोलन केवल अधिकारों की लड़ाई नहीं, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था को स्थिर और मजबूत रखने के लिए आवश्यक कदम है। अब सबकी निगाहें सरकार की अगली घोषणा पर टिकी हैं।

# विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विभिन्न विकास कार्य शुरु किए



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर विकास प्राधिकरण के विकास कार्य शुरु किए।

**अजमेर,** । विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा रविवार को अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा वार्ड 74 में आंतेड माता से पुराने मित्तल अस्पताल तक तथा आंतड श्मशान के पास नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस नाले का निर्माण करीब 298 लाख 25 हजार रुपए की लागत से किया जाएगा। यह नाला वर्षों से जलभराव और कच्चे नाले के टूटने से उत्पन्न हो रही समस्याओं को दूर करेगा। क्षेत्र में बरसात के दौरान नाले के ओवरफ्लो होने, बदबू फैलने तथा कचरा सडक़ पर आने से नागरिकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इस नाले के निर्माण से वार्ड 74 के लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि माता जी के मंदिर से लेकर छत्री योजना तक लगभग 600 मीटर लंबे कच्चे नाले की वजह से हर वर्ष बारिश के दौरान जलभराव, गंदगी और आवागमन में दिक्कतें उत्पन्न होती रही हैं, उन्होंने कहा कि लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस नाले का कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अजमेर उत्तर क्षेत्र में अब तक लगभग 60 करोड़ रुपए की लागत से 15 नालों का निर्माण पूरा किया जा चुका है। इससे क्षेत्र धीरे-धीरे जलभराव की समस्या से मुक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि अजमेर तेज़ी से विकास की राह पर है और आधारभूत ढांचे के लिए सैकड़ों करोड़ रुपए के कार्य किए जा रहे हैं। राज्य के नक्शे पर अजमेर एक स्वच्छ, सुंदर और स्मार्ट शहर के रूप में उभरेगा। इसके पश्चात विधानसभा अध्यक्ष ने बजट घोषणा 2025-26 के अंतर्गत वार्ड 75 में स्वीकृत विभिन्न सडक़ निर्माण कार्यों का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सडक़ें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। अच्छी सडक़ें आवागमन को सुगम बनाने के साथ व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और दैनिक जीवन की गतिविधियों को गति देती हैं। उन्होंने कहा कि करणी नगर, विनायक नगर और स्टीफन स्कूल क्षेत्र में जिन सडक़ों का निर्माण प्रारंभ किया गया है। वे स्थानीय निवासियों की कई वर्षों से लंबित मांग थीं। इन सडक़ों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को अत्यधिक सुविधा मिलेगी और स्थानीय विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। देवनानी ने कहा कि पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य उनकी प्राथमिकता है और सभी विभागों को समयबद्ध एवं मानकों के अनुरूप कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्टीफन स्कूल के सामने सी ब्लॉक की क्षितठास्त गलियों के पुनर्निर्माण पर 30 लाख रुपए , करणी नगर में भोम गुर्जर के मकान से डॉ. शैतान सिंह के मकान तक सडक़ निर्माण पर 20 लाख रुपए तथा विनायक नगर की विभिन्न गलियों के निर्माण पर 45 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे। इन कार्यों के पूरा होने से वार्ड 75 की कई कॉलोनियों में आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित होगा। इस मौके पर पार्षद रूबी जैन, अशोक शर्मा, दयाल राम सवासिया, रोहित भाट, शंकर सिंह, आदित्य जैन, चनेश धोलपुरिया सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे ।

# व्यापारी से मारपीट, रूपयों से भरा बैग छीना

■ बचाने आए मुनीम व मिस्त्री के साथ भी कुछ लोगों ने मारपीट की

**गंगापुर सिटी** । रीको औद्योगिक क्षेत्र में रविवार को रीको उपक्रमी संगठन के पूर्व अध्यक्ष और व्यापारी हनुमान प्रसाद गुप्ता पर कुछ लोगो ने हमला कर उन्हें गंभीर घायल कर दिया। इस हमले में उन्हें बचाने आए उनके मुनीम और मिस्त्री भी चोटिल हो गए। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में नाराजगी है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल हनुमान प्रसाद गुप्ता का पर्चा बयान दर्ज किया है। हनुमान प्रसाद गुप्ता ने अपने बयान में बताया कि उनकी फैक्ट्री बालाजी इंडस्ट्रीज, रीको इंडस्ट्रीज एरिया में स्थित है। रविवार को जब वे अपने ऑफिस में बैठे थे, तभी बाहर से किसी ने उनका नाम लेकर आवाज लगाई। जैसे ही वे गेट पर पहुंचे, 15-20 लोग हथियारों के साथ फैक्ट्री परिसर में घुस आए। आरोपियों ने उनसे कैश कहां रखा है पूछते हुए दबाव बनाया। इनकार करने पर उन्हें गेट से बाहर घसीट लिया और लाठी, सरिया, पाइप तथा फैक्ट्री में पड़े औजारों से मारपीट की गई। इस हमले में गुप्ता के सिर, कमर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं, और उनके एक पैर में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। पीडित ने बताया कि आरोपी दो लाख रुपए लेकर भागे है। गुप्ता को बचाने पहुंचे उनके मुनीम ऋषिकेश सैनी और मिस्त्री हरि सिंह गुर्जर को भी आरोपियों ने पीटकर घायल कर दिया। गुप्ता ने बताया कि हमलावर उनका एक बैग भी छीनकर ले गए, जिसमें लगभग दो लाख रुपए नकद, हिसाब-किताब के कागज और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज के साथ उनका मोबाइल भी छीन लिया गया है। उद्योगपतियों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि औद्योगिक क्षेत्र में ऐसी घटनाएं होती रहीं, तो व्यापारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ेगी। उन्होंने पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना के बाद पूर्व उपसभापति व भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंघल, कांग्रेस पीसीसी सदस्य मुकेश देहात, कांग्रेस नेता वीरेन्द्र अग्रवाल टोडा, रीको अध्यक्ष संतोष, कोषाध्यक्ष कुंदन नमकीन, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष गिरधारी धोलेटा, बाबूलाल नारौली, देवेश पीतलिया, सौरभ बरडिया आदि हॉस्पीटल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मुकेश देहात और वीरेन्द्र अग्रवाल ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि शहर में आए दिन इस तरह की घटनाएं होना आम बात हो गई है, शहर की जनता खासकर व्यापारी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

## हादसे में कंपनी मैनजर की मौत

**अलवर** । अलवर शहर के अरावली विहार थाना क्षेत्र के इटाराना पुलिया पर रविवार दोपहर करीब 2 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 40 वर्षीय भगवान सहाय सैनी पुलिया से नीचे गिर गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनकी बाइक पुलिया के ऊपर ही खड़ी मिली जबकि व्यक्ति नीचे गिरा हुआ था।

घटना के बाद मौके पर जुटी भीड़ ने पुलिस को सूचना दी। अरावली विहार थाने से एएसआई इशराक खान मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक भगवान सहाय सैनी अलवर शहर के जुबली बास मोहल्ले की गली नंबर 3 का रहने वाला था। सूचना पर जब पुलिस पहुंची तो व्यक्ति नीचे गंभीर अवस्था में पड़ा मिला तथा पास में हेलमेट भी नहीं मिला। बाइक पुलिया के ऊपर ही सुरक्षित अवस्था में पाई गई।

मृतक भगवान सहाय सैनी भरतपुर स्थित रेनॉल्ड्स कंपनी में सर्विस मैनेजर के रूप में कार्यरत थे और रोजाना की तरह आज भी भरतपुर से अलवर अपने घर लौट रहे थे। पुलिया पर चढ़ते ही किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मारी, जिसके बाद वे नीचे जा गिरे। परिजन रमन सैनी ने बताया कि भगवान सहाय तीन भाइयों में से एक थे और उनके तीन बच्चे हैं।

# दोहरे हत्या मामले में सलूम्बर में दूसरे दिन भी रहा तनाव

**उदयपुर,** (का.स.)। सलूंबर जिले के सेमारी थाना इलाके में महिला और बच्चे की हत्या के बाद दूसरे दिन रविवार को भी तनावपूर्ण हालात देखने को मिले। ग्रामीण और परिजन मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी और परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग पर अडे हुए हैं। डीएसपी चांदमल सिंगारिया समेत 4 थानों की पुलिस मौके पर मोर्चा संभाले हुए हैं।

पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बाद भी परिजन नहीं माने, उनका कहना है कि जब तक हमारी दोनों मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक वे शव को नहीं उङ्गाएंगे। फिलहाल सलूंबर जिला अस्पताल मोर्चरी में महिला और बच्चे के शवों को रखा गया है। अभी तक शवों का पोस्टमार्टम नहीं हुआ है।वहीं पुलिस का कहना है कि आरोपियों को पकडने के लिए टीमें जिले भर और इसके आसपास लगातार दबिश दे रही है। जल्द आरोपी गिरफ्तार किए जाएंगे।

गोडासर पंचायत सरपंच राजेंद्र मीणा के अनुसार पुलिस ने जल्द आरोपियों को पकडने का आश्वासन दिया है। पुलिस पोस्टमार्टम कराने के लिए लगातार समझाइश में जुटी हुई है।सरपंच ने कहा कि जितना जाब्ता पुलिस ने गांव में लगाया है अगर उतना जाब्ता आरोपी को पकडने के लिए लगा देते तो अब तक वह पकडे जाते। लेकिन आरोपी अभी तक भी नहीं पकडे गए।उन्होंने कहा कि जब तक आरोपी नहीं पकडे जाते तब तक परिजन शव नहीं उङ्गाएंगे। आसपास के गांवों के सामाजिक पंचों की मौजूदगी में पुलिस और परिवार के साथ लगातार वार्ता चल रही है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे सेमारी इलाके के गुडासर गांव के पास जहात फलां में घर में घुसकर आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। देर रात अचनाक घर में से चीखने.चिल्लाने की आवाज आई तो पडोसी पहुंचे।इस दौरान गौरी (65) और उसके नाती सुरेन्द्र (5 ) के शव लहूलुहान हालत में देखकर उनके होश उड गए। दोनों के पेट और छाती पर कई वार किए गए थे, सिर में भी गंभीर चोटें नजर आ रही थी। पुलिस ने बताया कि गौरी के पैर पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। आरोपी उसके पैर के टुकडे कर चांदी के कडे ले गए। घटना के समय परिवार पडोस में चल रहे सत्संग कार्यक्रम में गया हुआ था। तभी बदमाश घर में घुसे और वारदात को अंजाम दिया।5 वर्षीय मृतक सुरेन्द्र बडी बेटी शारदा पति रमेश का बेटा है।

# राजस्थानी के पांच साहित्यकार सम्मानित



राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने पांच साहित्यकारों का सम्मान किया।

**जयपुर, चूरू।** राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने चूरू जिला मुख्यालय स्थित सूचना केंद्र में प्रयास संस्थान की ओर से आयोजित राजस्थानी साहित्यकार सम्मान समारोह में शिरकत कर पांच साहित्यकारों का सम्मान किया। लखावत ने कहा कि राजस्थानी भाषा की मान्यता के लिए हम सतत् प्रयत्नशील हैं। साथ ही क्षेत्रीय भाषाओं के संवर्द्धन के लिए भी प्रयास हम सभी को करना होगा। हमें आपस में अपनी मायड़ भाषा में बातचीत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां भाषा और संस्कृति की बात आए, सभी मतभेद भुलाकर एक होना चाहिए । इस अवसर पर उन्हें बतौर राज्यसभा सांसद सदन में राजस्थानी भाषा को मान्यता दिए जाने संबंधी मुद्दे उठाए जाने की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार भोजपुरी और राजस्थानी को मान्यता देने के लिए तैयार है, लेकिन प्रक्रिया का पालन होने में कई बार देर हो जाती है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण लोकदेवता तेजाजी, महाराणा प्रताप, मीराबाई, करमा बाई, पाबूजी के विचारों, गीतों सहित अपनी समृद्ध विरासत व धरोहर के संरक्षण के लिए कार्ययोजना पर काम कर रही है। हमारी सरकार लगभग 12 करोड़ रुपए की लागत से मेड़ता में मीराबाई भक्ति सर्किट के निर्माण की प्रक्रिया कर रही है। इसमें सभी लोक देवी-देवताओं की भक्ति रचनाओं को आधुनिक तकनीकी विधाओं के माध्यम से प्रदर्शित करने की कार्ययोजना पर गंभीरता से विचार कर रही है और उसकी तकनीकी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि साहित्यकार हरीश बी. शर्मा ने कहा कि राजस्थानी की मान्यता के लिए जन आंदोलन खड़ा करना होगा। यह अच्छा है कि सरकार मान्यता के विषय पर सोच रही है, लेकिन जनचेतना के बगैर यह काम लंबित ही रहेगा। प्रयास संस्थान के अध्यक्ष और साहित्यकार दुलाराम सारण ने प्रयास संस्थान द्वारा आयोजित किए जाने वाले समारोह में अब तक सम्मानित होने वाले साहित्यकारों की जानकारी दी।

## ट्यूबवैल खराब, पेयजल संकट गहराया

**भुसावर भरतपुर** (निस)। थाना खेडली मोड परिसर में लगा ट्यूबवैल पिछले कई दिनों से खराब हो जाने या फिर पानी काफी नीचे उतर जाने से पेयजल समस्या बनी हुई है। ट्यूबवैल खराब होने का अंदेशा लगते ही नई केबिल, मोटर और रस्से डाल दिये गये लेकिन पानी नही आया तो पता चला कि जलस्तर काफी नीचे चले जाने से पानी की समस्या पैदा हो गयी है। थाना पर पानी की व्यवस्था नही होने के कारण प्रतिदिन टैंकर मंगाकर पानी की व्यवस्था करनी पड रही है। पुलिसकर्मी इधर उधर जाकर अपनी दैनिक दिनचर्या को पूरा कर रहे हैं। थानाधिकारी राजेश कसाना से जब इस बारे में पूछा तो उन्होने बताया कि थाना पर हो रही पेयजल समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों सहित जलदाय विभाग को अवगत करवाया गया है और समस्या निवारण को लेकर अपील की गई है।

## सरकारी अधिकारियों की फर्जी मुहरें भेजने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर,** । शहर के सविना थाना पुलिस ने फ्लिप कार्ड से सरकारी अफसरों की सीले भेजने वाले को गिरफ्तार किया है। प्रकरण के अनुसार 26 दिसंबर 24 को राष्ट्रदूत नहीं एक समाचार पत्र में "अमेजन फ्लिपकार्ट" कलेक्टर, एसपी, जज सहित विभिन्न सरकारी अधिकारियों की फर्जी मुहरे मंगवाने के शीर्षक की खबर प्रकाशित हुई थी। मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल द्वारा प्रसंज्ञान लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी अजय सिंह राव के नेतृत्व में गङ्गित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर एक वर्ष से फरार आरोपी शोभित पुत्र देशदीप निवासी दुधनाथ मंदिर के पास चौधरी टोल पुराना सीतापुर कोतवाली सीतापुर युपी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से ऑनलाईन फ्लिपकार्ट से भेजी गई।

# राजस्थानी के पांच साहित्यकारों का सम्म

**पदाधिकारियों ने कहा कि अजमेर की पार्किंग की समस्या को देखने**

■ श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ ने कलेक्टर से की मौका निरीक्षण की मांग

**अजमेर** । खाईलैण्ड बाजार की पार्किंग में मसाला चौक बनाए जाने को लेकर श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ सहित अन्य व्यापारिक संगठनों ने जिला कलेक्टर और निगम आयुक्त से मांग की है कि उक्त स्थान का व्यक्तिगत निरीक्षण किया जाए।

श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियों महेंद्र बंसल व महासचिव के नेतृत्व में रविवार को बैठक आयोजित हुई, जिसमें खाईलैंड मार्केट विकास समिति के ओम प्रकाश टांक, सजीव खंडेलवाल, भैंसा कॉम्प्लेक्स के किशन पारीक, प्रदीप अठावाल, लोढा मार्केट के राजेन्द्र मूरजानी, पृथ्वीराज मार्ग के किशन चन्द हरवानी, श्रीचन्द रामानी, गोविन्दराम साजनानी, विकास जेठानी सहित अन्य व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों ने कलेक्टर लोक बंधु और नगर निगम आयुक्त देसलदान चारण से नगर निगम द्वारा खाईलैण्ड की पार्किंग में मसाला चौक बनवाने से पूर्व व्यक्तिगत रूप से भौतिक निरीक्षण और पृथ्वीराज मार्ग के यातायात का मुआयने करने की अपील की है।

पदाधिकारियों ने कहा कि अजमेर की पार्किंग की समस्या को देखने, मसाला चौक बनाने वाले स्थान के मार्ग की चौडाई का निरीक्षण करने, मसाला चौक में दुकानें बनने के पश्चात आने जाने वाले ग्राहकों के वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था सहित दुकानदारों के वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था को दृष्टिगत रखते।

थाईलैंड मार्केट की पार्किंग के आस-पास के बाजारों राजीव गांधी बाजार, कोतवाली बाजार, पृथ्वीराज बाजार, भैंसा काम्प्लेक्स बाजार, मित्तल मॉल, लोढ्ढा मार्केट सहित अन्य संबंधितों के पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श के बाद ही कोई निर्णय लिया जाए।

## टीचर को पीटा, घायल

**भीलवाड़।** मैथ्स टीचर को बेसबोल के डंडे से पीट कर घायल किया। टीचर के साथ मारपीट की यह घटना उनके स्कूल से लौटते वक्त हुई। पीड़ित गोपाल अग्रवाल ने बताया कि वह दांथल स्कूल के अंदर मैथ्स पढ़ाते हैं।

रोजाना तय समय पर एक ही रास्ते से अपने घर की ओर लौटते हैं। इस दौरान स्कूल से निकले और पीछे से दो नकाबपोश युवक बाइक पर आए और बेसबॉल के डंडे से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले के चलते एक बारगी बाइक से गिर गए।

फिर दोनों हमलावरों ने बेस बोलकर डंडे से पीटा और फरार हो गए। गोपाल अग्रवाल ने बताया कि पीछे से आने वाले लोगों ने उनको बचाया बाद में उन्हें एमजी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित अग्रवाल ने थाने में शिकायत दी है कि अज्ञात हमलावर की की पहचान करके गिरफ्तार किया जाए और सख्त कार्रवाई की जाएं।

# जनता की लड़ाई हम मिलकर लड़ेंगे : भजनलाल जाटव

■ 14 दिसम्बर दिल्ली अभियान को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

■ क्षेत्र के सांसद व पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे भजनलाल जाटव रहे सांसद जाटव ने कहा कि भाजपा

**हलैना भरतपुर** । आंल इंडिया कांठोस कमेटी के आव्हान पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) प्रक्रिया में वोट चोरी रोकने तथा वोट चोर गद्दी छोड अभियान को लेकर दिल्ली में 14 को प्रस्तावित की तैयारीयो लेकर हलैना क्षेत्र के गांव झालाटाला व अमोली टोल प्लाजा निकट पूर्व कैबिनेट मंत्री भजनलाल जाटव कार्यालय पर कांठोस कार्यकर्ता बैठक हुई। जिसके मुख्य अतिथि करौली-धौलपुर क्षेत्र के सांसद व पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे भजनलाल जाटव रहे। सांसद जाटव ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकार दमनकारी नीति के खिलाफ हम सब को मिलकर लड़ना होगा। हमारे नेता राहुल गांधी हमेशा गरीबों की लडाई लडते है इसलिए 14 दिसंबर को अधिक से अधिक इंका कार्यकर्ता दिल्ली केलिए चले। साथ ही पूर्व कैबिनेट मंत्री भजनलालजाटव ने कांठोस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा पुन: अध्यक्ष बनने पर आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमें डरने की जरूरत नहीं है ।

कांग्रेस आमजन के साथ है।कांठोस पार्टी वैर विधानसभा प्रभारी भगवान सहाय शर्मा कहा कि विधानसभा से हमेशा धरना प्रदर्शन में बढ़चढ़ भाग लिया है। सभी कार्यकर्ताओ को 14 दिसंबर को दिल्ली कूच करना है। इस अवसर पर कृषि उपज मंडी वैर, भुसावर, हलैना के निवर्तमान चेयरमैन तोताराम प्रधान,वैर एवं भुसावर पंचायत समिति के रहे उप प्रधान भुसावर ब्लॉक कांठोस कमेटी के अध्यक्ष महेश मीना , कांठोस कमेटी शहर भुसावर के अध्यक्ष सतीश शर्मा, विनोद शर्मा प्रदेश प्रवक्ता ऋषि बदनपुरा,आशीष मालाहेडा, वैर के पार्षद मान सिंह सैनी, रामवीर मौलोनी, मुनीम धाकड, राकेश रॉकी सिंह पथैना ,सरपंच विक्रम जाटव, धारा मीणा, छैलसिंह गुर्जर, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राहुल गुर्जर प्रधान आदि मौजूद रहे।

# प्रतिबंधित कोडिन युक्त सिरप व अन्य दवाएं जब्त, दो गिरफ्तार

**उदयपुर,** । शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए प्रतिबंधित कोडिन युक्त सिरप व अन्य दवाए जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में एवं डीएसटी टीम प्रभारी एएसआई विक्रमसिंह के नेतृत्व में गङ्गित दल ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए दिनेश पुत्र वगतराम निवासी रावतपुरा बम्बोरा कुराबड़ से अवैध कोडिनयुक्त सिरप की 14 प्लास्टिक की शिशियां, एक मोबाईल , उदय पुत्र मावाराम निवासी नया कुआ सेमल सलूम्बर के कब्जे से 13 प्लास्टिक की शिशियां जब्त कर दोनों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

इसके अलावा डीएसटी एवं प्रतापनगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए प्रतिबंधित केप्सुल सहित अन्य दवाएं जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में प्रतापनगर थानधिकारी राजेन्द्रसिंह चारण के नेतृत्व में एवं डीएसटी टीम प्रभारी एएसआई विक्रमसिंह के नेतृत्व मे गङ्गित दल ने प्रतिबंधित दवा कारोबरियों के खिलाफ संयुक्त कार्यवाही करते हुए विरेन्द्र सिंह पुत्र सुमेरसिंह निवासी कुमारों का बास घाणेराव थाना देसूरी पाली हॉल लक्ष्मी नगर कॉलोनी मादड़ी प्रतापनगर, प्रहलाद सिंह पुत्र वदनसिंह निवासी करनाली थाना नाई हाल लक्ष्मीनगर कॉलोनी मादड़ी प्रतापनगर को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से प्रतिबंधित थर्माडोल के 4452 केप्सुल, प्रेगाएण्ड कीट 60 पत्ते, कोडीनयुक्त सिरप की 35 शिशियां जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

## प्रतिभा सम्मान समारोह 28 को

**भरतपुर** (निस)। गुर्जर समाज के बडे संगठन गुर्जर विचार मंच भरतपुर की मीटिंग होटल निहाल पैलेस निकट स्टेडियम पर सम्पन्न हुई। गुर्जर विचार मंच की मीटिंग में विभिन्न सामाजिक मुदफदों पर चर्चा के क्रम में ही गुर्जर समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने के बारे में चर्चा की गई और सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 28 दिसम्बर रविवार को "संभाग स्तरीय गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह" आयोजित किया जायेगा जिसमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं में छात्रों के लिए न्यूनतम 90 प्रतिशत अंक एवं छात्राओं के लिए न्यूनतम 85 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा और इसके अतिरिक्त नीट, आईआईटी, एमबीबीएस, नैट आदि में चयनित एवं खेलकूद में राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियों को सम्मानित किया जायेगा जिसके लिए प्रमाणित अंक तालिकाओं/प्रमाण पत्रों के 8.12.2025 से 20.12.2025 तक प्रस्तुत करना होगा, इसके लिए ई-मेल एडेस सहित भरतपुर शहर में छ: केन्द्र चिंहित किए गए हैं जहां प्रविष्टियां जमा कराई जा सकती है। इसके अलावा यह भी उल्लेखनीय है कि गत वर्ष शैक्षिणक सत्र 2024-25 के विद्यार्थियों का कार्यक्रम नहीं किया।

# सड़क पर पानी व कीचड़, लोगों ने प्रदर्शन किया

**यू आई टी की ओर से ने पट्टा दिया गया है उसके बावजूद भी सुविधा नहीं है। यहां तक कि शहर में सारी सड़कों की हालत भी खराब है**

■ विधायक अशोक कोठारी की टीम के सत्यनारायण के साथ अन्य लोग मिलकर कीचड में बैठ गए और यहां प्रदर्शन किया



भीलवाड़ के हलेड रोड पर रिद्धि सिद्धि कॉलोनी के पास आधारभूत सुविधाओ की मांग को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया ।

**भीलवाड़।** कीचड़ में बैठकर आधारभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया । यह मामला हलेड रोड पर रिद्धि सिद्धि कॉलोनी के पास का है। यहां पर हर समय पानी और कीचड़ बना रहता है इसके चलते आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर रविवार को विधायक अशोक कोठारी की टीम के सत्यनारायण के साथ अन्य लोग मिलकर कीचड में बैठ गए और यहां प्रदर्शन किया । उन्होंने मांग की ये कॉलोनी भी यूआईटी का सेक्टर में ही है इसलिए उनकी सुविधाओं पर ध्यान दिया जाएं क्योंकि यू आई टी की ओर से ने पट्टा दिया गया है उसके बावजूद भी सुविधा नहीं है। यहाँ तक कि शहर में सारी सड़कों की हालत भी खराब है। यूआईटी की ओर से बजट खराब किया जा रहा है।

## पथैना सीएचसी में डॉक्टर नदारद

**भुसावर भरतपुर** (निस)। भुसावर ब्लॉक के गांव पथैना में सीएचसी पर मरीज करते रहे इंतजार लेकिन डॉक्टर आए ही नहीं जब मरीजों ने डॉक्टर लक्ष्मीनारायण मीना जिनकी आज ओ पी डी थी को फ़ोन किया तो जवाब मिलता है जिसको सुनकर आप भी सोच में पड जाएँगे कि आज मेरा घरेलू काम है इस वजह से में हॉस्पिटल नहीं आ पाऊँगा। ओ पी डी का समय प्रत्येक रविवार को सुबह 9 से 11 बजे तक का होता है लेकिन बात करे पथैना सीएचसी कि जो कि विधानसभा का सबसे बड़ा गाँव माना जाता है वही अगर ऐसी व्यवस्था है तो और जगह कि तो बात करना ही बेकार है। छात्र नेता कौशल फौजदार पथैना ने बताया कि पहले तो हम अस्पताल खुलने का इंतजार करते रहे उसके बाद 9रू30 बजे अस्पताल खुला और ख़ुद मुझे वायरल है जिसके उपचार के लिए मैंने 9रू48 पर पर्ची कटाई और नर्सिंग स्टाफ से पूछा कि डॉक्टर साहब कब तक आयेंगे तो जवाब मिला कि कोई निश्चित नहीं है आप संपर्क करलो जब मैंने कॉल किया तो जवाब मिला कि आज मेरा घरेलू काम है ।मैं नहीं आ पाऊँगा आप कहीं और दिखा लो या फिर कल आना एक तरफ सरकार मरीजो के स्वास्थ्य की हितैषी बनती है।



मार्शल आर्ट्स को क्रिकेट के बराबर देखना चाहती हूं। ज्यादा लीग शुरू होने से भारतीय फाइटर्स को आगे आने का और बेहतर मौका मिलेगा।

- पूजा तोमर

भारतीय मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स फाइटर, मार्शल आर्ट्स को लेकर बोलते हुये।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ सोराना सिर्स्टिया



**रोमानिया** की महिला टेनिस खिलाड़ी सोराना सिर्स्टिया ने सोशल मीडिया मंच पर कहा है कि वह 2026 सीजन के बाद टेनिस से संन्यास लेगी। 35 साल की रोमानियाई खिलाड़ी ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि डब्ल्यूटीए टूर पर उनका 20वां सीजन का आखिरी साल होगा। सिर्स्टिया ने लिखा, मुझे टेनिस बहुत पसंद है। मुझे इसका अनुशासन, रूटीन, कड़ी मेहनत पसंद है। मुकाबला और एड्रेनालाईन मेरी आत्मा को एनर्जी देते हैं। लेकिन जिंदगी में हर चीज की तरह, इसका भी अंत होना है। उन्होंने कहा, मैंने कभी इतने लंबे समय तक खेलने की उम्मीद नहीं की थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत ने 1932 में पहला टेस्ट खेला और 1970 के दशक से एक मजबूत टीम के रूप में उभरा, कई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल की है।

## शांत कुमार को हरा वेंकटेश बने कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के नये अध्यक्ष

बेंगलुरु, 7 दिसंबर। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद को रविवार को हुए चुनावों के बाद कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) का नया अध्यक्ष चुना गया है। प्रसाद ने टीम गेम चेंजर्स की ओर से चुनाव लड़ते हुए ब्रजेश पटेल समर्थित केएन शांत कुमार को कड़ी टक्कर में मात दी। प्रसाद के पैनल के संतोष मेनन और सुजीत सोमासुंदर ने क्रमशः सचिव और उपाध्यक्ष के पद जीते। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और केएससीए के आजीवन सदस्य डीके शिवकुमार ने दिन में पहले स्टेडियम जाकर अपना वोट डाला था। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, ''हम आईपीएल मैचों को चिन्नास्वामी स्टेडियम से बाहर नहीं जाने देंगे। यह बेंगलुरु और कर्नाटक के गौरव का सवाल है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आईपीएल मैच यहीं हों।



उन्होंने कहा, ''मैं क्रिकेट का प्रशंसक हूं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और स्टेडियम की प्रतिष्ठा बनी रहे। हम एक वैकल्पिक नया क्रिकेट स्टेडियम भी बनाएंगे।''

चुनाव परिणाम से कर्नाटक क्रिकेट में एक नई प्रशासनिक दिशा आने की उम्मीद है, प्रसाद ने पहले की बातचीत में संकेत दिया था कि पारदर्शिता, जमीनी स्तर को मजबूत करना और प्रशासनिक सुधार उनके मुख्य फोकस क्षेत्र होंगे।

## जयपुर जिला क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन 11 को

जयपुर, 7 दिसम्बर। जयपुर जिला क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन 11 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। दौड़ राजस्थान विश्वविद्यालय खेल मैदान से प्रारंभ होगी। दौड़ पुरुष, महिला, 20 वर्षीय लड़के, 20 वर्षीय लड़कियां 18 वर्षीय लड़के एवं लड़कियां और 16 वर्षीय लड़कों एवं 16 वर्षीय लड़कियों से संपन्न होगी। इच्छुक प्रतियोगी इसकी जानकारी आयोजन सचिव सत्यनारायण भातरा, को मोबाइल नंबर 9414320730 पर दे देवे। दौड़ सुबह 6:30 प्रारंभ हो जाएगी।

### अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी

## राजस्थान के गौरव सैनी का शानदार शतक



जयपुर, 7 दिसम्बर। आज से ग्वालियर में शुरू हुए राजस्थान - ओडिसा अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी मैच के पहले दिन राजस्थान के गौरव सैनी के शानदार शतक की सहायता से राजस्थान ने अपनी पहली पारी में ओड़िसा के विरुद बड़ा स्कोर बनाया। राजस्थान पहली पारी 320 आल आउट। सलामी बल्लेबाज गौरव सैनी ने आतिशी शतकीय पारी खेली। टीम के लिए गौरव सैनी 130 रन ( 72 गेंद , 19 चोक्के, 7 छक्के ), शौभाग सिंह 46, अनुराग लखन 34, यश शर्मा 24, दर्शन पाचर 28 व अमरनाथ सिंघा 23 रनो का योगदान दिया। ओडिसा के गेंदबाज पार्थसारथी 94/5 , मृतुन्जय 47/2 विकेट। ओडिसा पहली पारी 41/3, पहले दिन का खेल समाप्त होने तक ओडिसा ने अपनी पहली पारी में 3 विकेट के नुकसान पर 41 रन बना लिए थे। राजस्थान के गेंदबाज प्रतीक चौधरी 9/2 , रोहन 7/1 विकेट प्राप्त किये।

## मेहर-शैलेंद्र ने जीता पुरुष युगल खिताब, अंडर-12 में अन्वेशा व तेजस चैंपियन

लखनऊ 7 दिसंबर। मेहर व शैलेंद्र ने द्वितीय डा.केएल गर्ग स्कालरशिप टेनिस टूर्नामेंट में कोर्ट पर बेहतरीन जुगलबंदी की बदौलत पुरुष युगल खिताब अपने नाम कर लिया। दूसरी ओर अंडर-12 में अन्वेशा व तेजस, अंडर-14 बालक में कृष्णा सिंह व अंडर-10 बालक में सार्थक शुक्ला चैंपियन बने। पुरुष एकल सेमीफाइनल में जीत से अनुरुद्ध व अनुज ने खिताबी भिड़ंत तय की। एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में आयोजित टूर्नामेंट के दूसरे दिन पुरुष युगल फाइनल में शैलेंद्र व मेहर ने अनुज व अनुरुद्ध को 7-5 से हराया। एक अन्य फाइनल मुकाबलों में बालिका अंडर-12 में अन्वेशा ने सिया को 8-6 (4-3) से हराया जबकि बालक अंडर-12 में तेजस ने अभय पाल को 4-0 से हराया। बालक अंडर-14 में कृष्णा सिंह ने अर्णव श्रीवास्तव को 6-3 से, बालक अंडर-10 में सार्थक शुक्ला ने अधिराज सिंह को 4-0 से हराकर विजेता ट्रॉफी जीती। पुरुष एकल सेमीफाइनल में अनुरुद्ध ने यश को 7-5 से और अनुज ने राहुल को 7-4 से हराया। बालक अंडर-18 सेमीफाइनल में अनुरुद्ध कुमार ने अथर्व गोयल को 7-1 से व अनुज कुमार ने रोहिन राज को 7-2 से पराजित किया।

## नामीबिया ने गैरी कर्स्टन को सलाहकार किया नियुक्त

विंडहोक, 7 दिसंबर। नामीबिया क्रिकेट ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ओपनर और मशहूर अंतरराष्ट्रीय कोच गैरी कर्स्टन को अपनी पुरुष क्रिकेट टीम का सलाहकार नियुक्त किया है। नामीबिया क्रिकेट ने यह नियुक्ति ऐसे समय की है जब टीम आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी तैयारियां कर रही है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, कर्स्टन ने 101 टेस्ट में 7,289 रन और 185 एकदिवसीय में 6,798 रन के साथ एक शानदार खेल करियर का आनंद लिया।

### रोहित और कोहली का अनुभव महत्वपूर्ण, लेकिन युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अविश्वसनीय

# जायसवाल वनडे शैली से तालमेल बैठा लेंगे तो उनके पास अपार संभावनाएं होंगी: गंभीर

विशाखापत्तनम, 7 दिसंबर। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने तीसरे एकदिवसीय में यशस्वी जायसवाल की शतकीय पारी के बाद कहा कि जिस समय उन्हें यह पता लग गया कि एकदिवसीय प्रारुप में किस शैली से बल्लेबाजी करनी है तब फिर उनके पास अनंत संभावनाएं होगी।

जायसवाल भारतीय टेस्ट दल का नियमित हिस्सा हैं लेकिन उन्होंने अब तक केवल चार एकदिवसीय मैच ही खेले हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीजी में उन्हें अवसर नियमित सलामी बल्लेबाज और कप्तान शुभमन गिल के चोटिल होने के कारण मिला।

दक्षिण अफ्रीका पर भारत की नौ विकेट से जीत के बाद गंभीर ने कहा, वनडे क्रिकेट में जरूरी चीज यह है कि आपको पता होना चाहिए कि आप किस शैली में क्रिकेट खेलना चाहते हैं। जब आप लाल गेंद क्रिकेट खेलकर एकदिवसीय क्रिकेट खेलने आते हैं तो आपको लगता है कि यहां आपको आक्रामक शैली में खेलना है लेकिन आपको वनडे क्रिकेट में आक्रामक बल्लेबाजी करने की जरूरत नहीं है। आप इसे 30 और 20 ओवर में भी विभाजित कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, अगर आप 30 ओवर एकदिवसीय क्रिकेट की तरह खेलते हैं तो



जो क्षमता जायसवाल के पास है वह तब तक शतक के पास होंगे। इसके बाद भी आपके पास 20 ओवर बचे होंगे और आप इस चरण में टी-20 क्रिकेट की तरह खेल सकते हैं। केवल शैली का अनुसरण जरूरी है। यह जायसवाल का चौथा मैच था। जिस समय उन्हें यह पता लग गया कि एकदिवसीय क्रिकेट में किस शैली से बल्लेबाजी करनी है तब फिर उनके पास अनंत संभावनाएं होंगी।

जायसवाल ने पूरी पारी में बल्लेबाजी की, पहले उन्होंने रोहित शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 155 रन जोड़े और फिर विराट कोहली के साथ 116 रनों की नाबाद पारी खेलते हुए अंत तक डटे रहे। इस सीरीज में इससे पहले ऋतुराज गायकवाड़ ने भी शतक जड़ा, जो कि स्वयं भी वनडे दल का नियमित हिस्सा नहीं हैं और उन्होंने ऐसे स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ा जिस स्थान पर वह अमूमन बल्लेबाजी नहीं करते हैं।

उन्होंने कहा, ऋतु ने अपने नियमित स्थान से दूसरे क्रम पर बल्लेबाजी की। हम सभी जानते हैं कि वह बेहरतीन बल्लेबाज़ हैं। जिस तरह वह इंडिया ए के लिए प्रदर्शन कर रहे थे उसे देखते हुए हम उन्हें इस सीरीज में अवसर देना चाहते थे और उन्होंने मौके को अच्छी तरह से भुनाया। हमने 40 पर दो विकेट गंवा दिए थे और उस स्थिति में बल्लेबाजी करने आने के बाद शतक लगाना वाकई प्रशंसनीय था।

उन्होंने कहा, देखिए, हमें जब भी अवसर मिलता है हम नए खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने की कोशिश करते हैं। क्योंकि हम आगामी विश्व कप के लिए 20-25 खिलाड़ियों का एक ग्रुप चाहते हैं। लेकिन जब आपके कप्तान और उपकप्तान (वनडे में अय्यर) वापस आ जाते हैं तो आपको उन्हीं से शुरुआत करनी होगी। लेकिन जिस तरह का उन्होंने (जायसवाल और गायकवाड़) प्रदर्शन किया है, जब संभव होगा हम उन्हें मौका जरूर देंगे। यह उन कारणों में से एक है कि हम क्यों हर्षित जैसे खिलाड़ियों को विकसीत करना चाहते हैं जो कि आठवें नंबर पर बल्लेबाज़ी कर टीम के लिए योगदान दे सके। आप इसी तरह टीम में संतुलन खोज सकते हैं क्योंकि दो वर्ष बाद हमें दक्षिण अफ्रीका में खेलना है जहां तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, और अगर वह एक गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में विकसीत होना जारी रखते हैं तो इससे हमें काफी मदद मिलेगी। जसप्रीत बुमराह वापस आएंगे और इस सीरीज में हमने हर्षित, अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा की ओर से जैसा प्रदर्शन देखा वो वाकई लाजवाब है। विशेषकर एकदिवसीय में इन तीनों को पास खेलने का अधिक अनुभव नहीं है लेकिन इसके बावजूद इन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। ऐसे में हमें अगर हर्षित जैसा विकल्प मिलता है जो नंबर आठ पर बल्लेबाजी कर सके तो ऐसी स्थिति में हमारे पास टीम का अच्छा संतुलन होगा। देखते हैं, आगे क्या होता है। अभी बहुत समय है।

उन्होंने कहा, कभी-कभी आपको टीम का संतुलन भी देखना होता है और वॉशिंगटन सुंदर ने चाहे किसी नंबर पर बल्लेबाजी की उनका प्रदर्शन शानदार रहा। वह हमेशा टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। हमने उन्हें मैनचेस्टर में नंबर पांच पर बल्लेबाज़ी के लिए कहा और उन्होंने शतक लगाया। फिर अगले टेस्ट में उन्हें नंबर आठ पर बल्लेबाज़ी के लिए कहा और उन्होंने अर्धशतक लगाया। ईडन गार्डेन्स में उन्होंने नंबर तीन पर बल्लेबाजी की और गुवाहाटी में एक बार फिर उन्होंने नंबर आठ पर बल्लेबाजी की। तो मुझे लगता है कि हमें ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत है जो टीम के लिए हमेशा अपना सबकुछ देने के लिए तैयार रहते हों

## किसी तरह का दबाव महसूस नहीं कर रहा हूं: विराट कोहली



विशाखापत्तनम, 7 दिसंबर। भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 45 गेंद में नाबाद 65 रन की पारी खेलने के बाद कहा कि वह बिना किसी दबाव के खेल रहे हैं। कोहली तीन मैचों की इस श्रृंखला में 302 रन के साथ सर्वोच्च स्कोरर रहे। पहले दो वनडे में शतक जड़ने के बाद तीसरे मैच में भी अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित करने के बाद उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। भारत ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला को 2-1 से जीता। कोहली ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो इस श्रृंखला में मैं जिस तरह से खेला, वह मेरे लिए सबसे संतोषजनक बात है। मैं वास्तव में किसी तरह का दबाव महसूस नहीं कर रहा हूं। मैंने पिछले दो-तीन साल से इस तरह नहीं खेला है।''

उन्होंने कहा, '' मुझे पता है कि जब मैं इस तरह से बल्लेबाजी करता हूं तो यह टीम की बहुत मदद करता है। इससे मुझे आत्मविश्वास मिलता है कि मैं किसी भी स्थिति को संभालकर मैच का रूख टीम की ओर मोड़ सकता हूं।'' कोहली ने माना कि एक बल्लेबाज के रूप में अनुभव चाहे कितना भी हो लेकिन ऐसे हालात आते हैं जब मन में संदेह होनेलगता है।

उन्होंने कहा, '' जब आप इतने लंबे समय तक खेलते हैं (15-16 साल) तो आप कई बार खुद पर संदेह करने लगते हैं। खासकर एक बल्लेबाज के रूप में जब एक गलती आपको आउट करा सकती है। यह एक खिलाड़ी के रूप में बेहतर होने की पूरी यात्रा है। यह आपको एक व्यक्ति के रूप में सुधारता है और यह स्वभाव को भी सुधारता है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे खुशी है कि मैं अब भी टीम के लिए योगदान दे पा रहा हूं। जब मैं इस तरह से खुलकर खेलता हूं तो मुझे पता है कि मैं छक्के मार सकता हूं। ऐसी परिस्थिति में आप हमेशा आत्मविश्वास से भरे रहते हैं। '' कोहली ने कहा कि तीन पारियों में से रांची में बनाया गया शतक उनके लिए सबसे खास रहा।

उन्होंने कहा, ''रांची में पहला (शतक) खास रहा क्योंकि मैंने ऑस्ट्रेलिया के बाद कोई मैच नहीं खेला था। रांची मेरे लिए बहुत खास है और मैं बहुत आभारी हूं कि ये तीनों मैच ऐसे रहे।'' भारतीय कप्तान लोकेश राहुल ने कहा कि पहले दो मैचों में ओस के कारण गीली आउटफील्ड में गेंदबाजी करने के बाद गेंदबाजोंको ब्रेक देना महत्वपूर्ण था।

## माइकल नीसर के पंजे से ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल की

ब्रिस्बेन, 7 दिसंबर। माइकल नीसर (पांच विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट के चौथे दिन रविवार को इंग्लैंड को दूसरी पारी में 241 के स्कोर पर समेटने के बाद जीत के लिए मिले 65 रनों के लक्ष्य को 10 ओवर में हासिल कर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम करने के साथ पांच मैचों की इस टेस्ट सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। मिचेल स्टार्क को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया।

जेक वेदरॉल्ड और ट्रेविस हेड की जोड़ी ने 65 रनों के लक्ष्य के लिए ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत की और टीम जीत की ओर बढ़ रही थी कि इसी दौरान छठें ओवर में गस ऐटकिंसन ने ट्रेविस हेड को बोल्डकर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। ट्रेविस हेड ने 22 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 22 रनों की पारी खेली। आठवें ओवर में गस ऐटकिंसन मार्नस लाबुशेन (तीन)



को आउटकर अपना दूसरा शिकार किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान स्टीव स्मिथ ने जेक वेदरॉल्ड के साथ संभलकर खेलते अपनी टीम को 10 ओवर में दो विकेट पर 69 रन बनाकर आठ विकेट से जीत दिला दी। स्मिथ ने ऐटकिंसन की गेंद पर छक्का उड़ाते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। स्मिथ ने नौ गेंदों में नाबाद 23 रन बनाये। वहीं जेक वेदरॉल्ड ने 23 गेंदों में नाबाद 17 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड के लिए गस ऐटकिंसन ने दो विकेट झटके। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड ने कल के छह विकेट पर 134 रन से आगे खेलना शुरु किया। इंग्लैंड का सातवां विकेट विल जौक्स के रूप में 224 के स्कोर पर गिरा। विल जौक्स ने 92 गेंदों में दो चौकों की मदद से 41 रन बनाये। उन्हें माइकल नीसर ने आउट किया। इसके बाद नीसर ने कप्तान बेन स्टोक्स का भी शिकार कर लिया। बेन स्टोक्स ने 152 गेंदों में चार चौकों की मदद से 50 रनों की पारी खेली। गस ऐटकिंसन (तीन) रन बनाकर आउट हुये। नीसर ने 76वें ओवर में ब्राइडन कार्स (सात) को आउट कर इंग्लैंड की दूसरी पारी को 241 के स्कोर पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में जीत के लिए 65 रनों का लक्ष्य मिला।

ऑस्ट्रेलिया के लिए माइकल नीसर ने पांच विकेट लिये। मिचेल स्टार्क और स्टॉक बोलैंड को दो-दो विकेट मिले। ब्रेंडन डॉगेट ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 334 रन बनाये थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 511 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर 177 रनों की बढ़त हासिल की।

## मणिपुर ने 12वीं बार जीता डॉ. तालिमेरेन एओ जूनियर गर्ल्स एनएफसी का खिताब

अनंतपुर (आंध्र प्रदेश), 7 दिसंबर। मणिपुर ने रविवार को बंगाल को 9-0 से हराकर अपना 12वां डॉ. तालिमेरेन एओ जूनियर गर्ल्स' नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप टियर 1 का खिताब जीत लिया। इस जीत के साथ ही मणिपुर ने खिताबों की शानदार हैट्रिक भी पूरी की।

आज यहां अनंतपुर के आरडीटी स्टेडियम में खेले गये खिताबी मुकाबले में मणिपुर के लिए, चिंगखामयुम रेडिमा देवी (आठवें, 41वें, 65वें) मिनट और लोंगजाम नीरा चानू ने (29वें, 55वें, 59वें) मिनट में गोलकर हैट्रिक लगाई, जबकि याइफबी थोकचोम ने (68वें, 76वें) मिनट में दो गोल किए। मोंगजाम पुष्पाराणी देवी ने (75वें) मिनट में एक गोल किया।

चैंपियनशिप के फाइनल में मणिपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हाफ टाइम तक मणिपुर 3-0 से बढत बनाई और उसके बाद दूसरे हॉफ छह गोल दागे।

## हम दबाव का सामना नहीं कर पाए : बेन स्टोक्स

ब्रिसबेन 7 दिसंबर। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली आठ विकेट से करारी हार पर कहा कि हम दबाव का सामना नहीं कर पाये। उन्होंने कहा कि हम कमजोर नहीं है और वापसी के लिए जरूरत पड़ने पर जोश दिखाना होगा।

मैच के बाद स्टोक्स ने कहा कि हम मैच में दबाव का सामना नहीं कर पाये। उन्होंने कहा इंग्लैंड को सीरीज में बने रहे के लिए और अधिक संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि उनकी टीम मुश्किल हालात से वापसी कर सकती और अब 3-2 का नतीजा ही एशेज वापस जीतने का एकमात्र रास्ता है।

उन्होंने कहा कि कैच छोड़ना टीम की मुख्य खामी रही जिसने लाइट्स में पिंक बॉल से उनकी वापसी के प्रयास को कमजोर कर दिया। 290 पर 3 विकेट होने के बाद, ऑस्ट्रेलिया 329 पर 6 विकेट पर आ गया - जो अभी भी इंग्लैंड की पहली पारी के 334 रन से पीछे था - लेकिन कई मौकों का फायदा उठाकर तीसरे दिन आखिरकार अपना स्कोर 500 से अधिक कर लिया। उन्होंने कहा, ''बहुत निराशाजनक। इसके कई कारण है कि जब गेम दांव पर होता है, तो हम इस गेम, इस प्रारूप के दबाव का सामना नहीं कर पाते। छोटे-छोटे हिस्सों में, हम गेम को कुछ हद तक नियंत्रण में लाने में कामयाब रहे हैं और फिर हमने इसे हाथ से जाने दिया। हमने इस



हफ्ते यहां फिर से ऐसा किया है, और यह बहुत, बहुत निराशाजनक है, खासकर इसलिए क्योंकि हमारे ड्रेसिंग रूम में जो खिलाड़ी हैं, उनमें बहुत काबिलियत है। हमें उन पलों के बारे में थोड़ा और गहराई से सोचने की जरूरत है और हम उन पलों में मानसिक रूप से क्या सोच रहे हैं, और कुल मिलाकर जब जरूरत हो तो थोड़ा और जोश दिखाना होगा।''

उन्होंने कहा, ''हम वहां बैठकर देखते हैं कि हमारे सामने क्या हो रहा है, ऑस्ट्रेलिया गेंदबाजी के लिए किस तरह की योजना बना रहा हैं, और फिर यह हम खिलाड़ियों पर निर्भर करता है कि हम एक प्लान के साथ मैदान पर जाएं और उस खतरे को कैसे खत्म करें। मुझे तो अभी यही लग रहा है कि यह एक लगातार चलने वाली बात है, कि जब गेम दबाव वाले पल में होता है, तो ऑस्ट्रेलिया उन पलों में हमसे बेहतर प्रदर्शन करता है।

वे कहते हैं कि ऑस्ट्रेलिया कमजोर लोगों की जगह नहीं है। हम निश्चित रूप से कमजोर नहीं हैं, लेकिन हमें कुछ ढूंढना होगा, क्योंकि हम अभी दो-शून्य से पीछे हैं, हमारे पास अभी तीन और गेम बाकी हैं, और हमें इसे ठीक करना होगा।''

## प्रथमेश फुगे ने कंपाउंड तीरंदाजी में जीते दो स्वर्ण पदक

जयपुर, 7 दिसंबर। सावित्री ज्योतिबाई फुले यूनिवर्सिटी ऑफ पुणे का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रथमेश फुगे ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कंपाउंड तीरंदाजी में दो स्वर्ण पदक जीते।

आर्थिक चुनौतियों को पार करते हुए 22 वर्षीय तीरंदाज प्रथमेश ने व्यक्तिगत फाइनल में मिहिर नितीन को परफेक्ट 10 स्कोर करते हुए हराया और महक पाठन के साथ मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धा में भी स्वर्ण जीता। दोहरे स्वर्ण पदक जीतने के बाद प्रथमेश ने साई मीडिया से कहा, मैं जीतने के बारे में नहीं सोचता, मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ देने और बाकी ऊपर छोड़ने में विश्वास करता हूँ। हर 10-पॉइंटर शॉट के लिए मैं सिर्फ अपने मसल मेमोरी पर निर्भर करता हूं, न प्रतिद्वंद्वी की परवाह करता हूं और न हवा की। उन्होंने कहा, मैं हर दिन और कठिन अभ्यास करता था।

### मेसी ने जीता एमएलएस कप 2025

# इंटर मियामी को चैंपियन बनाने में निभाई निर्णायक भूमिका

नई दिल्ली 7 दिसंबर। मेसी ने एमएलएस कप फाइनल में निर्णायक जीत के तुरंत कहा कि यह जीत तीन वर्षों की लगै मेहनत का नतीजा है। बता दें कि मेसी के एमएलएस कप में आने के फैसले को लेकर शुरुआत में कई सवाल उठे थे, लेकिन मौजूदा प्रदर्शन ने उन सभी आशंकाओं को शांत कर दिया है। जानकारी के अनुसार, मेसी ने कहा कि पिछले सीज़न में टीम शुरुआती दौर में ही बाहर हो गई थी, जबकि इस बार चैंपियन बनकर उन्होंने अपने लक्ष्य को पूरा किया है।

फाइनल में मेसी ने न सिर्फ खेल को नियंत्रित किया बल्कि तीनों गोलों में अहम भूमिका निभाई। दो असिस्ट और लगातार दबाव बनाने की उनकी क्षमता ही इंटर मियामी को शानदार अंतर से आगे ले गई। गौरतलब है कि यह मेसी के करियर का 48वां बड़ा खिताब है, जिसने उन्हें क्लब और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे सफल खिलाड़ियों की लाइन



में और मजबूत कर दिया है।

इंटर मियामी के कोच जावियर माशेरानो ने भी मैच के बाद मेसी के योगदान को लेकर बड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ मुकाबलों में मेसी ने चोटों और थकान के बावजूद जिस तरह की प्रतिबद्धता दिखाई, वह बताता है कि टीम के प्रति उनका समर्पण कितना गहरा है। मौजूद जानकारी के अनुसार, माशेरानो ने स्वीकार किया कि वैंकूवर की टीम ने दबाव बनाया था और बराबरी के समय उनके पोस्ट से टकराए शॉट ने मैच का रुख बदलने से रोक लिया था।

मैच के बाद मेसी ने जोर्डी अल्बा और सर्जियो बस्केट्स के संन्यास को लेकर भी भावुक संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने अपने करियर में वह सब हासिल किया जिसकी किसी पेशेवर खिलाड़ी को कामना होती है और एमएलएस कप के साथ उनका विदा लेना बेहद ख़ास है। मेसी ने यह भी कहा कि अल्बा और बस्केट्स सिर्फ महान खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि उनके निजी मित्र भी हैं, जिनके साथ यह सफर समाप्त होते हुए भी गर्व और भावनाओं से भरा हुआ महसूस किया जा रहा है और यही पल इस जीत को और महत्वपूर्ण बना रहा है क्योंकि इस खिताब ने उनके लंबे सफर को पूर्णता दी है।

### द महाराजा ऑफ मैसूर कप (08 गोल्स)

## ऑप्टिमस अचीवर्स ने जयपुर को हराकर जीता कप



जयपुर, 7 दिसंबर। जयपुर पोलो सीजन 2025 के अंतर्गत रविवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर एचएच द महाराजा ऑफ मैसूर कप (08 गोल्स) का फाइनल मैच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में टीम ऑप्टिमस अचीवर्स ने टीम जयपुर को 6 - 5.5 के स्कोर से हराकर कप अपने नाम कर लिया। मैच के दौरान टीम जयपुर को आधे गोल का एडवांटेज मिला।

विजेता टीम ऑप्टिमस अचीवर्स की ओर से ध्रुवपाल गोदारा ने 3 गोल और शमशीर अली ने 2 गोल किए। आर्यमन सिंह ने 1 गोल किया। टीम में डेनियल ओटामेंडी भी शामिल रहे। वहीं, जयपुर से लांस वाटसन ने 3 गोल किए। एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह और डीनो धनखड़ ने 1-1 गोल किया। टीम की ओर से मिर्ज़ा मोहम्मद बेग भी खेले।

## एसएमएटी में मुम्बई के लिए खेलेंगे यशस्वी जायसवाल

मुम्बई 7 दिसंबर। विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरी एकदिवसीय मुकाबले में नाबाद शतक बनाने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) में अपनी घरेलु टीम मम्बई के लिए खेलेंगे।

यशस्वी जायसवाल ने राष्ट्रीय टी-20 चैंपियनशिप में घरेलू टीम के लिए खेलने की सहमति दे दी है। जायसवाल की उपलब्धता की पुष्टि मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने की है। अधिकारी ने रविवार को क्रिकबज को बताया, उन्होंने एसएमएटी अभियान के लिए स्वयं को उपलब्ध कराया है।

जायसवाल आखिरी बार एसएमटी में 2023-24 क्वार्टर-फाइनल में खेले थे और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के कारण पिछले एडिशन में हिस्सा नहीं ले पाए थे। 23 साल के इस खिलाड़ी ने टूर्नामेंट में 28 मैच खेले हैं, जिसमें 26 पारियों में 27 की औसत और 136.42 के स्ट्राइक रेट से 648 रन बनाए हैं। टूर्नामेंट में उनके नाम तीन हाफ-सेंचुरी हैं।

हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि रोहित शर्मा एसएमएटी में खेलेंगे या नहीं। हालांकि उनकी भागीदारी के बारे में खबरें आई हैं, लेकिन एमसीए के अधिकारी इसकी पुष्टि नहीं की। एमसीए के एक अधिकारी ने कहा, उन्होंने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। इससे पहले, टीम के सूत्रों ने संकेत दिया था कि रोहित टी-20 टूर्नामेंट में खेलेंगे, लेकिन रविवार सुबह तक भी कोई निश्चितता नहीं थी। जायसवाल की तरह, रोहित भी भारत की एकदिवसीय टीम का हिस्सा थे।

शार्दुल ठाकुर की कप्तानी वाली डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई फिलहाल लखनऊ में खेल रही है। वे एलीट ग्रुप ए में छह मैचों में पांच जीत के साथ स्टैंडिंग में शीर्ष पर हैं और उनका एक लीग मैच ओडिशा के खिलाफ शेष है, जो 8 दिसंबर को खेला जाएगा।

चारों एलीट ग्रुप में से हर ग्रुप से दो टीमें सुपर लीग में आगे बढ़ेंगी, जिसके बाद सुपर लीग की शीर्ष दो टीमों के बीच फाइनल होगा। सुपर लीग के मैच पुणे के दो मैदानों पर 12, 14 और 16 दिसंबर को खेले जाएंगे, जिसके बाद 18 दिसंबर को खिताबी मुकाबला होगा।

## यूपी की पुरुष टीम ने फेडरेशन कप हैंडबाल में बिहार को हराया

लखनऊ, 7 दिसंबर। महिला टीम के बाद मेजबान उत्तर प्रदेश की पुरुष टीम ने 37वीं फेडरेशन कप हैंडबॉल (पुरुष व महिला) चैंपियनशिप में जीत दर्ज करते हुए दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। चैंपियनशिप के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश ने बिहार को रोमांचक मैच में 41-37 से हराया।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश की जीत में अविनाश ने सर्वाधिक 11 गोल दागने में सफलता हासिल की। उनका साथ देते हुए मनकेश ने 9, विक्रांत ने 8, प्रदीप व रजनीश ने 4-4 और यशवंत ने 3 गोल करते हुए टीम को मजबूती दी।

## मेघालय की तीन लड़कियां अंडर-17 महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के ट्रायल में होंगी शामिल

शिलांग, 7 दिसंबर। मेघालय की तीन महिला फुटबॉल खिलाड़ियों एलाडकी कसू, इबाशेम्बा खोंगसिट और इबादरीहुन नोंगसिएज को अंडर-17 महिला राष्ट्रीय टीम के लिए ट्रायल में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसका आयोजन बेंगलुरू में किया जाएगा। तीनों का चयन हाल ही में संपन्न हुए मेघालय महिला राज्य लीग में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया गया। एलाडकी और इबादरीहुन लैटकोर की ओर से खेलती थीं जबकि इबाशेम्बा मावलुम तिरसाद की ओर से खेलती थीं।

मेघालय फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमलेटसन डोहलिंग ने कहा कि यह उपलब्धि उनके समर्पण और हमारे राज्य में महिला फुटबॉल की बढ़ती शक्तिक का प्रदर्शन करती है।''

उन्होंने कहा कि युवा एथलीटों को आगे बढ़ते और बड़े मंचों पर अपनी जगह बनाते देखना बहुत उत्साहजनक है। उन्होंने तीनों को आत्मविश्वास, विनम्रता एवं सीखने की इच्छा के साथ परीक्षणों में शामिल होने की सलाह दी। डोहलिंग ने आगे कहा कि परिणाम चाहे जो भी हो, यह अवसर उनके लिए बहुत मत्वपूर्ण है और उन्हें शुभकामनाएं।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मंत्रीपरिषद् के सदस्यों एवं विधायकों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से आव्हान किया कि वे राज्य सरकार के विकास कार्यों की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएं।

# संगठन व सरकार के कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि जनता के साथ जुड़ें- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने मंत्रियों व विधायकों की बैठक में सरकार के दो साल के कार्यक्रमों की रुपरेखा बताई

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में नियमित प्रयास करें, आमजन व कार्यकर्ताओं से फीडवैक लें और निकाय व पंचायत चुनावों की तैयारी करें।**

जयपुर 7 दिसम्बर,। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर मंत्रीपरिषद् के सदस्यों एवं विधायकों के साथ बैठक की। बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित मंत्री परिषद् के सदस्य एवं भाजपा दल के विधायक मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि की जनता के प्रति जवाबदेही होती है। जन आकांक्षाओं को पूरा करना ही जनप्रतिनिधि की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के दो साल पूरे होने पर 15 दिन तक विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। संगठन एवं सरकार के कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों के लिए अपने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं जनता से जुड़ने का सुअवसर होते हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के दौरान सभी जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में प्रवास पर रहें और कार्यकर्ताओं एवं आमजन को साथ लेकर अपने विधानसभा क्षेत्र व राज्य सरकार के विकास कार्यों की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएं।

शर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र के आमजन एवं कार्यकर्ताओं से जुड़ाव रखना चाहिए। इसके लिए जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में अलग-अलग हिस्सों में नियमित प्रवास करें और आमजन व कार्यकर्ताओं से फीडबैक लें। संगठन में नए लोगों को जोड़ें और जिम्मेदारी भी दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इन दो साल के जनकल्याणकारी कार्यों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं तथा निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारी करें।

## छत्तीसगढ़ में ट्रेलर में कार घुसी, 5 युवकों की मौत

जशपुर, 07 दिसंबर। छत्तीसगढ के जशपुर जिले के थाना दुलदुला क्षेत्र के ग्राम लोरो से पतराटोली के मध्य नेशनल हाइवे-43 पर पंडरी पानी मोड़ के पास बीती रात हुए भीषण सड़क हादसे में कार और ट्रेलर की टक्कर में पांच युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। हादसा रात 06 और 07 दिसंबर की दरम्यानी रात हुआ। रविवार की दोपहर पुलिस ने बताया कि आई- 20 कार और ट्रेलर की आमने-सामने की टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे सभी पांच लोगों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया। हालांकि डॉक्टरों ने जांच उपरांत सभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सभी शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। दुलदुला थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना के बाद से ट्रेलर चालक फरार है, जिसकी तलाश जारी है। मामले में बीएनएस की धारा 281 और 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## 'जब तक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने हवाई किराए पर लगाम लगाने का कारण बताते हुए कहा कि इंडिगो में परिचालन की गड़बड़ी के चलते उड़ानें कम हो गई और कम सीटों की वजह से टिकटों की कीमतें अचानक बहुत बढ़ गईं।

# हाईकोर्ट लिपिक भर्ती में चयनित अभ्यार्थी गिरफ्तार

## स्पेन से मंगाए स्पाई कैमरा व ब्लूटूथ से लीक पेपर के उत्तर अभ्यर्थियों को पहुंचाये गए थे

- **इस प्रकरण में अब तक सरगना पौरव कालेर सहित कुल 21 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।**

जयपुर, 7 दिसंबर। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2022 में आयोजित कनिष्ठ न्यायिक सहायक, लिपिक ग्रेड-द्वितीय एवं सहायक लिपिक ग्रेड-द्वितीय की संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग कर चयनित हुए चार अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया है। यह परीक्षा 12 मार्च और 19 मार्च 2023 को संपन्न हुई थी।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि इस पूरे हाई-टेक नकल तंत्र का खुलासा तब हुआ जब एसओजी ने इसी अवधि में आयोजित हुई ईओ-आरओ परीक्षा में अनुचित साधनों के प्रयोग की सूचना पर जांच शुरू की। तकनीकी विश्लेषण और पूछताछ में यह स्थापित हुआ कि पेपर लीक का मुख्य सरगना पौरव कालेर और उसका साथी तुलसाराम कालेर लाखों रुपये लेकर अभ्यर्थियों को ब्लूटूथ डिवाइस के माध्यम से उत्तर उपलब्ध करवा रहे थे। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर पौरव कालेर को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका था।

एडीजी बंसल ने जानकारी दी कि इस गिरोह के नेटवर्क को तोड़ने के लिए डीआईजी एसओजी परिस देशमुख के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने गहनता से सभी प्रतियोगी परीक्षाओं का विश्लेषण किया और यह स्थापित किया कि हाईकोर्ट कनिष्ठ लिपिक परीक्षा में भी इसी गिरोह द्वारा नकल करवाई गई थी। इस आधार पर थाना एसओजी, जयपुर में प्रकरण दर्ज कर विस्तृत अनुसंधान किया गया।

बंसल ने बताया कि अभ्यर्थियों से लाखों रुपये का सौदा किया गया था। दिनेश से 3 लाख, मनोज से 4 लाख, रमेश से 5 लाख, और मनीष से 3 लाख रुपये लिए गए। नकल करवाने के लिए उसने स्पेन से 90 हजार की कीमत में इनोवा केम ड्रॉप बॉक्स स्पाई कैमरा मंगाया था। गिरोह के दो सदस्य अभ्यर्थी बनकर परीक्षा में बैठे और प्रश्न पत्र मिलते ही स्पाई कैमरे से उसकी स्क्रीनशॉट लेकर तुरंत सरगना पौरव कालेर को भेज दिया।

पौरव कालेर अपनी सॉल्वर एक्सपर्ट टीम के साथ पहले से तैयार था, जिसने तुरंत प्रश्न पत्र हल किया। इसके बाद पौरव कालेर ने विशेष डिवाइस की मदद से उन सभी अभ्यर्थियों से संपर्क किया। जिन्हें ब्लूटूथ डिवाइस दी गई थी, और उन्हें सही उत्तर पढ़ा दिए। इस बात की पुष्टि हुई कि 12 मार्च 2023 को जितेंद्र उर्फ अक्षय जाट और 19 मार्च 2023 को राजेश कुमार बिजारणियां द्वारा प्रश्न पत्र के स्क्रीनशॉट पौरव कालेर को भेजे गए थे। चयन के बाद इन अभ्यर्थियों ने तय की गई लाखों की राशि सरगना को दी थी।

इस प्रकरण में अब तक सरगना पौरव कालेर सहित कुल 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार किए गए चारों कनिष्ठ लिपिकों को न्यायालय द्वारा 10 दिसंबर 2025 तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

एसओजी द्वारा इनसे पूछताछ में अन्य लिप्त व्यक्तियों और वित्तीय लेन-देन के बारे में जांच जारी है। एडीजी विशाल बंसल ने दोहराया कि सार्वजनिक भर्ती परीक्षाओं की निष्पक्षता के साथ छेडछाड करने वालों के विरुद्ध एसओजी कठोरतम कार्रवाई जारी रखेगी। क्योंकि परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करना राज्य पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# छठे दिन इंडिगो की 650 उड़ानें रद्द हुईं, हैदराबाद सर्वाधिक प्रभावित

## इंडिगो ने 10 दिसम्बर तक उसकी उड़ानों का परिचालन स्थिर हो जाने की आशा जताई

- **नागर विमानन मंत्रालय ने रविवार को कहा कि इंडिगो के यात्रियों को अब तक 610 करोड़ रुपए का रिफंड किया जा चुका है तथा तीन हजार से अधिक बैग यात्रियों को सौंपे जा चुके हैं।**

नयी दिल्ली, 07 दिसंबर। इंडिगो का संकट छठे दिन भी जारी रहा और उसकी लगभग 650 उड़ानें रद्द कर दी गईं। कंपनी को 10 दिसंबर तक परिचालन स्थिर होने की उम्मीद है। इसी बीच, रविवार को नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि इंडिगो के यात्रियों को अब तक कुल 610 करोड़ रुपये का रिफंड किया जा चुका है। इसके अलावा, इंडिगो ने देशभर में यात्रियों को उनके 3000 से ज्यादा बैग भी सौंप दिए हैं।

फिलहाल 2,300 निर्धारित दैनिक सेवाओं में से 1,650 उड़ानें संचालित करने के दावों के बावजूद संकट बरकरार है।सबसे ज्यादा हैदराबाद हवाई अड्डा प्रभावित रहा, जहां से रविवार को 115 उड़ानें रद्द हुईं। इसके बाद मुंबई और दिल्ली में क्रमश: 112 और 109 उड़ानें रद्द हुईं। चेन्नई में 38 उड़ानें रद्द हुईं, जबकि अमृतसर में 11 उड़ानें रद्द कर दी गईं।

इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि हालिया परिचालन गड़बड़ियों के बाद एयरलाइन अपने पूरे नेटवर्क में और महत्वपूर्ण तथा लगातार सुधार कर रही है। इसका पहला कदम शनिवार को उठाया गया था। रविवार को पहले की तुलना में कम उड़ानें रद्द हुई । ये उड़ानें पहले रद्द की गईं हैं ताकि हम अपने ग्राहकों को समय पर सूचित कर सकें।

उन्होंने दावा किया कि उनकी टीमें परिचालन को स्थिर करने के लिए लगातार काम कर रही हैं और शनिवार की 1,500 उड़ानों की तुलना में रविवार को 1,650 उड़ानें संचालित की जा रही हैं। इंडिगो ने कहा कि उसका ऑन-टाइम प्रदर्शन लगभग 75 प्रतिशत हो गया है, जो एक दिन पहले दर्ज किए गए लगभग 30 प्रतिशत से अधिक है।

इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि लंबित दावों और सामान संबंधी मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है। इंडिगो ने हालांकि सेवाओं के सामान्य होने के लिए कोई समय-सीमा निर्दिष्ट नहीं की है।

एयरलाइन ने अब तक के घटनाक्रम पर असुविधा के लिए माफी मांगते हुए कहा है कि उसे ग्राहकों को हुई दिक्कतों पर खेद है और यह संकेत दिया कि उसका परिचालन 10 दिसंबर तक स्थिर हो जाएगा

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने अपने अब तक के सबसे बड़े परिचालन संकट के कारण हजारों फ्लाइट्स को कैंसिल कर दिया। नए नियमों के तहत पायलटों की ड्यूटी समय सीमा में बदलाव और इंडिगो के लीन-स्टाफिंग मॉडल ने मिलकर इस भयावह संकट को जन्म दिया। दरअसल, डीजीसीए ने फ्लाई ड्यूटी टाइम लिमिट नियमों में बदलाव किए। नए नियमों के तहत पायलटों को हर हफ्ते दिए जाने वाले 36 घंटे के ब्रेक को बढ़ाकर 48 घंटे कर दिया गया, रात में फ्लाइट की संख्या सीमित कर 2 कर दिया गया।

नए नियमों की वजह से प्रत्येक पायलट द्वारा ऑपरेट की जाने वाली फ्लाइट्स की संख्या में काफी कमी आ गई। इंडिगो ने अपने एयरबस 320 फ्लीट के लिए 2422 कैप्टन की जरूरत बताई थी, लेकिन उनके पास सिर्फ 2357 कैप्टन उपलब्ध थे और फर्स्ट ऑफिसर्स की संख्या भी कम थी, जिसकी वजह से इंडिगो को रोजाना सैकड़ों फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ीं।

## बहराइच में भेड़िया चार माह के बच्चे को उठा ले गया

बहराइच, 07 दिसंबर। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कैसरगंज थाना क्षेत्र में गोड़हिया नंबर 3 के मजरे मल्लाहनपुरवा में शनिवार देर रात एक भेड़िया घर में घुसकर चार माह के बच्चे को उठा ले गया। यह घटना रात करीब 12:30 बजे की है और इससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। सूत्रों के अनुसार, संतोष का चार माह का बेटा सुभाष अपनी मां किरन के साथ सो रहा था जब भेड़िया उसे उठा ले गया। जब मां की आंख खुली और बच्चे को न देख उसने शोर मचाया, तो आसपास के ग्रामीण बच्चे की तलाश में निकल पड़े। लेकिन, बच्चे का कोई पता नहीं चला। संतोष और किरन की शादी को दो साल हुए थे, और सुभाष उनका इकलौता बच्चा था। इस घटना से मां किरन का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि परिवार और ग्रामीण बच्चे की खोज में जुटे हुए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इलाके में भेड़ियों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीण चिंतित हैं कि इस स्थिति का समाधान कब होगा और कितने बच्चों को अपनी जान गंवानी पड़ेगी।

# शेख हसीना का निजी फैसला है भारत में रहने का- जयशंकर

## भारत सरकार ने बांग्लादेश की उन्हें प्रत्यर्पित करने की मांग पर कोई जवाब नहीं दिया है

- **विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत चाहता है कि बांग्लादेश में स्थिरता रहे और लोकतांत्रिक मान्यता रहे।**

नई दिल्ली, 7 दिसंबर। बांग्लादेश सरकार की तरफ से देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत से ढाका प्रत्यर्पित करने की मांग की जा रही है। इसे लेकर भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, भारत में रहना शेख हसीना का निजी फैसला है और इस फैसले की वजह बांग्लादेश के हालात हैं। शेख हसीना को बीते महीने ही बांग्लादेश में मानवता के खिलाफ अपराध के दोष में मौत की सजा सुनाई गई है। भारत सरकार ने अभी तक बांग्लादेश सरकार की मांग पर कोई जवाब नहीं दिया है।

हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप सम्मेलन के दौरान जब विदेश मंत्री से पूछा गया कि क्या शेख हसीना जब तक चाहें, तब तक भारत में रह सकती हैं? इसके जवाब में विदेश मंत्री ने कहा, यह एक अलग सवाल था, वे यहां कुछ खास परिस्थितियों के चलते आईं, लेकिन उन्हें ही ये तय करना होगा। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि भारत, बांग्लादेश का शुभचिंतक है। बांग्लादेश और भारत के रिश्तों पर भारतीय विदेश मंत्री ने कहा, बांग्लादेश के मौजूदा लीडरशिप ने पिछले चुनावों को लेकर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा कि अगर मुद्दा चुनाव था, तो सबसे पहले निष्पक्ष चुनाव कराए जाने चाहिए। विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत बांग्लादेश में स्थिरता और लोकतांत्रिक मान्यता चाहता है।

गौरतलब है कि शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में थोड़ी खटास आई है।रूसी राष्ट्रपति पुतिन के भारत दौरे से अमेरिका के साथ संबंधों पर असर के सवाल पर विदेश मंत्री ने कहा , हमने हमेशा साफ कहा है कि हमारे कई संबंध हैं और हमारे पास विकल्पों की आजादी है। अभी हमारे लिए अमेरिका के साथ व्यापार समझौता अहम है।

## नासिक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दल की ओर से राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। गहरी घाटी होने के कारण राहत कार्य में कठिनाई आ रही है।

## सुप्रीम कोर्ट में वांगचुक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आरोपों और अंदाजों के आधार पर हिरासत में रखा गया है। इसलिए इसकी कोई कानूनी वजह नहीं है। अंगमो ने कहा कि 24 सितंबर को लेह में हुई दुर्भाग्यपूर्ण हिंसा की घटनाओं को किसी भी तरह से वांगचुक के कामों या बयानों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। अंगमो ने कहा कि वांगचुक ने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल के ज़रिए हिंसा की निंदा की और साफ तौर पर कहा कि हिंसा से लद्दाख की तपस्या और पांच साल की शांतिपूर्ण कोशिश नाकाम हो जाएगी। वांगचुक ने हिंसा को लेकर कहा, यह उनकी ज़िंदगी का सबसे दुखद दिन था। वांगचुक को 26 सितंबर को सख्त राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लिया गया था। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठे शेड्यूल में शामिल करने की मांग को लेकर लेह में हुए हिंसक प्रदर्शन में चार लोग मारे गए और 90 लोग घायल हुए थे। हिंसा के दो दिनों के बाद सोनम वांगचुक को हिंसा भड़काने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।

## रुस ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

किए, जिसमें हाइपरसोनिक किंझल मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया गया। रूसी सशस्त्र बलों ने 140 इलाकों में एक यूक्रेनी सैन्य हवाई अड्डे, ईंधन डिपो और यूक्रेनी सैनिकों और भाड़े के सैनिकों के अस्थायी तैनाती स्टेशनों को निशाना बनाया।

# राजनाथ ने सीमा सड़क संगठन की 5 हजार करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन किया

## ये परियोजनाएं लद्दाख -जम्मू कश्मीर तथा राजस्थान सहित सात राज्यों में स्थित हैं

- **सीमा सड़क संगठन के इतिहास में इतनी परियोजनाओं का एक साथ उद्घाटन पहली बार हुआ है। इनमें 28 सड़कें तथा 93 पुल शामिल हैं।**

नई दिल्ली, 07 दिसंबर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पांच हजार करोड़ रूपये से अधिक लागत वाली 121 ढांचागत परियोजनाओं का रविवार को लद्दाख में उद्घाटन किया।

रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर बताया कि पहली बार एक साथ इतनी ज्यादा परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ है। इनमें से दो केंद्र शासित प्रदेशों - लद्दाख और जम्मू-कश्मीर - और बाकी सात राज्यों - अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मिजोरम में हैं। इनमें 28 सड़कें, 93 पुल और 04 अन्य परियोजनाएं हैं। सीमा सड़क संगठन के इतिहास में यह पहला मौका है जब इतनी परियोजनाओं का एक साथ उद्घाटन किया गया है। इन परियोजनाओं से दूरदराज के गांवों और अग्रिम सैन्य चौकियों में अंतिम छोर तक पहुंच बनाने में काफी मदद मिलेगी। इससे ये क्षेत्र राष्ट्रीय मुख्यधारा के करीब आएंगे। रक्षा मंत्री ने दौलत बेग ओल्डी रोड पर श्योक टनल पर आयोजित एक कार्यक्रम में ये उद्घाटन किए। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे कठिन और चुनौतीपूर्ण इलाकों में से एक में बनी ये परियोजनाएं रणनीतिक क्षेत्र को हर मौसम में विश्वसनीय संपर्क सुनिश्चित करेंगी।

उन्होंने कहा कि यह 920 मीटर लंबी कट एंड कवर टनल सुरक्षा, गतिशीलता और तेजी से तैनाती की क्षमताओं को काफी बढ़ाएगी। रक्षा मंत्री ने सशस्त्र बलों के कर्मियों की अद्वितीय बहादुरी, प्रतिबद्धता और बलिदान का सम्मान करने के लिए अरुणाचल प्रदेश में गलवान युद्ध स्मारक का भी वर्चुअली उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, "सीमावर्ती क्षेत्रों में मजबूत बुनियादी ढांचे के कई फायदे हैं। यह सैन्य गतिशीलता, रसद के सुचारू परिवहन, पर्यटन और रोजगार के अवसरों में वृद्धि और सबसे महत्वपूर्ण बात, विकास, लोकतंत्र और सरकार में मजबूत विश्वास सुनिश्चित करता है।" रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि जिस तेज़ी से भारत सड़कों, सुरंगों, स्मार्ट फेंसिंग, इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर और सर्विलांस सिस्टम से अपनी सीमाओं को मज़बूत कर रहा है, वह इस बात का सबूत है कि कनेक्टिविटी सुरक्षा की रीढ़ है, न कि कोई अलग चीज़।

## बालाघाट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

और मध्यप्रदेश सरकार की ओर से इनाम घोषित किया गया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक भी व्यक्ति को हथियार उठाने की अनुमति नहीं है। उन्होंने नक्सलियों से आव्हान किया कि वे सरकार की पुनर्वास नीति अपनाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों और जवानों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि एंटी नक्सल अभियान को लगातार सशक्त और सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रदेश में 15 नवीन अस्थायी कैंप और विशेष सहयोगी दस्ता के 882 पद स्वीकृत किए गए हैं। सतत निगरानी, सघन जांच और कार्रवाइयों से प्रदेश में नक्सली दायरा तेजी से घटा है। उन पर फोर्स का दबाव बड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि पुनर्वास के लिए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पिछले वर्ष 46 एकल सुविधा केंद्र खोले गए। इन केंद्रों के माध्यम से रोजगार, वन अधिकार पत्र और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहीद आशीष शर्मा की वीरता को नमन करते हुए कहा कि कर्तव्यपथ में उत्कृष्टता से कार्य करने वाले 328 हॉक फोर्स सहित पुलिस अधिकारियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया गया है। उन्होंने कहा कि जो कानून की राह अपनाते हैं, उनकी पुनर्वास की चिंता सरकार की है।

# फिल्म निर्माता विक्रम भट्ट 30 करोड़ की धोखाधड़ी में गिरफ्तार

## इंदिरा आईवीएफ के संस्थापक डॉ. अजय मुर्डिया ने 17 नवम्बर को भट्ट के खिलाफ मामला दर्ज कराया था

- **डॉ. मुर्डिया का आरोप है कि विक्रम भट्ट, उनकी पत्नी श्वेताम्बरी भट्ट, पुत्री कृष्णा ने उनसे दो फिल्म बनाने का कॉन्ट्रैक्ट किया तथा जिन वेंडर्स को पेमेंट कराया वे फर्जी निकले।**
- **राजस्थान पुलिस ने बांद्रा कोर्ट में विक्रम भट्ट को उदयपुर लाने के लिये ट्रांजिट रिमांड का प्रार्थना पत्र लगाया।**

उदयपुर, (का.स.), 7 दिसंबर। तीस करोड़ रुपए की धोखाधड़ी मामले में फिल्ममेकर विक्रम भट्ट को मुंबई और राजस्थान पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उन्हें मुंबई के यारी रोड स्थित गंगा भवन अपार्टमेंट से पकड़ा,जो उनकी साली का निवास बताया गया है। गिरफ्तारी के तुरंत बाद राजस्थान पुलिस ने विक्रम भट्ट को उदयपुर लाने के लिए बांद्रा कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड की अर्जी दाखिल कर दी है।

उदयपुर के प्रमुख उद्योगपति (डॉक्टर) और इंदिरा आईवीएफ ग्रुप के संस्थापक डॉ. अजय मुर्डिया ने 17 नवंबर को विक्रम भट्ट सहित 8 लोगों के खिलाफ 30 करोड रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था।शिकायत के मुताबिक एक इवेंट में उनकी मुलाकात दिनेश कटारिया से हुई जिसने उनकी पत्नी की बायोपिक फिल्म बनाने का प्रस्ताव रखा। मुर्डिया को 24 अप्रैल 2024 को मुंबई के वृंदावन स्टूडियो बुलाया गया जहां उनकी मुलाकात खुद विक्रम भट्ट से कराई गई। मुर्डिया का आरोप है कि बातचीत में उन्हें बताया गया कि विक्रम भट्ट उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट और बेटी कृष्णा फिल्म निर्माण से जुड़ी हैं। इसके बाद 'बायोपिक' और 'महाराणा' नाम की दो फिल्मों के लिए 40 करोड रुपए का कॉन्ट्रैक्ट किया गया। 31 मई 2024 को मुर्डिया ने 2.5 करोड रुपए आरटीजीएस किए जिसके बाद 7 करोड रुपए और मांगे गए। दावा किया गया कि 4 फिल्मों पर 47 करोड खर्च होंगे और 100-200 करोड तक का रिटर्न मिलेगा। मुर्डिया ने बताया कि विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी के निर्देश पर जिन वेंडर्स को पेमेंट की गई वे वास्तविक में फर्जी निकले, कोई पुताई का मजदूर तो कोई ऑटो चालक। भुगतान की गई रकम का बडा हिस्सा बाद में कथित तौर पर श्वेतांबरी भट्ट के खाते में ट्रांसफर किया गया।

ज्ञातव्य है कि उदयपुर पुलिस ने पिछले सप्ताह विक्रम भट्ट, उनकी पत्नी श्वेतांबरी और अन्य 6 आरोपियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया था। सभी को 8 दिसंबर तक पेश होने का आदेश भी दिया गया था। नोटिस के मुताबिक ये आरोपी विदेश नहीं जा सकते थे। मामला सामने आने पर विक्रम भट्ट ने दावा किया था कि उन्हें किसी भी प्रकार का नोटिस नहीं मिला है और उन्हें यह जानकारी सिर्फ मीडिया के माध्यम से मिली। उन्होंने कहा था मुझे लगता है राजस्थान पुलिस को गुमराह किया गया है। मेरे पास ईमेल और कॉन्ट्रैक्ट के रूप में सबूत मौजूद हैं। अगर मैं धोखा दे रहा था तो शिकायतकर्ता मेरे साथ तीसरी फिल्म क्यों शुरू करते, भट्ट ने यह भी आरोप लगाया कि फिल्म से जुड़े तकनीशियनों को पेमेंट न करने की वजह से फिल्म में देरी हुई और यह शिकायतकर्ता की गलती थी। जानकारी के अनुसार ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद राजस्थान पुलिस विक्रम भट्ट को उदयपुर लाकर आगे की पूछताछ करेगी।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908